✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 51 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की रस्सी खींचते सीएम सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने पटना के 150 सरकारी स्कूलों में की स्मार्ट क्लास योजना की शुरुआत

# सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगी आधुनिक और डिजिटल शिक्षा की सुविधा : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को राजधानी पटना के 150 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास योजना की शुरुआत की। इस पहल का शुभारंभ पटना के राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्री नगर से किया गया। सरकार का दावा है कि इस योजना के जरिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को भी निजी स्कूलों जैसी आधुनिक और डिजिटल शिक्षा की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्मार्ट क्लास का स्वयं निरीक्षण किया। वह छात्रों के बीच बैठकर कक्षा में चल रही पढ़ाई को ध्यान से देखते रहे और शिक्षकों से भी बातचीत की। इस दौरान विज्ञान विषय में कोशिका के कार्यों पर आधारित पाठ पढ़ाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने छात्रों से इस विषय से जुड़े सवाल पूछे और उनकी समझ का भी आकलन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नई तकनीक उपलब्ध कराना नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उसका लाभ प्रत्येक विद्यार्थी तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। नई स्मार्ट क्लास व्यवस्था के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। छात्रों के लिए लाइव और इंटरैक्टिव क्लास आयोजित होंगी जिनमें विषय विशेषज्ञ भी ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाएंगे। इसके अलावा डिजिटल स्टडी मैटेरियल, ई-नोट्स, रिकॉर्डेड लेक्चर और नियमित मॉक टेस्ट जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी और उनकी पढ़ाई अधिक प्रभावी तथा परिणाम आधारित बन सकेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों के लिए एक और महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि पटना के 10 मॉडल स्कूलों में जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है जो आर्थिक कारणों से महंगी कोचिंग नहीं कर पाते हैं। सरकार की योजना इस सुविधा का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाने की भी है। आने वाले समय में राज्य के 146 मॉडल स्कूलों तक मुफ्त जेईई और नीट कोचिंग की व्यवस्था पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## जगन्नाथ रथ यात्रा में भगदड़, दो श्रद्धालुओं की मौत, 150 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पुरी।** जगन्नाथ रथ यात्रा के पहले दिन गुरुवार को पुरी के ग्रैंड रोड (बड़ा डंडा) पर भक्तों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। खबर के मुताबिक भीड़ के कारण बेहोश होने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि 150 से ज्यादा घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बेहोश व्यक्ति को इलाज के लिए पुरी जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का सही कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि मरने वाले की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आगे की जांच चल रही है। भगदड़ के दौरान एक और शख्स की मौत की खबर है। हालांकि अधिकारियों ने भी तक उसकी पुष्टि नहीं की है। ओडिशा पुलिस ने कहा कि अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं की स्पेशल रेस्क्यू यूनिट ने आज सुबह से भारी भीड़ से 33 भक्तों को सुरक्षित बचाया है। बचाए गए भक्तों को तुरंत प्राथमिक उपचार और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया जिसके बाद उन्हें आगे की उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया। गुरुवार शाम तक रथ यात्रा के दौरान सेहत से जुड़ी अलग-अलग शिकायतों के चलते करीब 150 लोगों को पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। भगदड़ के बीच इमरजेंसी रेस्क्यू टीमों ने कई लोगों को स्ट्रेचर पर निकाला। सालाना रथ यात्रा के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर के सिंहद्वार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी। सुरक्षाकर्मियों और इमरजेंसी रेस्क्यू टीमों ने भीड़ से परेशान लोगों की मदद के लिए तुरंत दखल दिया और पवित्र रथों के आसपास लोगों की भारी भीड़ बढ़ने पर उन्हें मेडिकल मदद दी।

## संक्षिप्त समाचार

### चेतना झांब और श्रुति श्री भाजपा में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर उपचुनाव से पहले जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को एक और झटका लगा है। फिल्म निर्माता चेतना झांब और फतुहा की प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। दोनों नेताओं को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। चेतना झांब और श्रुति श्री के भाजपा में शामिल होने को बांकीपुर उपचुनाव से पहले जन सुराज के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद प्रमुख को राहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को फिलहाल राहत मिली है। गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट इस मामले में आरोप तय करने पर फैसला नहीं सुना सकी। अब अदालत 31 जुलाई को इस पर अगला आदेश देगी। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। ईडी ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार सीओ निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी सख्त नीति को आगे बढ़ाते हुए सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी के अंचल अधिकारी प्रभात कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा रिश्वत मांगने के आरोप में 14 जुलाई को उनकी गिरफ्तारी के बाद की गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है और विभाग में किसी भी स्तर पर अनियमितता, रिश्वतखोरी अथवा भ्रष्ट आचरण को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### जमीन विवाद में सरपंच की हत्या

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में उक सरपंच की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कुकढ़ा पंचायत के सरपंच सुभाष सिंह के रूप में हुई है। जमीन विवाद में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर उनको मौत के घाट उतार दिया गया। इस घटना के विरोध में लोगों ने सड़क को जाम कर दिया जिस वजह से मोहनिया स्टेट हाइवे पूरी तरह से बाधित है। दरअसल इटाढ़ी थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव के रहने वाले सरपंच सुभाष सिंह का अपने पट्टीदारों के साथ वर्षों से चल रहा था। इसी मामले में आज खेत की जुताई करने एक पक्ष पहुंचा था। विरोध में दूसरा पक्ष भी वहां पहुंच गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

## दिल्ली में नए सरकारी बंगले में आज गृह प्रवेश करेंगे नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार शुक्रवार को विशेष चार्टर्ड विमान से दिल्ली जाएंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह पटना से रवाना होंगे और उसी दिन गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के बाद विशेष चार्टर्ड विमान से वापस पटना लौट आएंगे। दिल्ली प्रवास के दौरान नीतीश कुमार अपने नए सरकारी आवास में गृह प्रवेश करेंगे। उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में राजधानी के प्रतिष्ठित वीआईपी क्षेत्र 9, सुनहरी बाग रोड स्थित सरकारी बंगला आवंटित किया गया है। यह आवास लुटियंस दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण सरकारी आवासीय क्षेत्रों में शामिल है और 'टाइप-8' श्रेणी का बंगला है, जिसे वरिष्ठ संवैधानिक पदाधिकारियों, केंद्रीय मंत्रियों और उच्च श्रेणी के जनप्रतिनिधियों को आवंटित किया जाता है।



गृह प्रवेश कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के अनुसार वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नए आवास में प्रवेश किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू और भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। दोनों दलों के राष्ट्रीय और केंद्रीय स्तर के नेताओं के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अंतिम अतिथि सूची को लेकर आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

## सरकारी अस्पतालों में रोस्टर ड्यूटी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी के दौरान लापरवाही और निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी के समय अनुपस्थित रहने या मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर भेजने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने गुरुवार को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरवल, भोजपुर, लखीसराय और सहरसा जिले के सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। बैठक में ड्यूटी रोस्टर, सर्जरी सेवाएं, भव्या पोर्टल पर स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि और रेफरल व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित जिलों के



सिविल सर्जनों और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सचिव ने सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में रोस्टर ड्यूटी का पालन पूरी सख्ती से कराया जाए। यदि कोई डॉक्टर बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से अनुपस्थित पाया जाता है तो इसकी तत्काल सूचना विभाग को दी जाए। ऐसे मामलों में निलंबन सहित विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सचिव ने कहा कि यदि जांच में किसी डॉक्टर की मरीजों को अनावश्यक रूप से निजी अस्पताल भेजने में भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी ड्यूटी के दौरान निजी प्रैक्टिस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कोई चिकित्सक ड्यूटी के समय निजी प्रैक्टिस करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई तय है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि विभाग केवल कार्रवाई ही नहीं करेगा बल्कि बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रोत्साहित और सम्मानित भी किया जाएगा। इससे सरकारी अस्पतालों में बेहतर कार्य संस्कृति विकसित होगी। जिलावार समीक्षा के दौरान भोजपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था की स्वास्थ्य सचिव ने सराहना की। उन्होंने कहा कि वहां सिविल सर्जन द्वारा ड्यूटी रोस्टर की नियमित निगरानी की जा रही है और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने अन्य जिलों को भी इस मॉडल को अपनाने का निर्देश दिया। बैठक में सभी जिलों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से अधिक से अधिक सर्जरी कराने और 24 घंटे इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

## बांकीपुर उपचुनाव में कुल 25 उम्मीदवार मैदान में

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी मैदान में कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आगामी 30 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। इसके बाद मतों की गिनती यानी चुनावी नतीजों का ऐलान 3 अगस्त को किया जाएगा। प्रशासन शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई जगहों पर विशेष चेकपोस्ट बनाए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि आने वाले कुछ ही दिनों में सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।

## कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को बड़े स्तर पर वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक कई अहम विभागों के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस फेरबदल में ग्रामीण कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, खेल, उच्च शिक्षा और कृषि विभाग शामिल हैं। 2004 बैच के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अभय कुमार सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव पद से हटाकर ग्रामीण कार्य विभाग का नया सचिव बनाया गया है। अगले आदेश तक वे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। वहीं 2005 बैच के आइएएस अधिकारी देवेश सेहरा का भी विभाग बदल दिया गया है। वे पहले ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यरत थे। अब उन्हें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही अगले आदेश तक वे सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। इसी प्रकार 2007 बैच के आइएएस अधिकारी दीपक आनंद को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव पद से हटाकर खेल विभाग का नया सचिव बनाया गया है। अब वे राज्य के खेल विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं 2010 बैच के आइएएस अधिकारी राजीव रौशन फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के सचिव हैं। उन्हें बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक शिक्षा विभाग और खेल विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसके अलावा वे वित्त विभाग में सचिव (संसाधन) की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। अधिसूचना के अनुसार 2010 बैच की आइएएस अधिकारी रचना पाटिल, जो अभी वित्त विभाग में सचिव (व्यय) के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें अगले आदेश तक कृषि विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सरकार ने धर्मेंद्र कुमार को शिक्षा विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया है। इस फैसले के साथ शिक्षा विभाग में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का नया बंटवारा किया गया है।

## राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने दिया इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद के मुख्य प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को वीडियो जारी कर उन्होंने कहा कि अब पार्टी में और अधिक अपमान नहीं सह सकता। मैंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को सौंप दिया है।

## टीबी उन्मूलन अभियान में लापरवाही पर सख्ती, दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के वेतन पर रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में टीबी उन्मूलन अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। 100 दिवसीय विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान की समीक्षा के दौरान लक्ष्य पूरा नहीं करने पर दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई जबकि बैठक से अनुपस्थित रहने वाले एक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने साफ कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में 100 दिवसीय विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अभियान की प्रगति का आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ प्रखंडों में स्क्रीनिंग का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुआ। इस पर गुरारू और अतरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया गया। वहीं डुमरिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को पूरी गंभीरता के साथ मिशन मोड में चलाया जाए।


## भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को बुद्ध मार्ग स्थित इस्कान (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ) मंदिर द्वारा आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान श्री जगन्नाथ जी की आरती करने के पश्चात् रथ यात्रा मार्ग में स्वयं झाड़ू लगाया और रथ की रस्सी खींचकर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा की शुरुआत की। इस्कान मंदिर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमन मनोहर दास ने मुख्यमंत्री को पुष्पमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री इसके पश्चात् गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी पहुंचकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद



द्वारा आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान श्री जगन्नाथ जी की आरती की, रथ यात्रा मार्ग में स्वयं झाड़ू लगाया तथा रथ की रस्सी खींचकर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणवीर नंदन ने मुख्यमंत्री को पुष्पमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, उच्च शिक्षा सह विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक संजीव चौरसिया, रत्नेश कुशवाहा, श्याम रजक, अन्य जनप्रतिनिधिगण, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणवीर नंदन, इस्कॉन मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य राधापति चरण दास, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य शायन कुणाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# 5,000 करोड़ के लक्ष्य की ओर बढ़ा खान विभाग, पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन

## चालू वित्तीय वर्ष में 5 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खान एवं भू-तत्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जून तक 505.26 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 23.35 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी खान निदेशक मनेश कुमार मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 की समान अवधि में विभाग ने 409.62 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया था। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीनों में विभाग ने पिछले वर्ष की तुलना में 95.64 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है जो विभाग की बेहतर राजस्व संग्रह क्षमता को दर्शाता है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5,000 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है जो वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा प्राप्त राजस्व से 25 प्रतिशत से अधिक है। मीणा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में जून 2026 तक अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई के तहत 23.28 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए हैं। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25.22 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में जून तक इसी प्रकार के मामलों में 18.59 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए थे। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में दी। बैठक में विभागीय सचिव-सह-खनन आयुक्त अवनीश कुमार सिंह के साथ राज्यभर के सभी सहायक निदेशक एवं खनिज विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। निदेशक ने बताया कि 10 जून 2026 से बिहार में अन्य राज्यों से लघु खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के लिए इंटर-स्टेट ट्रांजिट परमिट अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लागू होने के बाद से अब तक विभाग ने 26.91 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में केवल आईएसटीपी के माध्यम से ही राज्य को 200 से 250 करोड़ रुपये तक का राजस्व मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों में आईएसटीपी पहले से लागू था, लेकिन बिहार में इसे लागू नहीं किए जाने के कारण राज्य को राजस्व का नुकसान हो रहा था। अब तक 19,000 वाहनों का पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है तथा प्रतिदिन लगभग 4,000 वाहन झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से बिहार में प्रवेश कर रहे हैं। आईएसटीपी प्रणाली के तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले वाहनों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य राज्य में खनिजों के आयात, परिवहन और उपयोग से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा राजस्व-केंद्रित बनाना है।

# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान जगन्नाथ की भव्य एवं दिव्य रथयात्रा के शुभारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से समाज में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का वातावरण निरंतर बना रहे। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं,



बल्कि समाज को एकता, समानता और सद्भाव का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ की यह रथयात्रा 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी प्रसिद्ध है। यह यात्रा भक्ति, समानता और लोककल्याण की भावना को सुदृढ़ करती है। इसके साथ ही यह धर्म के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने तथा आत्मा के परमात्मा की ओर अग्रसर होने का प्रतीक मानी जाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों से रथयात्रा के अवसर पर आपसी सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान करते हुए सभी के लिए सुखमय, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की।

# दो माह पर बदले जाएंगे चेकपोस्ट प्रभारी : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव नवीन कुमार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक दो माह पर चेकपोस्ट पर तैनात प्रभारी बदले जाएंगे। वह बुधवार को कुम्हरार स्थित मुख्य उत्पाद रसायन परीक्षक कार्यालय, चेकपोस्ट, ड्रोन तथा डिजिटल लॉक कन्ट्रॉल एवं कमाण्ड सेन्टर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां राज्य की पांच समेकित एवं अन्य जांच चौकी के प्रभारी को निर्देशित किया कि वे ड्यूटी के दौरान यूनिफार्म में रहें। जांच चौकियों पर रजिस्टरों को सुरक्षित रखें। इसके अतिरिक्त चेकपोस्ट से गुजरने वाली सभी गाड़ियों को विभाग से दिए गए संसाधनों के माध्यम से विधिवत जांच करें। चेकपोस्टों की निगरानी के लिए चेकपोस्ट कन्ट्रॉल एवं कमाण्ड सेन्टर प्रभारी को सीसीटीवी के माध्यम से लाइव मॉनिट्रिंग करने सचिव ने कहा। सचिव ने समेकित जांच चौकी से बिहार में प्रवेश करने वाले अल्कोहल से लदे वाहनों में डिजिटल लॉक लगाने के लिए पोस्टर / बैनर तथा घोषणा के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने कहा। मुख्य उत्पाद रसायन परीक्षक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सचिव ने परीक्षक को इथनॉल में मिलाए जाने वाले पदार्थ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। 48 घंटे के अन्दर नमूनें का रासायनिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने भी कहा।

# सूबे की शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया बल, सात संस्थाओं के साथ समझौता

## सीएम की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने खुद की थी पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर गुरुवार को सात स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों को सहयोग तथा विद्यालयों की समीक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाना है। शास्त्रीनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, स्थानीय विधायक



संजीव चौरसिया व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए जिन संस्थाओं के साथ समझौता हुआ है उनमें वाधवानी एआई, खान एकेडमी इंडिया, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, एकस्टेप फाउंडेशन, पीआई जैम फाउंडेशन, मंत्रा फॉर चेंज और शिक्षालोकम फाउंडेशन शामिल हैं। ये सभी संस्थाएं एआई और आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहयोग करेंगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि ये संस्थाएं विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमजोरियों की पहचान करने, उनके नियमित अभ्यास को बढ़ावा देने तथा आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास के बेहतर उपयोग में सहयोग करेंगी। सभी अपने आंतरिक संसाधनों से शिक्षा विभाग के साथ काम करेंगी और इसके लिए विभाग को कोई राशि नहीं देनी होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली इन संस्थाओं के अनुभव का लाभ राज्य के बच्चों, शिक्षकों व विद्यालयों को मिलेगा। इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनेगी। इससे पहले बिहार स्कूल लाइव क्लासेज की शुरुआत के मौके पर शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री के साथ विद्यालय की छात्राओं से संवाद स्थापित किया तथा उनकी जिज्ञासाओं और अनुभवों को सुना।

# मुख्यधारा से जुड़कर ही दलित समाज का होगा सशक्तिकरण : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि कुछ लोगों ने दलित राजनीति को मुख्यधारा से अलग खड़े रहने की विचारधारा तक सीमित कर दिया है। इतना ही नहीं, जो दलित नेता राष्ट्र की मुख्यधारा के साथ मिलकर समाज के विकास की राजनीति करते हैं, उनके विरुद्ध भी भ्रम और अविश्वास का वातावरण बनाया जाता है जबकि सच्चाई यह है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य वंचित वर्गों को सबसे अधिक आवश्यकता मुख्यधारा से जुड़ने की है। शिक्षा, रोजगार, आर्थिक अवसर और राजनीतिक भागीदारी का विस्तार अलगाव से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की धारा में सहभागी बनने से ही संभव है। डॉ. सुमन ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दलित समाज को अलग-थलग रहने का नहीं, बल्कि समान अधिकार, समान अवसर और सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का मार्ग दिखाया था। अलगाववाद, उग्रवाद, नक्सलवाद और समाज को बांटने वाली विचारधाराएं कभी भी दलित और वंचित समाज के विकास का रास्ता नहीं बन सकतीं। इन रास्तों ने सबसे अधिक नुकसान गरीबों, दलितों और आदिवासियों को ही पहुंचाया है। समाज को संघर्ष नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल, उद्यमिता और अवसरों की आवश्यकता है।

# बांकीपुर में एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा का जनसंपर्क अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, बाजारों और मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से संपर्क कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत वार्ड-21 स्थित श्रीकृष्णापुरी पार्क से हुई जहां मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से मुलाकात की गई। इसके बाद श्रीकृष्णापुरी के विभिन्न इलाकों में लोगों से संवाद किया गया। अभियान के दौरान अशोक राजपथ स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से भी संपर्क



किया गया। इसके बाद वार्ड-37 के नटराज गली, अशोक राजपथ, गोला रोड, बजाजा, दलदली, आईएमए हॉल, द्वारिकानाथ लेन और सालिमपुर अहरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। वहीं जंक्शन मंडल के बाकरगंज रोड तथा कदमकुआं मंडल के उमा सिनेमा हॉल, दलदली रोड, बजाजा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, कला मंच, ठाकुरबाड़ी रोड, चूड़ी मार्केट और पार्क रोड समेत कई इलाकों में भी अभियान चलाया गया। अभियान में पार्षद संजीव आनंद, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे। दोपहर में नीरज सिन्हा ने पटना सिविल कोर्ट परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की और उनका सहयोग एवं समर्थन मांगा। भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल और सकारात्मक जनसमर्थन मिलने का दावा किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने कहा बांकीपुर की जनता के प्यार और स्नेह से मैं अभिभूत हूं। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का जो समर्थन मिल रहा है उससे यह विश्वास मजबूत हुआ है कि इस उपचुनाव में जनता कमल खिलाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा तथा लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।

# कोरियन भाषा सीखेंगे बिहार के युवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से पटना सिटी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), में कोरियन भाषा प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन विभाग के सचिव डॉ. कौशल किशोर ने किया। सचिव ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गुलजारबाग में कोरियन भाषा प्रशिक्षण केंद्र में कोरियन भाषा (टॉपिक लेवल-3) के प्रशिक्षण के लिए चार माह का सुपर-इंटेंसिव प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बिहार के युवाओं को विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसरों से जोड़ना है।

# भक्तों को दर्शन देने रथ पर सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ, सीएम ने की आरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से अषाढ़ कृष्ण पथ तृतीया तिथि को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी से अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथयात्रा की शुरूआत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भगवान जगन्नाथ की आरती व पूजा अर्चना कर की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रथयात्रा के मार्ग पर झाड़ू लगाकर भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि रथयात्रा की आरती और झाड़ू लगाने में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह



एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधि मंत्री संजय टाइगर, खाद्य आपूर्ति मंत्री अशोक चौधरी, विधानसभा में मुख्य सचेतक डॉ संजीव चौरसिया, सचेतक रत्नेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से निकलने वाली रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलदेव व सुभद्रा के काष्ठ का विग्रह जगन्नाथपुरी से आया है जबकि 40 फीट ऊंचा हाइड्रोलिक रथ बेगूसराय से मंगाया गया है। रथ यात्रा की रस्सी वहां मौजूद भक्त खींच रहे हैं। रथयात्रा समय से निकली और गर्दनीबाग, मिठापुर, कच्ची तालाब,होते हुए वापस गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी पहुंची। वहाँ भगवान की आरती के बाद भगवान को छप्पन भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भगवान जगन्नाथ के स्वागत के लिए रथ यात्रा के पूरे मार्ग को बेहद खूबसूरती से सजाया जाएगा।

# पदाधिकारियों की मजबूत इच्छाशक्ति गांवों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को होटल चाणक्य में 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि गांवों के समग्र विकास के सपने को साकार करने के लिए सभी पदाधिकारियों में दृढ़ इच्छाशक्ति का भाव होना चाहिए। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त, उत्तरदायी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन ही सही मायने में ग्रामीण भारत का विकास सुनिश्चित करेगा। बैठक में मंत्री ने सभी जिलों के डीडीसी और डीपीआरओ की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में विभाग ने 28 हजार करोड़ रुपये के उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) जमा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने योजनाओं की नियमित समीक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और योजनाओं को जल्द पूरा करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# सोशल मीडिया के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करें : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को आईपीआरडी में विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के क्रम में मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सूचना क्रांति के समय में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को केवल प्रचार का साधन न बनाकर जनभागीदारी का प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए। विभिन्न योजनाओं पर जनता का फीडबैक लिया जाए, सुझाव आमंत्रित किए



जाएं और सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा दिया जाए। जिला स्तर पर भी प्रचार-प्रसार की गति को तेज करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाना चाहिए।

मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया आज की दुनिया में जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। इसके जरिए सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं की समस्याओं को भी सुना जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया के जरिये बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के खिलाफ फैलने वाली भ्रामक खबरों का तथ्यात्मक रूप से जवाब दिया जाए तथा सोशल मीडिया के माध्यम से त्वरित खंडन किया जाए। बैठक में जिलों में निर्मित प्रेस क्लब भवनों के संचालन पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि इन भवनों के रख-रखाव को व्यवस्थित किया जाए ताकि जिला स्तर के प्रेस बंधुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग की भूमिका सूचना के सही प्रवाह को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं रेडियो के माध्यम से भी प्रभावी काम-काज सुनिश्चित किया जाए।

# दानापुर मंडल में सघन टिकट जांच अभियान निरंतर जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध मंडल में नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15.07.2026 को देर रात तक वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर के नेतृत्व में मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों में देर रात तक व्यापक एवं सघन टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विशेष टिकट जांच दलों का गठन कर विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशनों पर गहन जांच की गई। अभियान के अंतर्गत किऊल जंक्शन पर संचालित 'लाल गाड़ी' विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान 516 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे किराया एवं जुर्माना मिलाकर कुल ?4,66,680/- की राशि वसूल की गई। संपूर्ण दानापुर मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 3,362 बिना टिकट एवं अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे किराया एवं दंड के रूप में कुल ?28,80,839/- का राजस्व अर्जित किया गया। इस सघन अभियान के परिणामस्वरूप स्टेशन टिकट काउंटरों पर टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

# राज्य की पंचायतों को मिला टैक्स वसूलने का अधिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की ग्राम पंचायतों को अब कर (टैक्स) वसूलने का अधिकार मिल गया है। ग्राम पंचायतें होल्डिंग से दखलकार पर कर के अलावा पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पेशा, व्यापार, उद्योग पर शुल्क, पंचायत के स्तर से दी गई सेवाओं पर शुल्क एवं पंचायत की तरफ से लगाए जाने वाले अन्य तरह के शुल्क से संबंधित अधिकार मिल गए हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में इससे संबंधित नियमावली के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई है। इसका नाम ग्राम पंचायत कर, दर एवं शुल्क नियमावली, 2026 रखा गया है। कैबिनेट की बैठक में 31 एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायतें इस अधिकतम दर के अधीन रहते हुए कर या शुल्क निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इसे लगा सकेंगी जिससे पंचायतों की स्वयं के आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। यह पहला मौका है जब बिहार में पंचायतों के लिए यह व्यवस्था की गई है। अब तक कोई नियमावली नहीं बनाई गई है, न ही किसी राज्यादेश के माध्यम से कर, दर एवं शुल्क लगाने का अधिकार पंचायतों को सौंपे गए हैं। इस नियमावली में इन तमाम बातों का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए उचित प्रावधान किए गए हैं। श्री चौधरी ने एक अन्य अहम निर्णय की जानकारी दी कि पंचायतों का वर्ष 2011 की जनसंख्या के हिसाब से नए तरीके से परिसीमन कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ता, विकास की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, जनसंख्या के अनुरूप संतुल्ति प्रतिनिधित्व एवं जनसुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। ग्राम पंचायत क्षेत्रों का गठन या परिसीन होने से प्रशासनिक दक्षता, स्थानीय प्रतिनिधित्व एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों के विकास में क्षेत्रीय संतुलन बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली- 2026 की स्वीकृति दी गई है।

# पीएमसीएच में डेंगू मरीजों के लिए विशेष तैयारी पूरी, 20 बेड का समर्पित वार्ड तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बरसात के मौसम में डेंगू से निपटने को लेकर पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने मरीजों के उपचार के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन ने राजेंद्र सर्जिकल ब्लॉक में डेंगू मरीजों के लिए 20 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया है। वार्ड में मरीजों की सुरक्षा के लिए मच्छरदानियों सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू वार्ड में मरीजों की देखभाल के लिए 24 घंटे चिकित्सकों एवं मेडिकल अटेंडेंट की तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल हर मौसम में संभावित स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। साथ ही नए रेडियोलॉजी भवन में आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार किया गया है जिससे आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को त्वरित एवं बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं, राज्य स्तर पर भी स्वास्थ्य विभाग डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर पूरी सतर्कता बरत रहा है। विभाग द्वारा सभी जिलों में फॉगिंग, मच्छर नियंत्रण, सर्विलांस, जांच एवं उपचार की व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# कौशल युवा कार्यक्रम के बालक मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित, प्रशिक्षित छात्रों को प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में संचालित कौशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज बालक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कौशल विकास, आत्मविश्वास एवं आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन में निरंतर सीखते रहने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र के सभी



प्रतिनिधियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और सही मार्गदर्शन प्रदान करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। बालक मार्गदर्शन सत्र के दौरान ए.आई, रोबॉटिक तथा अन्य आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र प्रतिनिधि निधि एवं मनीषा ने रोबॉटिक से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र की प्रतिनिधि निधि, मनीषा, लक्ष्मी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# इंद्रपुरी बराज के समीप निर्माणाधीन डिहरी हाट का डीएम ने किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश, स्थानीय कला-संस्कृति को मिलेगा नया मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने गुरुवार को इंद्रपुरी बराज के समीप निर्माणाधीन डिहरी हाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अभियंताओं से निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि डिहरी हाट को क्षेत्र की पारंपरिक स्थापत्य शैली एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यह हाट भविष्य में कला, संस्कृति, लोक संगीत, पारंपरिक खान-पान और हस्तशिल्प के संरक्षण एवं प्रदर्शन का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि डिहरी हाट में स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों एवं कलाकारों के लिए स्थायी स्टॉल विकसित किए जा रहे हैं जिससे उन्हें अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का बेहतर अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय कला एवं पारंपरिक उत्पादों को नई पहचान मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से स्थानीय युवाओं, महिलाओं, कारीगरों और शिल्पकारों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप समय पर पूरे किए जाएं।

# प्रखंड मुख्यालय में जल्द बनेगा हाई स्कूल और कॉलेज : सांसद सुधाकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय दावथ में वर्षों से हाई स्कूल की अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। आठवीं के बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए छह किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जिसके कारण कई अभिभावक शिक्षा बीच में ही छुड़वा देते हैं। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर मंत्रालय तक कई बार मांग पत्र सौंपे गए और धरना-प्रदर्शन भी हुए, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी है। इसी बीच मंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा में नए डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह में पहुंचे स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दावथ में उत्क्रमित हाई स्कूल के साथ ही नए भूमि पर हाई स्कूल की व्यवस्था के लिए उन्होंने सरकार को काफी पहले ही पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है जब पत्रकारों ने सवाल किया कि मौजूदा मध्य विद्यालय को ही उत्क्रमित क्यों नहीं किया जाता तो सांसद ने बताया कि इस संबंध में भी उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में सरकार को पत्र भेज दिया था और उस पर कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है। सुधाकर सिंह ने कहा कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे के बिना किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है और दावथ जैसे बड़े प्रखंड मुख्यालय में हाई स्कूल और बाद में कॉलेज की व्यवस्था समय की मांग है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को उठाते रहेंगे, ताकि जल्द से जल्द स्वीकृति मिल सके। उधर ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि कागजों पर पत्राचार से काम नहीं चलेगा, जमीन पर काम दिखना चाहिए। हर स्तर से मांग लगातार जारी है, लेकिन अब देखना होगा कि और कितने समय तक दावथ के बच्चों को आठवीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए भटकना पड़ेगा और कब उन्हें अपने ही प्रखंड में पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

# खेलने के दौरान मारपीट में बच्चे के दोनों हाथ तोड़े, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एस सी एस टी थाना में करगहर थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में खेत में खेलने के दौरान सात वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट कर उसके दोनों हाथ तोड़ देने की दो लोगों पर प्राथमिकी किया गया है। पुलिस के अनुसार हमिरपुर, पो. अररूआ, थाना करगहर निवासी पीड़ित के पिता पप्पू बैठा ने प्राथमिकी में कहा है कि उनका सात साल का पुत्र बेटा आलोक कुमार गांव के ही दो अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेत में खेल रहा था। खेल के दौरान तीनों बच्चों में आपसी उलझन हुई और दोनों बच्चे घर जाकर अपने पिता से शिकायत कर दी। आरोप है कि इसके तुरंत बाद दिलकेश्वर सेठ और टुनटुन सेठ खेत के पास पहुंचे और आलोक कुमार के दोनों हाथ मरोड़कर तोड़ दिए और वहां से चले गए। रोता-बिलखता बच्चा जब घर पहुंचा तो पिता ने देखा कि उसके दोनों हाथ टूटे हुए हैं। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए उत्तरप्रदेश के मुगलसराय एस.एस. हॉस्पिटल ले जाया गया जहां करीब 5 दिन भर्ती रहना पड़ा। इलाज में लगभग 60,000 रुपये खर्च हुए। पप्पू बैठा का आरोप है कि घटना के बाद पंचायत हुई थी जिसमें आरोपियों ने इलाज का खर्च देने की बात स्वीकार की थी और दो दिन में पैसा देने को कहा था, लेकिन पैसा नहीं देने पर जब वे उनके घर गए तो दोनों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मंडलकारा सासाराम में बंदी दरबार, सुरक्षा ऑडिट एवं कारा निरीक्षण संपन्न

## डीएम-एसपी ने बंदियों की समस्याएं सुनीं, कौशल विकास के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** मंडलकारा सासाराम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बंदी दरबार, सुरक्षा ऑडिट तथा कारा निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंदी दरबार के दौरान बंदियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए भवन निर्माण विभाग एवं जेल उपाधीक्षक सीतेश कुमार सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कारा परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा बंदियों के कल्याण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बंदियों से समाज की मुख्यधारा में लौटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कारावास की अवधि को सकारात्मक रूप से उपयोग करते हुए तकनीकी कौशल एवं सॉफ्ट स्किल्स सीखें, ताकि रिहाई के बाद वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानजनक जीवन जी सके। जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि मंडलकारा सासाराम को कौशल विकास केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग देगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बंदियों के पुनर्वास एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। बंदियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा जीवन में धैर्य रखना चाहिए। हर रात के बाद सुबह अवश्य होती है। आप सभी जल्द ही कारा से मुक्त होकर सामान्य जीवन जीने लगेंगे। कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। जिला पदाधिकारी ने वहां की व्यवस्था की जानकारी व बंदी सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय से ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, जेल उपाधीक्षक नंद मोहन सिंह, सहायक अधीक्षक सुरेश प्रसाद, कुंदन कुमार सिंह, रागिनी कुमारी तथा कारा कर्मी सिकेश कुमार, अरविंद, रवि सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गंभीर हालत में मिले युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आस्कामिनी नगर स्थित एक गली से मंगलवार की देर रात पुलिस ने लहूलुहान अवस्था में एक युवक को बरामद किया जिसे गंभीर रूप से घायल होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिले के गढ़वा रोड निवासी स्वर्गीय पप्पू सिंह के 25 वर्षीय पुत्र एतवारी सिंह के रूप में हुई जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के समीप झोपड़ी बनाकर रह रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि आस्कामिनी नगर की एक गली में एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में तड़प रहा है। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल ले जाने लगी, परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। वहीं प्राप्त अन्य जानकारी के अनुसार युवक विक्षिप्त बताया जा रहा है और संभावना यह भी जताई जा रही है कि गिरने या किसी कठोर चीज से धक्का लगने के कारण वह घायल होकर अचेत हुआ होगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच में जुटी है।

# डीएम कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** जिलाधिकारी रोहतास दीपक कुमार मिश्र के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच एवं समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान नटवार थाना क्षेत्र के तेनुआज गांव निवासी अमित राय उर्फ अमित कुमार ने सत्यप्रकाश राय से जान-माल के खतरे का हवाला देते हुए पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने का आवेदन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक रोहतास को निर्देशित किया। वहीं, नोखा प्रखंड के सिसिरता गांव निवासी सुनीता देवी ने अपनी निजी भूमि में जबरन करहा खोदे जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में जिला पदाधिकारी ने तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अंचलाधिकारी, नोखा को निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सासाराम थाना क्षेत्र के करूप (इंद्रहियां) निवासी प्रेमनाथ तिवारी ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। जिला पदाधिकारी ने मामले की शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निर्देशित किया। इस दौरान प्राप्त अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के लिए भेजते हुए जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# विद्यालय का ताला तोड़ अभिलेख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** जिले के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के सलैया गांव स्थित मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कार्यालय से महत्वपूर्ण अभिलेख और अन्य दस्तावेज चुरा लिए। मध्य विद्यालय सलैया के सहायक शिक्षक जितेंद्र कुमार ने अकोढ़ी गोला थाने में दिए लिखित आवेदन में बताया कि 13 जुलाई से 16 जुलाई तक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीना देवी छुट्टी पर हैं। इस दौरान विद्यालय का संचालन उनके द्वारा किया जा रहा था। 15 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे जब वह विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा मिला। इसकी सूचना तुरंत प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीना देवी और डायल 112 पर पुलिस को दी गई। पुलिस के साथ कार्यालय का मुआयना करने पर पता चला कि विद्यालय के आवश्यक अभिलेख सहित कई अन्य दस्तावेज गायब हैं। सहायक शिक्षक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# स्व. कमला देवी को नम आंखों से दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पानी टंकी स्थित संदीप मेडिकल के डॉ. प्रदीप शर्मा की माता स्वर्गीय कमला देवी के श्राद्धकर्म के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में परिजनों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित लोगों ने स्व. कमला देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जनसेवक अनुज कुशवाहा ने कहा कि स्व. कमला देवी बेहद नेकदिल, सरल और मृदुभाषी महिला थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी, सेवा और सद्भाव के साथ बिताया। वे सभी लोगों से आदर और आत्मीयता के साथ बातचीत करती थीं जिसके कारण समाज में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उनके पुत्र विजय शर्मा, डॉ. अमरदीप, ओम प्रकाश, सुरेश शर्मा, ई. संदीप कुमार, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, पियूष कुमार, पूर्व चेयरमैन शंभू राम, पूर्व पार्षद संजीत सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, रविंद्र सिंह, राजद नेता गुड्डू चन्द्रवंशी, संतोष गुप्ता, जगदीश पासवान सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने स्व. कमला देवी की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए उनके आदर्शों को प्रेरणास्रोत बताया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# 211 नए डिग्री कॉलेजों का शुभारंभ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बिहार सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन का शुभारंभ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य पहल है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि जिन प्रखंडों में अब तक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं था वहां उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की इस नीति के तहत कोंच प्रखंड में भी डिग्री कॉलेज का शुभारंभ किया गया है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति या नेता द्वारा कॉलेज के उद्घाटन का व्यक्तिगत श्रेय लेने का प्रयास उचित नहीं है। हिमांशु शेखर ने कहा कि नए कॉलेज खुलने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों और दूर-दराज के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

# डीडीयू, गया, डिहरी ऑन-सोन व सासाराम, जपला स्टेशनों पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू जंक्शन, गया, डिहरी ऑन सोन एवं सासाराम स्टेशनों पर एक साथ फोर्ट्रेस टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल तथा राजकीय रेलवे पुलिस की संयुक्त टीमों ने प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ रेलखंड में ट्रेनों में भी सघन जांच की। इस अभियान में 867 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित यात्रा प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे 7,35,220 का जुर्माना वसूला गया। 16 जुलाई को डिहरी ऑन सोन-जपला रेलखंड में टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में व्यापक जांच की गई। अभियान में 191 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित यात्रा प्राधिकार के पाए गए जिनसे 1,06,665 का जुर्माना वसूला गया। दोनों दिनों के अभियानों में कुल 1,058 मामलों में कार्रवाई करते हुए 8,41,885 का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट काउंटर, वेबसाइट, रेलवन मोबाइल ऐप अथवा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन आदि के माध्यम से वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें।


# महिला के खाते से उड़ाए 2.84 लाख, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में तिलौथू थाना क्षेत्र के रामडिहरा निवासी एक महिला ने 2 लाख 84 हजार रुपये ठगी की प्राथमिकी किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता अफशाना खातून ने बताया कि गत 2 से 5 जुलाई के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के जरिए विश्वास में लेकर उनके साथ धोखाधड़ी की। आरोपी ने छलपूर्वक पीड़िता के बैंक खाते से 2,84,000 रुपये अपने विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। शिकायत में अफशाना ने तीन यूपीआई आईडी और चार मोबाइल नंबर की जानकारी दी है जिनका इस्तेमाल ठगी में किया गया। पीड़िता को ठगी का पता चलते ही उन्होंने 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। साइबर सेल के थानाध्यक्ष सह डीएसपी गौरव कुमार यादव ने लोगों से अपील की है कि किसी अंजान कॉल, लिंक या यूपीआई रिक्वेस्ट पर भरोसा न करें।

# डीएम ने सासाराम-आरा-पटना फोरलेन परियोजना निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** जिला पदाधिकारी रोहतास दीपक कुमार मिश्र द्वारा एनएच-19 स्थित सुअरा जंक्शन प्वाइंट तथा सासाराम-आरा-पटना फोरलेन परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनौरा क्षेत्र में चल रहे सीए एंड जी कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा परियोजना से जुड़े अधिकारियों से निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि रोहतास जिले में इस परियोजना की कुल लंबाई लगभग 40 किलोमीटर है। जिला पदाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सासाराम के परियोजना निदेशक को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए पर्याप्त संख्या में मशीनरी, आधुनिक उपकरण तथा अतिरिक्त कार्यबल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। सभी तकनीकी मानकों एवं निर्धारित गुणवत्ता मानदंडों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य निष्पादित किया जाए। साथ ही निर्माण स्थल पर श्रमिकों एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# उप मुख्य पार्षद सागर कुमार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए रुद्राभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद सागर कुमार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर गुरुवार को क्षेत्र स्थित हरेश्वर नाथ मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। पंडित घनश्याम मिश्र के निर्देशन में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न हुई। जानकारी हो कि उप मुख्य पार्षद सागर कुमार पिछले कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनका इलाज दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार की कामना को लेकर स्थानीय लोगों ने भगवान से प्रार्थना की। पूजा-अर्चना का आयोजन अनुपम सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सागर कुमार के जल्द स्वस्थ होकर जनसेवा में लौटने की मंगलकामना की। कार्यक्रम में सुशील मिश्रा साहिल, विकास वर्मा, गुंजन भारद्वाज, ब्रदराज वैभव, राजकुमार केशरी, हर्ष राज, सुनील गुप्ता सहित कई लोगों ने सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता निभाई।

# लगातार बारिश से तिलौथू की सड़कें जलमग्न, जलजमाव से लोगों की बढ़ीं परेशानियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** लगातार हो रही बारिश के कारण तिलौथू प्रखंड की कई सड़कें जलमग्न हो गई है। जगह-जगह जलजमाव होने से आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मुख्य सड़कों के साथ-साथ कई मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों में भी बारिश का पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को भी फिसलन और दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। कीचड़ और गंदे पानी से होकर विद्यालय जाने के कारण उनके कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं जिससे अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिलौथू में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नालियों की नियमित सफाई और स्थायी जलनिकासी व्यवस्था के अभाव में बारिश का पानी घंटों और कई जगहों पर दिनों तक सड़कों पर जमा रहता है। तिलौथू के चर्चित अमलतास निकेतन विद्यालय में प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। विद्यालय के मुख्य मार्ग पर जलजमाव और कीचड़ की समस्या को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की सुविधा के लिए वैकल्पिक रास्ता खोल दिया है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में काफी राहत मिली है। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि जलजमाव वाले क्षेत्रों से शीघ्र पानी निकाला जाए तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को बार-बार इस समस्या का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में लगातार बारिश के कारण स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## शपथ-पत्र

मैं, रेखा देवी उर्फ बिन्दा देवी उम्र करीब 41 वर्ष पति अनिल कुमार सिंह उर्फ अनिल सिंह निवासी ग्राम + पो.- गोटपा थाना-तलाब पर वार्ड नं.-4 रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम रेखा देवी पति अनिल कुमार सिंह है जिसका आधार नं.-3617 5111 5100 है एवं खाता संख्या 6934000100141069 है।

मेरे निर्गत एल. आई. सी. के पॉलिसी नं.-517220800 में मेरा नाम बिन्दा देवी पति अनिल सिंह दर्ज है जो पहले के आधार में मेरा नाम बिन्दा देवी पति अनिल सिंह है। रेखा देवी एवं बिन्दा देवी एक ही महिला का नाम है जो इन्हीं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

मेरे पति अनिल कुमार सिंह एवं अनिल सिंह दोनों नाम मेरे पति का ही है जो मेरे पति इन्हीं दोनों नामों से जाने एवं पहचाने जाते हैं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 12378 दिनांक 16.07.26

**शपथकर्ता**
**रेखा देवी उर्फ बिन्दा देवी**

# छह हजार नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य, 13 अगस्त तक लक्ष्य होगा हासिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली (नवादा)। रजौली प्रखंड में छह हजार नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए गुरुवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ संजीव झा की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 13 अगस्त 2026 तक निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बताया कि नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले पात्र लाभार्थियों को जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति, परिवार के मुखिया का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति, आधार से लिंक सक्रिय मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पंचायत भवन स्थित आरटीपीएस काउंटर अथवा नजदीकी सीएसपी केंद्र पर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। आवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार जांच कर पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड जारी किया जाएगा। बैठक के दौरान हरदिया और सवैयाटांड़ पंचायत के वन क्षेत्रों में बसे मुंडा, आदिवासी एवं संथाल समुदाय के परिवारों के राशन कार्ड निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) ने बताया कि ऐसे मामलों में आवासीय प्रमाण पत्र की विधिवत जांच की जाएगी। यदि किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या आती है तो वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि एवं पीडीएस दुकानदार भी उपस्थित रहे।



# गुलमोहर यूनिक स्कूल में बॉलीवुड अभिनेत्री अंजलि कृष्णा सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। नवादा की रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री अंजलि कृष्णा के सम्मान में गुरुवार को गुलमोहर यूनिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर एसडीपीओ हुलास कुमार थे। विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी एवं व्यवसायी राजीव सिन्हा, सेवानिवृत्त कर्नल अजय कृष्णा, सार्जेंट ओमप्रकाश कुमार, जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव मनीष आनंद तथा जिला रोलआउट मैनेजर मनीष सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने की, जबकि संचालन प्रधानाध्यापिका नेहा ने किया। अपने संबोधन में एसडीपीओ हुलास कुमार ने कहा कि अंजलि कृष्णा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर बॉलीवुड में अलग पहचान बनाई है। उनकी सफलता जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से छोटे शहरों से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। सम्मान से भावुक अंजलि कृष्णा ने कहा कि अपने गृह जिले और गुलमोहर यूनिक स्कूल परिवार से मिला यह सम्मान उनके लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

अंजलि कृष्णा हाल ही में चर्चित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' में 'प्रेरणा' की भूमिका निभाकर चर्चा में रही हैं। इसके अलावा वह कई वेब सीरीज और विज्ञापनों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्होंने अभिनेता रणबीर कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी तथा भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव के साथ भी विज्ञापनों में काम किया है।

इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार तरुण, नंदकिशोर चौरसिया, शिक्षक शुभाष प्रसाद, संतोष वर्मा, प्रहलाद कुमार, विक्रम यादव, रौशन कुमार, प्रिया राज, खुशी कुमारी, मुस्कान, अंजलि, मुरारी कुमार, ऋतिक, पियूष, श्रीनिका वत्स, सन्नी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## एक नजर

### कौआकोल पीएचसी में दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**कौआकोल (नवादा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में गुरुवार को दिव्यांगजनों के लिए विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सीय जांच के बाद 30 लाभार्थियों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इनमें फाइलेरिया (हाथीपांव) से पीड़ित नौ मरीज भी शामिल रहे। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल के नेतृत्व में डॉ. सुमाया प्रवीण ने लाभार्थियों की जांच की। सीएफएआर के आशीष कुमार सिन्हा एवं पीरामल फाउंडेशन के गौतम कुमार राम ने शिविर संचालन और लाभार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। वहीं पीएसपी की सक्रिय भागीदारी से पंजीकरण, जांच और प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई।

### अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई, सात ट्रैक्टर समेत नौ वाहन जब्त

**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के करणपुर स्थित विष्णु घाट (सकरी नदी) में अवैध बालू खनन के खिलाफ खनन विभाग और गोविंदपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सात ट्रैक्टर, दो बाइक तथा एक ट्रैक्टर का डाला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। एक चालक ट्रैक्टर का इंजन निकालकर केवल डाला छोड़कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि खनन विभाग के अधिकारी संतोष कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। कार्रवाई में एएसआई ब्रजकिशोर कुमार, एएसआई रामबली प्रसाद सहित पुलिस बल और खनन विभाग की टीम शामिल रही। सभी जब्त वाहनों को गोविंदपुर थाना लाया गया है। खनन विभाग से लिखित आवेदन मिलने के बाद वाहन मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही फरार चालकों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और बालू तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### नए पात्र परिवारों को राशन कार्ड से जोड़ने की कवायद तेज, 3900 नए कार्ड बनाने का लक्ष्य

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड में छूटे हुए और नए पात्र परिवारों को राशन कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सोनिया ढनढनिया की अध्यक्षता में विकास मित्रों की बैठक हुई, जिसमें प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेश कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि प्रखंड में 3900 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे परिवार जिनका नाम पूर्व में कट गया है अथवा जिन्होंने अब तक राशन कार्ड नहीं बनवाया है, वे आवेदन कर सकते हैं। हालांकि पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी तथा एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार इस योजना के पात्र नहीं होंगे। आवेदन के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, जाति, आवासीय एवं अधिकतम 1.20 लाख रुपये तक का आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा पारिवारिक समूह फोटो आवश्यक होगा। बीडीओ ने अंचल अधिकारी को तीन दिनों के भीतर आय प्रमाण पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए, ताकि आवेदकों को अनावश्यक परेशानी न हो। योग्य लाभार्थी प्रखंड आपूर्ति कार्यालय अथवा किसी भी साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों, टोला सेवकों और विकास मित्रों को सौंपी गई है। साथ ही जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को भी आवेदन संग्रह में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार, वाहन भी निकला चोरी का

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जांच में बरामद ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी की निकली। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बुधवार को एएसआई बीरेंद्र ओझा पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अमावां मोड़ के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही ग्लैमर बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी राज कुमार (पिता–कृष्णा चौधरी) के रूप में हुई।

# नाबालिग छात्राओं के अपहरण के प्रयास में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कौआकोल (नवादा)। कौआकोल थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपी ऑटो चालक और उसका एक सहयोगी अब भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जमुई जिले के गरही थाना क्षेत्र के देवलटांड निवासी मोहम्मद अजहर उद्दीन (पिता–मोहम्मद अमानत मियां) और मो. दिलशाद अंसारी (पिता–मो. हारून अंसारी) के रूप में हुई है। दोनों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, बुधवार को हाई स्कूल से पढ़ाई कर लौट रही दो छात्राएं कौआकोल बाजार से एक ऑटो पर सवार हुईं थीं। ऑटो में पहले से दो युवक बैठे थे। मधुरापुर गांव के पास दोनों युवकों ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, जबकि चालक ऑटो को तेज गति से जंगल की ओर ले जाने लगा। छात्राओं ने गुआघोघरा गांव के समीप शोर मचाया, जिस पर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें आरोपितों के चंगुल से मुक्त कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन ऑटो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कुछ देर बाद एक युवक बाइक से लाइनर के रूप में वहां पहुंचा, लेकिन ग्रामीणों के खदेड़ने पर वह बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने उसकी बाइक जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार ऑटो चालक मो. हारून अंसारी (पिता–मो. अयूब) और उसके सहयोगी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# राम मंदिर से जुड़े आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का सांकेतिक पुतला दहन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और चंदा संबंधी आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय से विजय बाजार, प्रजातंत्र चौक होते हुए भगत सिंह चौक तक मार्च निकाला। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सांकेतिक पुतला दहन कर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाकर झा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वर्षों तक भगवान राम के नाम पर चंदा एकत्र किया, लेकिन उसका सार्वजनिक हिसाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने राम मंदिर के प्रबंधन को चारों शंकराचार्यों को सौंपने की मांग भी की। प्रदेश डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और उनके नाम पर एकत्रित प्रत्येक रुपये का पारदर्शी हिसाब जनता के सामने रखा जाना चाहिए। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद पर आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में नवादा, रजौली, वारिसलीगंज, हिसुआ, मेसकौर, रोह, काशीचक और गोविंदपुर प्रखंडों के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और भगत सिंह चौक पर प्रधानमंत्री का सांकेतिक पुतला दहन किया।

# हरदिया मोड़ पर यू-टर्न नहीं होने से बढ़ी परेशानी, स्कूली छात्राओं और मरीजों को लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली (नवादा)। रजौली मुख्यालय से सटे हरदिया मोड़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर यू-टर्न की व्यवस्था नहीं होने से स्थानीय लोगों, स्कूली छात्र-छात्राओं और मरीजों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करने के लिए कई लोग डिवाइडर लांघने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरदिया मोड़ के सामने तीन सरकारी विद्यालय और एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थित हैं। छात्राओं को विद्यालय और मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए या तो डिवाइडर पार करना पड़ता है अथवा करीब दो किलोमीटर दूर बने यू-टर्न का उपयोग करना पड़ता है। इससे समय के साथ दुर्घटना का जोखिम भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हरदिया, भानेखाप, सिंगर और धमनी समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। डिवाइडर बनने के बाद यहां यू-टर्न नहीं दिए जाने से दूसरी ओर जाने के लिए महादेव मोड़ या सेक्टर-ए तक जाकर करीब तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव वाहन को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे लोगों को विशेष परेशानी होती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि डिवाइडर पर लगाए गए रिफ्लेक्टर और प्लास्टिक बैरियर अधिकांश स्थानों से क्षतिग्रस्त या गायब हो चुके हैं। रात के समय डिवाइडर स्पष्ट दिखाई नहीं देने से वाहन टकराने की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासी अमृत कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और जिला प्रशासन से हरदिया मोड़ पर वैज्ञानिक ढंग से यू-टर्न बनाने, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।



# सड़क हादसे के बाद बवाल, पुलिस पर पथराव; दो इंस्पेक्टर समेत आठ जवान घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



बिहारशरीफ। हरनौत थाना क्षेत्र के चेरन पुल के समीप पुलिस की बोलेरो और बाइक की टक्कर में 22 वर्षीय प्रदुम्न कुमार की मौत के बाद बुधवार देर रात बख्तियारपुर–बिहारशरीफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमकर बवाल हुआ। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क जाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ के एक हिस्से ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने टायर और अन्य ज्वलनशील सामग्री में आग लगा दी तथा सड़क पर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने पहले लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन पथराव जारी रहने पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया गया। पथराव में दो इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी को पहले कल्याणबिगहा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई को पुलिस वाहन की टक्कर से बलवापर गांव निवासी प्रदुम्न कुमार की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। दिन में भी परिजनों ने सड़क जाम किया था, जिसे सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल की पहल पर समाप्त करा दिया गया था। हालांकि देर रात मृतक के परिजन और ग्रामीण जीडीएम कॉलेज के समीप दोबारा शव रखकर धरने पर बैठ गए। ट्रैक्टर, टोटो और टेंपो सड़क पर खड़ा कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया गया। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस, बीडीओ, पुलिस निरीक्षक, सदर एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसपी (विधि-व्यवस्था) और डीएसपी (यातायात) समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन लगातार लोगों से सड़क खाली करने की अपील करता रहा, लेकिन भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने पुलिस और दंडाधिकारियों पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए।

सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिस ने पहले संयम बरतते हुए प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। आगजनी और पथराव बढ़ने पर स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और आवश्यक बल प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# नगरनौसा में राजकीय डिग्री महाविद्यालय में पठन-पाठन शुरू

**छात्रों को मिली उच्च शिक्षा की नई सौगात,अस्थायी परिसर से हुई शुरुआत**
**विधायक ने की प्रखंड मुख्यालय में स्थायी भवन निर्माण की घोषणा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नगरनौसा। बिहार सरकार द्वारा नवस्थापित 211 राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में गुरुवार से पठन-पाठन का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। इसी क्रम में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नगरनौसा में भी शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ हो गईं। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने सभी नए महाविद्यालयों में एक साथ शिक्षण कार्य की शुरुआत कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल की।फिलहाल नगरनौसा महाविद्यालय का संचालन अस्थायी व्यवस्था के तहत मगध विद्यापीठ, उस्मानपुर-लोदीपुर परिसर से किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिनारायण सिंह ने घोषणा की कि महाविद्यालय का स्थायी भवन नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय खुलने से अब क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देगा और यहां से शिक्षित होकर युवा समाज व राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराने की अपील करते हुए बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जो नामांकन का अंतिम अवसर है।कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार, सीनेट सदस्य अजय यादव, प्राध्यापिका डॉ. श्रुति, भूमि सुधार उप समाहर्ता रश्मि, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभयानंद पांडे समेत जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## एक नजर

### डीएम के निर्देश पर हरनौत, रहुई और हिलसा की समस्याओं का समाधान

**बिहारशरीफ।** जनसमस्याओं से संबंधित समाचारों पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने तीन प्रमुख मामलों में त्वरित कार्रवाई की है। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर हरनौत में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, रहुई में खराब ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की गई तथा हिलसा में लोकाईन नदी के क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत कर उसे सुरक्षित बनाया गया। हरनौत नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 19 तक गंदगी और जलजमाव की शिकायतों के बाद सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, चुना और फॉगिंग कराई गई। वहीं वार्ड संख्या 10, 13 और 17 में पंप लगाकर जलनिकासी की व्यवस्था की गई। रहुई नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन स्थित गिरी टोला में कई दिनों से खराब ट्रांसफार्मर के कारण बिजली आपूर्ति बाधित थी। डीएम के निर्देश पर विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर आपूर्ति सामान्य कर दी। उधर, हिलसा प्रखंड के मिर्जापुर पंचायत के समीप लोकाईन नदी के क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल द्वारा तकनीकी मानकों के अनुरूप कराई गई। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए बालू से भरे बोरे और अन्य आवश्यक सामग्री का भी भंडारण किया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से प्राप्त जनसमस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### नवोदय विद्यालय राजगीर में एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक कौशलों का प्रशिक्षण

**राजगीर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर में एनसीसी के तत्वावधान में आधुनिक कौशल विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट एनसीसी अधिकारी विकास कुमार उपाध्याय ने किया। व्याख्यान का उद्देश्य कैडेट्स को बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक कौशलों के महत्व से अवगत कराना था। इस दौरान नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संचार, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, अनुशासन, टीम भावना तथा रोजगारोन्मुख दक्षताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ आधुनिक कौशलों का विकास भी सफलता के लिए आवश्यक है। कैडेट्स को इन गुणों को दैनिक जीवन में अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

### केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य सम्मेलन संपन्न, प्रशासनिक दक्षता और वित्तीय पारदर्शिता पर जोर

**राजगीर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का समापन गुरुवार को हुआ। अंतिम दिन अधिकारियों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए पांच सत्रों में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पहले सत्र में पटना संभाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. ए.के. मिश्रा ने 'लाइफ-वर्क बैलेंस' पर व्याख्यान देते हुए कार्य और निजी जीवन में संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए। दूसरे सत्र में मुख्यालय की सहायक आयुक्त (वित्त) ओ.एस. शेरोन ने बजटीय प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन और केवीएस के दिशा-निर्देशों के पालन पर बल दिया। तीसरे तकनीकी सत्र में सहायक अनुभाग अधिकारी कुमार आनंद ने ई-पेंशन पोर्टल, एनपीएस, सर्विस बुक, ऑडिट, अवकाश लेखा, विद्यालय विकास निधि, फीस छूट, अग्रिम राशि के निपटान तथा अन्य प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रियाओं सहित 17 महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। चौथे सत्र में सहायक आयुक्त पूर्णेंदु मंडल ने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षणिक गतिविधियों और गुणवत्ता सुधार पर चर्चा की। अंतिम सत्र में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को साझा किया गया तथा प्रशासनिक चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया।

# कछीयावां पैक्स चुनाव में रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



नगरनौसा। नगरनौसा प्रखंड के कछीयावां पैक्स चुनाव में रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू ने 79 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 596 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवकुमार को 517 मत मिले। मतगणना के दौरान दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर रही, लेकिन अंतिम चरण में रजनीकांत कुमार ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत अपने नाम कर ली।परिणाम घोषित होते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही रजनीकांत कुमार बाहर निकले, समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।जीत के बाद रजनीकांत कुमार ने कहा कि यह जीत क्षेत्र के किसानों, मतदाताओं और समर्थकों के विश्वास की जीत है। उन्होंने पैक्स को पारदर्शी, मजबूत और किसान हितैषी संस्था बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि किसानों को बेहतर सुविधाएं और योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। स्थानीय लोगों ने उनकी जीत को लगातार जनसंपर्क, सक्रिय कार्यशैली और किसानों के बीच बनाए गए विश्वास का परिणाम बताया। चुनाव परिणाम के बाद पूरे क्षेत्र में समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल कार्यकाल की उम्मीद जताई।

# इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




बिहारशरीफ। सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ ने डिस्ट्रिक्ट-325 (बिहार-झारखंड) की 42वीं असेंबली में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में कई प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किए। रांची के चाणक्य होटल में आयोजित समारोह में क्लब को बेस्ट क्लब अवार्ड एवं बेस्ट फाइल अरेंजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।क्लब की अध्यक्षा रश्मि रानी को प्रेरणादायी नेतृत्व, उत्कृष्ट संगठन क्षमता और सेवा कार्यों के लिए बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं, सचिव कुमारी रश्मि को बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड तथा संपादिका कुमारी पूनम को प्रकाशन एवं जनसंपर्क में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेस्ट एडिटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।रश्मि रानी ने कहा कि यह सम्मान क्लब के प्रत्येक सदस्य की निष्ठा, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पूरे सत्र में स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता, हॉस्पिटल मोड़ स्थित यातायात पुलिस चेक पोस्ट निर्माण, नई शिक्षा नीति पर शिक्षकों का प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों के बीच ष्ड्रॉप ड्रग्स, नॉट ड्रीम्स विषय पर जागरूकता सेमिनार जैसे कई सेवा कार्य किए गए, जिन्हें डिस्ट्रिक्ट स्तर पर सराहना मिली।उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान भविष्य में और अधिक समर्पण के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर पूर्व जिला अध्यक्ष वीणा सुचांती सहित रोटरी, लायंस क्लब, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, नालंदा सहोदया क्लस्टर और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने क्लब की टीम को बधाई देते हुए इसे नालंदा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## बिजली चोरी के मामले में चार के खिलाफ एफआईआर

**थरथरी।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा थरथरी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा। इस मामले में थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने जांच के दौरान पाया कि आरोपितों ने मीटर के इनपुट तार से पहले सर्विस तार जोड़कर मीटर को बाईपास कर सीधे एलटी लाइन से बिजली की चोरी की। विभाग ने मुन्ना कुमार पर 21,220 रुपये, द्वारिका प्रसाद पर 15,841 रुपये, विजय यादव पर 14,991 रुपये तथा रूता देवी पर 7,234 रुपये की देनदारी निर्धारित की है। विभाग ने बताया कि इन राशियों में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 152 के तहत देय कंपाउंडिंग शुल्क शामिल नहीं है। जांच रिपोर्ट और जब्ती सूची थरथरी थाना को सौंप दी गई है तथा आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पारिवारिक विवाद में बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या, पिता व छोटा भाई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र के पेशौर गांव में बुधवार देर शाम पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि एक युवक ने अपने ही बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे पिता और छोटे भाई को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम और दहशत का माहौल है।मृतक की पहचान 30 वर्षीय सिंटू कुमार, पिता सुनील पंडित, के रूप में हुई है। घायल पिता सुनील पंडित और 24 वर्षीय विपिन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर किया गया।घायल विपिन कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। वह और उनके पिता खाना खा रहे थे। शोर सुनकर दोनों बाहर पहुंचे और झगड़ा शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान मंझले भाई ने पहले विपिन, फिर पिता सुनील पंडित और अंत में सिंटू कुमार पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से सिंटू की मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने घटना के पीछे संपत्ति के बंटवारे का विवाद होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि आरोपी पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुका था। सूचना पर पहुंची रहुई थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# मगध विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक कुलपति सचिवालय में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पीएचडी कोर्स वर्क में नामांकन, आगामी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा परिणामों के समयबद्ध प्रकाशन और परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं छात्रहितैषी बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संबंधित विभागों और शाखाओं को निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक की शुरुआत पिछली परीक्षा समिति की कार्यवाही की संपुष्टि से हुई। इसके बाद पैट 2022-23 से जुड़े विषयों पर राज्यपाल सचिवालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने शोधार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करने का निर्णय लिया। समिति ने पैट 2022-23 के परीक्षाफल के बाद जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, इतिहास और समाजशास्त्र विषयों में पीएचडी कोर्स वर्क के लिए नामांकन शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। संबंधित विभागों को वर्ग संचालन और कोर्स वर्क परीक्षा की तैयारी शीघ्र शुरू करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं की तैयारियों, उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन, परिणामों के शीघ्र प्रकाशन तथा परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुधार पर भी चर्चा हुई। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों और शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने समिति के निर्णयों के समयबद्ध क्रियान्वयन का भरोसा दिया। बैठक में कुलानुशासक प्रो. के. डी. प्रसाद वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रतिम पार्थो दास, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस. एन. पी. यादव 'दीन', प्रबंधन संकायाध्यक्ष प्रो. आनंद प्रकाश, वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. शंकर शाह, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष, एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य सहित परीक्षा समिति के सदस्य और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार गुरुवार को बोधगया में आयोजित भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीजगन्नाथ का दर्शन-पूजन किया तथा बिहार और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इसके बाद डॉ. प्रेम कुमार जगन्नाथ मंदिर परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता सेवा में भागीदारी की। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्ची भक्ति है और स्वच्छता भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मंदिर परिसर को स्वच्छ रखना प्रत्येक श्रद्धालु का नैतिक दायित्व है। रथयात्रा के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ के रथ की पवित्र रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा वातावरण "जय जगन्नाथ" के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा, त्याग और मानव कल्याण का संदेश देने वाला महापर्व है। भगवान जगन्नाथ सभी के हैं और उनका रथ समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रतीक है। यह पर्व एकता, सद्भाव, प्रेम और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति विश्व को "वसुधैव कुटुम्बकम्" का संदेश देती है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के साथ नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने भगवान श्रीजगन्नाथ से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से बिहार विकास, समृद्धि और सामाजिक सद्भाव के पथ पर निरंतर आगे बढ़े तथा प्रत्येक नागरिक का जीवन सुख, शांति और खुशहाली से परिपूर्ण हो।

# गयाजी के 45 मुखियों ने देखा यूपी की मॉडल पंचायत नाथूपुर का काम

## मनरेगा से बनी लाइब्रेरी और अमृत सरोवर देख गदगद हुए गयाजी के मुखिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच/गयाजी।** राष्ट्रीय ग्राम पंचायत स्वराज अभियान के तहत गयाजी जिले से 45 मुखियाओं का चार दिवसीय एक्सपोजर विजिट बुधवार को रवाना हुआ। जिला पंचायती राज विभाग के अनुसार पहले दिन सभी जनप्रतिनिधियों को वाराणसी के एक निजी होटल जियॉन-इन में रात्रि विश्राम कराया गया। गुरुवार को टीम जौनपुर जिले के सिरकोनी प्रखंड अंतर्गत मॉडल ग्राम पंचायत नाथूपुर पहुंची। पंचायत सरकार भवन में ग्राम प्रधान सुनीता सिंह, पंचायत सचिव रत्नेश कुमार, कनीय अभियंता शनि सिंह और प्रशिक्षक विनय दुबे ने मुखियाओं को पंचायत की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान मुखियाओं ने मनरेगा योजना की राशि से निर्मित पुस्तकालय और अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। मुखियाओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी बिहार सरकार के मॉडल की तर्ज पर पंचायती राज के काम हो रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यहां एक पंचायत में लगभग 7500 की आबादी और 5500 मतदाता हैं। यूपी में पंचायत चुनाव मई 2026 में प्रस्तावित थे जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हैं। भ्रमण के बाद सभी मुखियाओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। गयाजी से इस दल के साथ गाइड के रूप में सूरज पाठक और हर्ष तिवारी शामिल हैं। कोंच प्रखंड से परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार, गौहरपुर की मुखिया शिव कुमार चौहान और गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी भी इस एक्सपोजर विजिट में शामिल हैं। दल का अगला कार्यक्रम शुक्रवार को होगा।

# पीएम श्री योजना के तहत छात्राओं का स्थानांतरण अधर में, 200 छात्राएं अब भी इंतजार में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल में पीएम श्री योजना के तहत कक्षा छह से आठवीं तक की छात्राओं का स्थानांतरण किए जाने के बावजूद अब तक उन्हें नए विद्यालय में पढ़ाई शुरू नहीं कराई जा सकी है। इससे करीब 200 छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है और अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार एक जुलाई से तीन शिक्षिकाओं का भी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल में स्थानांतरण कर दिया गया है। इसके बावजूद छात्राओं को विद्यालय नहीं बुलाया जा रहा है। इस संबंध में प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल के प्राचार्य राजकुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं है तथा मध्याह्न भोजन की व्यवस्था भी नहीं हो सकी है। इसी कारण छात्राओं की नियमित पढ़ाई शुरू नहीं कराई गई है। हालांकि स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय को बर्तन, गैस, राशन सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके बावजूद छात्राओं का स्थानांतरण लागू नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। अभिभावकों का कहना है कि अधिकारियों और विद्यालय प्रशासन के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। उक्त मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि देरी के लिए जिम्मेदार कौन है। संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रशासन से पूछे जाने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर छात्राओं की पढ़ाई शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

# पूमरे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने स्टेशनों और रेल ट्रैक का किया विंडो निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** यात्रियों की सुरक्षा व सहायता के साथ रेलवे परिसंपत्तियों की संरक्षा को लेकर पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने देर रात धनबाद-गया-पटना रेल सेक्शन का विशेष सुरक्षात्मक निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने गया जंक्शन सहित विभिन्न रेल ट्रैक, स्टेशनो का सुरक्षा व्यवस्था और रेलवे परिसर का बारीकी से जायजा लिया है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गया जंक्शन पर आईजी ने रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं जवानों से मिले और वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लिए। इस अवसर पर सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव, सीआईबी इंस्पेक्टर चंदन कुमार सहित रेलवे सुरक्षा बल के कई अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, गुरपा आउट पोस्ट के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आईजी अमरेश कुमार ने कहा कि बरसात का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने रेलवे परिसर और ट्रैक के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण को रेलवे की सामाजिक जिम्मेदारी बताया है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अभियान चलाकर पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही निरीक्षण के पूर्व गया-धनबाद सेक्शन के कुछ स्थानों पर पौधरोपण भी किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि रेलवे की पहली प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा है। स्टेशन, प्लेटफॉर्म, यार्ड और रेल ट्रैक पर चौबीसों घंटे सतर्क निगरानी बनाए रखी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्र सेवा सबसे बड़ी सेवा : डॉ. मो. अली हुसैन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज के वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. जोफैल हसन को राष्ट्रीय सेवा योजना का 3 वर्षों के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रोग्राम ऑफिसर) बनाया गया है। इससे संबंधित पत्र उन्हें मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम के हाथों प्रदान किया गया है। उनको यह जिम्मेदारी मिलने के अवसर पर अपनी बात रखते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कहा कि राष्ट्र सेवा सबसे बड़ी सेवा है। राष्ट्र को सर्वोपरि रखना हमारा कर्तव्य है। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करवाए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. जोफैल हसन को महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा बधाई दी गई है। इसके साथ-साथ बधाई देने वालों में विशेष रूप से शासी निकाय के अध्यक्ष शबी आरफीन शमसी, सचिव डॉ. हफीजुर्रहमान खान, प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. परवेज वहाब शामिल हैं। यह जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान और डॉ. अकरम वारिस ने प्रदान की।

# बागेश्वरी गुमटी आरओबी निर्माण की धीमी रफ्तार पर अधिकारियों की नाराजगी

## कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया शहर के उत्तरी हिस्से में बागेश्वरी गुमटी के पास निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा लगातार की जा रही है। जिला प्रशासन के साथ-साथ बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारी भी नियमित रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण कर रहे हैं।

गुरुवार को बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के वरीय परियोजना अभियंता आकाशदीप निर्माण स्थल पहुंचे और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई है। उन्होंने अधीनस्थ अभियंताओं तथा निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर काम में तेजी लाई जाए। दरअसल, बागेश्वरी रोड पर आरओबी के पिलरों के लिए गड्ढा खोदने का कार्य बुधवार से शुरू होना था, लेकिन गुरुवार दोपहर बाद तक भी काम शुरू नहीं हो पाया। इसी को लेकर वरीय परियोजना अभियंता ने संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इधर, आरओबी निर्माण को लेकर सड़क पर बैरियर लगाए जाने के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर मशीनें तो मौजूद रहती हैं, लेकिन जिस गति से कार्य होना चाहिए, वह दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण की यही रफ्तार रही तो आरओबी के पूरा होने में काफी लंबा समय लग सकता है। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि अधिकारियों की सख्ती के बाद अब निर्माण कार्य में तेजी आएगी और लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का लाभ जल्द मिल सकेगा।

# उत्तर कोयल नहर में पानी की किल्लत, किसानों ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा मगध केन्द्रीय कमिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के मुख्य अभियंता से मुलाकात कर नहर में आ रही रुकावटों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल सिंह के नेतृत्व में गए पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने नहर में पानी समय पर और अंतिम छोर तक नहीं पहुंचने की समस्या उठाई। इससे पहले मोर्चा के निर्णय पर नहर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण टीम में धनेश यादव, उपेन्द्र यादव, सुंदरदेव यादव, दारा सिंह, रामाशीष यादव और कमलेश यादव शामिल थे। टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही ज्ञापन तैयार किया गया। 211 आरडी पर बने अवैध डायवर्जन को तुरंत हटाया जाए। 259 आरडी बलहबार के पास कटे हुए बांध की मरम्मत कर उसे पक्का किया जाए। मुख्य शाखा सहित चेई, नवादा, कोटवारा और अंगरा कैनाल में अंतिम छोर तक पानी सुनिश्चित किया जाए। कुटकू डैम में फाटक लगाए जाएं। इस्माईलपुर के पास अंगरा शाखा में और देव हाल्ट के पास कोटवारा शाखा में रेल पुल का निर्माण किया जाए। मुख्य अभियंता से हुई बातचीत सकारात्मक रही। उन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# गुरुआ के नए अंचल अधिकारी मनीष कुमार का स्वागत, उप प्रमुख, समिति ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के नवपदस्थापित अंचल अधिकारी मनीष कुमार का उप प्रमुख नागेंद्र पासवान, नगवा पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार पासवान, गुनेरी पंचायत समिति सदस्य मनोज पासवान, बर्मा पंचायत समिति सदस्य मुन्ना पासवान, रामनाथ पासवान, प्रदीप यादव सहित कई पंचायत समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित निपटारा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा तथा कार्यालय में पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी प्रशासन स्थापित करने के लिए पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा। हाल ही में जारी तबादला आदेश के तहत नवादा जिले के कौआकोल अंचल से उनका तबादला कर गुरुआ अंचल में पदस्थापना की गई है।

# 6 करोड़ लखपति दीदी के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने हेतु दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के संयुक्त तत्वावधान में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बीपार्ड), गया में आयोजित 6 करोड़ लखपति दीदी बनाने हेतु कृषि, गैर-कृषि आजीविका एवं एमआईएस रणनीति एवं रोडमैप विषयक दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन 6 करोड़ लखपति दीदी के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु रणनीति, रोडमैप तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के निर्माण के साथ हुआ।

इस कार्यशाला में रोहित कंसल, सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने विचार साझा किये। साथ ही प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार पंकज कुमार, डॉ. सफीना ए. एन., अपर महानिदेशक, बीपार्ड, गया जी, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्वाति शर्मा, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हिमांशु शर्मा, अनन्या सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, अरुणाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संगीता यिरंग, राजेश्वरी एस. एम., निदेशक, ग्रामीण आजीविका, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, गेट्स फाउंडेशन से अंजनी कुमार सिंह के साथ ही विभिन्न राज्यों के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों के मुख्य एवं अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों, विकास सहयोगी संस्थाओं, तकनीकी विशेषज्ञों तथा आजीविका क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। दो दिनों तक आयोजित विचार-विमर्श में कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका, डिजिटल प्रबंधन सूचना प्रणाली, अभिसरण, उद्यमिता संवर्द्धन तथा महिलाओं की आय वृद्धि के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारम्भ राष्ट्रगीत, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में अनन्या सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राज्यों के बीच ज्ञान साझेदारी एवं सफल आजीविका मॉडलों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया। राजेश्वरी एस. एम., निदेशक (ग्रामीण आजीविका), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने लखपति दीदी अभियान को ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का राष्ट्रीय अभियान बताया। डॉ. सफीना ए. एन., अपर महानिदेशक, बीपार्ड, गया जी ने महिलाओं के सशक्तीकरण में क्षमता निर्माण, संस्थागत विकास एवं सतत सीखने की प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला। बिहार सरकार अपने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को हर एक स्तर पर सहयोग प्रदान कर रही है। पंकज कुमार, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने अभिसरण, नवाचार एवं बाज़ारोन्मुखी आजीविका को 6 करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य की आधारशिला बताया। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रतिभागियों ने कृषि आजीविका, गैर-कृषि आजीविका एवं प्रबंधन सूचना प्रणाली पर आयोजित तीन समानांतर तकनीकी सत्रों में भाग लिया। इन सत्रों में राज्यों ने कृषि एवं गैर-कृषि उद्यम, मूल्य श्रृंखला, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा प्रबंधन तथा आजीविका संवर्द्धन के सफल मॉडलों और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की, जिनके आधार पर दूसरे दिन पांच वर्षीय रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यशाला के दूसरे दिन तीनों तकनीकी वर्टिकल को एक संयुक्त चर्चा करते हुए, पहले दिन की चर्चाओं के आधार पर रणनीति, रोडमैप एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना प्रस्तुत किया गया।

## शपथ पत्र

मैं संजय कुमार राम पारस चौधरी, पिता रामपारस चौधरी, पता-ग्राम-बड़की सिरिसिया, पो.-शोभेपुर, थाना-भेलढी, जिला-सारण, बिहार-841311 का स्थाई निवासी हूं एवं मैं निम्नलिखित बातों का शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मैं संजय कुमार राम पारस चौधरी मेरे आधार कार्ड में यह नाम अंकित है एवं महाराष्ट्र में बना है। इसलिए उनका आधार कार्ड में मेरे पिता जी का नाम एक साथ जोड़ दिया गया है जबकि यह नाम सही नहीं है।

संजय कुमार राम पारस चौधरी एवं संजय चौधरी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं हूं एवं मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे पुत्र के स्कूल में मेरा नाम संजय चौधरी है जबकि मेरे पुत्र का नाम आदर्श कुमार है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 11096 दिनांक 14.07.26

**शपथकर्ता**
**संजय कुमार राम पारस चौधरी**


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–124–26–27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/बारुईपुर के तहत बारुईपुर–डायमंड हार्बर (किमी 24/0–60/0) और बारुईपुर–डायमंड हार्बर (किमी 24/0–43/7) अप और डाउन लाइन में विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य के साथ–साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,04,43,827.07, **बयाना राशि :** रु. 2,08,900/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–125–26–27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/सोनारपुर के तहत विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य (बालीगंज–बारुईपुर अप और डाउन, सोनारपुर–कैनिंग अप और डाउन लाइन के बीच)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,03,13,558.30, **बयाना राशि :** रु. 2,06,300/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-138/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सं.: 174_2026-27, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 174_2026-27, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में आदिसप्तग्राम, मगरा, तालाण्डु, खन्यन, पाण्डुया, सिमलागढ़, बैंची, बैंचीग्राम, देबीपुर, बगीला, रसूलपुर, हुगली घाट और गरिफा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 10,27,61,172.44 **बयाना राशि:** रु. 20,55,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 03.08.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-219/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# अब जम्मू-कश्मीर में टकराव!

लगता है अब भाजपा ने जम्मू कश्मीर में भी नया मोर्चा खोल दिया है। कुछ लोग इसे वहां का 'ऑपरेशन लोटस' भी कह रहे हैं। आरोप है कि भाजपा अब वहां भी विपक्षी पार्टियों में तोड़फोड़ करने जा रही है। इन अटकलों तक बल मिला, जब राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों की खरीद फरोख्त करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह हजरतबल में नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया था कि बीजेपी उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जम्मू क्षेत्र के एक एनसी विधायक ने उन्हें बताया कि बीजेपी की ओर से उन्हें पार्टी छोड़ने के बदले 20 से 30 करोड़ रुपये नकद, मंत्री पद और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने का आश्वासन दिया गया। उमर अब्दुल्ला ने यह आरोप भी लगाया था कि इस पूरी कोशिश में बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल थे जो सुप्रीम कोर्ट के वकील भी हैं। इस आरोप से भड़की बीजेपी ने उमर अब्दुल्ला के आरोपों पर बीजेपी ने क़ानूनी नोटिस भेजकर सात दिनों में अपनी बात वापस लेने और माफ़ी मांगने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर सिविल व आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

बीजेपी ने उमर अब्दुल्ला को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। बीजेपी ने उमर अब्दुल्ला द्वारा उस पर लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताते हुए सात दिनों के भीतर लिखित रूप में बयान वापस लेने और बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर मुख्यमंत्री के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा समेत सिविल और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी के इस लेटर पर तंज कसते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि बीजेपी ने उन्हें 'लव लेटर' भेजा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस झूठे बयान देने वाले बीजेपी नेताओं के खिलाफ भी ऐसे नोटिस भेजेगी। इससे साबित होता है कि मैं ऐसी राजनीतिक ताक़त हूँ जिसे बीजेपी नजरअंदाज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने एक राजनीतिक बयान दिया था और उन्हें उम्मीद थी कि बीजेपी उसका राजनीतिक जवाब देगी। लेकिन 'यह बीजेपी की राजनीति करने का तरीका है। राजनीतिक लड़ाई को अदालत के पीछे छिपकर लड़ना उनकी आदत है। उल्लेखनीय है कि बीजेपी की ओर से अधिवक्ता परिमोक्ष सेठ के माध्यम से यह क़ानूनी नोटिस भेजा गया है। यह नोटिस जम्मू-कश्मीर बीजेपी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सत पाल शर्मा के निर्देश पर जारी किया गया। तीन पन्नों के इस नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के आरोप पूरी तरह झूठे, दुर्भावनापूर्ण और बिना किसी तथ्यात्मक आधार के हैं। पार्टी के मुताबिक उमर अब्दुल्ला के बयानों से बीजेपी और उसके पदाधिकारियों की प्रतिष्ठा को गंभीर नुक़सान पहुँचा है। नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने जानबूझकर पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश की है। सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में पिछले साल हुए चुनाव के बाद राज्य में सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस और भाजपा के बीच अघोषित सौहार्द्र क्या खत्म हो गया है? राज्य में नेशनल कांफ्रेंस को तोड़कर बीजेपी क्या संदेश देना चाहती है और क्या नेशनल कांफ्रेस तो तोड़कर राज्य में बीजेपी के सत्ता में आने की कितनी संभावना है? जाहिर है कि बीजेपी के सत्ता में आने की उम्मीद नहीं के बराबर है। दरअसल उमर अब्दुल्ला राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा अभी तक नहीं दिए जाने से नाराज हैं। लिहाजा उन्होंने दिल्ली में सत्तारूढ़ भाजपा से टकराव शुरू कर दिया है। लेकिन इससे लाभ क्या होगा, यह समझना मुश्किल है।

# दलित राजनीति की जंग में आमने-सामने मायावती व चंद्रशेखर

**उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित नेतृत्व को लेकर जो बहस लंबे समय से भीतर ही भीतर चल रही थी, वह अब खुलकर सामने आ गई है। मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड के बाद आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद के आंदोलन और उस पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती की तीखी प्रतिक्रिया ने इस बहस को नई दिशा दे दी है। मायावती ने बिना नाम लिए ऐसे आंदोलनों को 'मगरमच्छ के आंसू' और 'संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ' से जोड़ते हुए दलित समाज को सड़क की बजाय संविधान और न्यायपालिका के रास्ते पर चलने की सलाह दी। इसके जवाब में चंद्रशेखर ने कहा कि जब समाज पर अत्याचार हो रहा हो, तो केवल अदालतों का इंतजार करना पर्याप्त नहीं है। यह विवाद केवल दो नेताओं की बयानबाजी नहीं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति में नेतृत्व और रणनीति की नई लड़ाई का संकेत है।**

अजय कुमार

मायावती का राजनीतिक दर्शन हमेशा सत्ता के जरिए सामाजिक परिवर्तन का रहा है। कांशीराम ने जिस 'मास्टर चाबी' का सिद्धांत दिया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए मायावती लगातार कहती रही हैं कि सत्ता हासिल किए बिना बहुजन समाज का स्थायी उत्थान संभव नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि बसपा सड़क जाम, हिंसक प्रदर्शन और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी राजनीति में विश्वास नहीं करती। उनका कहना है कि गरीब, मजदूर और बेरोजगार नौजवान यदि आंदोलनों के दौरान मुकदमों में फंसेंगे, तो उनका भविष्य बर्बाद होगा और इसका सबसे ज्यादा नुकसान बहुजन समाज को ही उठाना पड़ेगा। यह संदेश केवल वर्तमान आंदोलन तक सीमित नहीं था, बल्कि 2027 के चुनाव से पहले बसपा की पूरी राजनीतिक रणनीति का संकेत भी माना जा रहा है।

दिलचस्प यह है कि मायावती के इस बयान का समर्थन बीजेपी के वरिष्ठ नेता संगीत सोम ने भी किया। उन्होंने कहा कि समाज को दलालों और उकसाने वालों से बचना चाहिए। दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी के खिलाफ भी उन्होंने तीखा हमला बोला। इस समर्थन ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी, क्योंकि लंबे समय से विपक्ष मायावती पर बीजेपी के प्रति अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाने का आरोप लगाता रहा है। हालांकि, बसपा लगातार इन आरोपों को खारिज करती रही है और खुद को सभी दलों से समान दूरी रखने वाली पार्टी बताती है।

अगर पिछले डेढ़ दशक का राजनीतिक इतिहास देखें, तो तस्वीर और भी रोचक दिखाई देती है। वर्ष 2007 में मायावती ने 'सर्वजन' सामाजिक इंजीनियरिंग के सहारे उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। यह बसपा का स्वर्णकाल माना जाता है। लेकिन 2012 में पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा पहली बार शून्य





सीट पर पहुंची। 2017 विधानसभा चुनाव में पार्टी केवल 19 सीटों तक सिमट गई। 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जरूर जीतीं, लेकिन गठबंधन ज्यादा समय नहीं चला। 2022 विधानसभा चुनाव में बसपा सिर्फ एक सीट जीत सकी और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी फिर शून्य पर पहुंच गई। चुनावी आंकड़ों के अनुसार, 2007 में करीब 30 प्रतिशत वोट पाने वाली बसपा का वोट प्रतिशत अब लगभग 10 से 13 प्रतिशत के बीच सिमट चुका है। यह गिरावट दलित राजनीति में बदलते समीकरणों की सबसे बड़ी कहानी कहती है।

यहीं से चंद्रशेखर आजाद की राजनीति का विस्तार शुरू होता है। 2017 के सहारनपुर शब्बीरपुर हिंसा के बाद भीम आर्मी के जरिए उन्होंने दलित युवाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल जाना, फिर बाहर आकर सीएए-एनआरसी विरोध प्रदर्शन, दलित अत्याचार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहना उनकी राजनीति का आधार बना। 2020 में आजाद समाज पार्टी का गठन और 2024 में नगीना लोकसभा सीट से अकेले चुनाव जीतना इस बात का संकेत था कि दलित राजनीति में अब नया नेतृत्व भी जगह बना रहा है। खास बात यह रही कि उन्होंने यह जीत किसी बड़े गठबंधन के बिना हासिल की। इसके बाद से वह उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, पंजाब और दूसरे राज्यों में भी संगठन विस्तार की कोशिश कर रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दलित वोट अब पहले जैसा एकमुश्त नहीं रहा। जाटव समुदाय का बड़ा हिस्सा आज भी बसपा के साथ जुड़ा माना जाता है, लेकिन गैर-जाटव दलितों में पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव आया है। एक हिस्सा बीजेपी की कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक प्रतिनिधित्व के कारण उसके साथ गया, जबकि दूसरा हिस्सा स्थानीय आंदोलनों और चंद्रशेखर जैसे नए नेताओं की ओर आकर्षित हुआ। यही कारण है कि दलित राजनीति अब केवल बसपा बनाम बाकी दल नहीं रह गई, बल्कि उसके भीतर भी प्रतिनिधित्व की नई लड़ाई शुरू हो गई है।

मायावती इस बदलाव को अच्छी तरह समझती हैं। यही वजह है कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने लगातार संगठन को मजबूत करने, अकेले चुनाव लड़ने और कार्यकर्ताओं को आंदोलन की बजाय बूथ स्तर पर जुटने का संदेश दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि बसपा किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी और 2027 का चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पार्टी लगातार 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और कानून-व्यवस्था को अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी बताकर पुराने सामाजिक समीकरणों को फिर से जीवित करने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर, चंद्रशेखर आजाद की राजनीति पूरी तरह आंदोलन आधारित दिखाई देती है। उनका तर्क है कि केवल चुनाव जीतने से सामाजिक न्याय नहीं मिलेगा, बल्कि सड़क पर संघर्ष भी जरूरी है। यही वैचारिक अंतर आज दोनों नेताओं के बीच सबसे बड़ा राजनीतिक फर्क बन गया है। एक तरफ मायावती संविधान, अदालत और सत्ता की राजनीति पर भरोसा जताती हैं, तो दूसरी तरफ चंद्रशेखर संविधान के साथ-साथ जन आंदोलन को भी बराबर जरूरी मानते हैं। ललिता गौतम हत्याकांड के बाद दोनों नेताओं की प्रतिक्रियाओं ने इस अंतर को पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट कर दिया है।

अब सबसे बड़ा सवाल 2027 को लेकर है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन राजनीतिक जमीन तैयार होनी शुरू हो चुकी है। बीजेपी लगातार तीसरी बार सत्ता बचाने की तैयारी में है, समाजवादी पार्टी 2024 की लोकसभा सफलता को विधानसभा में दोहराना चाहती है और कांग्रेस भी संगठन विस्तार में जुटी है। ऐसे में दलित वोट किस दिशा में जाएगा, यह चुनाव का निर्णायक कारक बन सकता है। यदि बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक बचाने में सफल रहती है, तो मुकाबला त्रिकोणीय बन सकता है। लेकिन यदि चंद्रशेखर गैर-जाटव दलित युवाओं और आंदोलनकारी राजनीति को और मजबूत आधार दे देते हैं, तो बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि अपने ही सामाजिक आधार के भीतर से खड़ी होती दिखाई दे सकती है। यानी, मौजूदा विवाद केवल एक बयान या एक आंदोलन का नहीं है। यह उस बड़े राजनीतिक परिवर्तन का संकेत है, जिसमें उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति पहली बार दो अलग-अलग रास्तों के बीच खड़ी दिखाई दे रही है एक रास्ता मायावती का, जो सत्ता को परिवर्तन का माध्यम मानता है, और दूसरा चंद्रशेखर आजाद का, जो सड़क के संघर्ष को राजनीतिक ताकत में बदलना चाहता है। 2027 का चुनाव शायद यह तय करेगा कि बहुजन राजनीति की अगली पीढ़ी किस रास्ते पर आगे बढ़ेगी।

अध्यात्म

## सभी समस्याएं एक साथ कभी खत्म नहीं होतीं

एक लोक कथा है, पुराने समय में किसी गांव में एक बहुत मेहनती और ईमानदार व्यक्ति जीवन की परेशानियों से निराश हो गया था। कभी आर्थिक समस्या, तो कभी परिवार से जुड़ी चिंताएं उसे घेर लेतीं। वह हर समय यही सोचता था कि आखिर कब उसके जीवन की सभी परेशानियां खत्म होंगी। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास कमजोर होने लगा और वह सुबह से शाम तक उदास रहने लगा। एक दिन उस गांव में एक संत का आगमन हुआ। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन करने और अपनी समस्याओं का समाधान पूछने के लिए आने लगे। युवक को भी उम्मीद जगी कि शायद संत उसकी सभी परेशानियां एक साथ दूर करने का कोई उपाय बता देंगे। वह संत के पास पहुंचा और हाथ जोड़कर बोला, 'गुरुदेव, मैं अपने जीवन की परेशानियों से बहुत दुखी हूं। कृपा करके मुझे ऐसा रास्ता बताइए, जिससे मेरी सभी समस्याएं एक साथ समाप्त हो जाएं और मेरा जीवन सुखी हो जाए।' संत ने युवक की बात ध्यान से सुनी और मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं तुम्हें तुम्हारी परेशानियों से निपटने का रास्ता जरूर बताऊंगा, लेकिन पहले तुम्हें मेरा एक काम करना होगा।' युवक ने तुरंत कहा, 'गुरुदेव, मैं आपका काम करने के लिए तैयार हूं।' संत ने कहा, 'आज रात तुम्हें मेरी गौशाला में गायों की देखभाल करनी है। जब सभी गाय सो जाएं, तब तुम भी आराम करना, सो जाना।' युवक गौशाला में चला गया। पूरी रात वह गायों की देखभाल करता रहा। वह एक गाय को बैठा हुआ देखता तो दूसरी गाय खड़ी हो जाती। वह दूसरी को संभालता तो तीसरी उठ जाती। इसी तरह पूरी रात बीत गई और युवक एक पल भी नहीं सो पाया और सुबह हो गई। सुबह होते ही वह संत के पास पहुंचा। संत ने पूछा, 'बताओ, रात को तुम्हें अच्छी नींद आई?' युवक ने जवाब दिया, 'नहीं गुरुदेव, मैं पूरी रात सो नहीं सका, क्योंकि सभी गायें एक साथ सोई ही नहीं। एक सोती थी तो दूसरी जाग जाती थी।' संत ने कहा, 'यही जीवन का सत्य है। हमारी परेशानियां भी इन गायों की तरह ही हैं। जीवन में सभी समस्याएं एक साथ समाप्त नहीं होतीं। जब एक समस्या दूर होती है तो दूसरी चुनौती सामने आ सकती है। इसलिए परेशानियों से भागना नहीं चाहिए, बल्कि धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। जीवन में समस्याएं आती-जाती रहेंगी, हमें इनकी वजह से निराश नहीं होना चाहिए।' युवक को संत की बात समझ आ गई। उसने शिकायत करना छोड़ दिया और हर समस्या का समाधान खोजने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ समय बाद उसका जीवन पहले से अधिक शांत और संतुलित हो गया।

**सीख:** जीवन में सुख और दुख दोनों आते-जाते रहते हैं। यह उम्मीद करना कि कभी कोई परेशानी नहीं आएगी, ये बात वास्तविकता से दूर है। समस्याओं को स्वीकार करने से मन शांत रहता है और समाधान खोजने की क्षमता बढ़ती है। कई बार हम एक साथ कई परेशानियों के बारे में सोचकर तनाव बढ़ा लेते हैं।

# मध्य प्रदेश में तकनीक आधारित उद्योग विकास

**भारत में पिछले एक दशक हुए डिजिटल परिवर्तनों ने राष्ट्रीय विकास के आगे उसे आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास की धुरी बनाया है। डिजिटल इंडिया मिशन, इंडिया एआई मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने देश को नई तकनीकी दिशा दी है। इसी राष्ट्रीय दृष्टि को राज्य स्तर पर गति देने का प्रयास इन दिनों मध्यप्रदेश में होता हुआ देखा जा सकता है, जिसमें कि 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0' उसी परिवर्तन का सशक्त प्रतीक बनकर हमारे सामने है। यह सम्मेलन निश्चित ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उस नई आर्थिक सोच का परिचायक है, जिसमें मध्यप्रदेश स्वयं को कृषि प्रधान राज्य की पारंपरिक छवि से आगे बढ़ाकर भारत के उभरते हुए हाई-टेक औद्योगिक और डिजिटल केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है।**

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वस्तुतः जैसा कि मुख्यमंत्री कई अवसरों पर कहते भी रहे हैं कि विश्व बैंक और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अध्ययनों में लगातार यह बात सामने आई है कि भविष्य की आर्थिक प्रतिस्पर्धा डिजिटल प्रौद्योगिकी, ज्ञान आधारित उद्योगों और नवाचार क्षमता पर आधारित होगी। उत्पादन से अधिक मूल्य अब डिजाइन, डेटा, अनुसंधान और डिजिटल सेवाओं से उत्पन्न हो रहा है। मध्यप्रदेश ने इसी परिवर्तन को समय रहते समझा है। लंबे समय तक कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और पारंपरिक विनिर्माण पर आधारित अर्थव्यवस्था अब तकनीकी निवेश की ओर बढ़ रही है।

आज एक बार फिर राज्य की राजधानी भोपाल में आयोजित कॉन्क्लेव में 178.70 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित 20 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। इन इकाइयों से 1,229 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इसी अवसर पर गूगल प्ले (इंडिया लीड), मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन जैसी कई दिग्गज कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी हुआ। साथ ही स्पेन की स्ह्वड्ढद्गह्ल ढ्ठस्त्रद्बड्ड क्क्ल्द्ब1ड्डह्लद्ग स्द्धद्वह्लद्गस्त्र सहित विभिन्न कंपनियों को लेटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किए गए, जो यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश वैश्विक तकनीकी कंपनियों के निवेश मानचित्र पर अपनी जगह बना रहा है।

इस कॉन्क्लेव के माध्यम से मोहन सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपये के संभावित निवेश के साथ 35 हजार रोजगार का लक्ष्य रखा है। यदि यह निवेश प्रस्ताव समयबद्ध ढंग से परियोजनाओं में बदलते हैं, तो प्रदेश की औद्योगिक संरचना में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेगा।ऐसे निवेशों का प्रभाव दूरगामी होता है। इनके साथ सहायक उद्योग, लॉजिस्टिक्स, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप इकोसिस्टम भी तेजी से विकसित होते हैं। यही कारण है कि तकनीकी निवेश को आधुनिक अर्थव्यवस्था का 'मल्टीप्लायर सेक्टर' माना जाता है।

यहां ध्यान देने योग्य यह भी है कि इससे पूर्व प्रदेश में सम्पन्न हुए एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के पहले दो आयोजनों ने निवेश की रफ्तार को नई गति दी है। कॉन्क्लेव 1.0 में राज्य को 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिससे करीब 75 हजार रोजगार के अवसर बने। दूसरे एडिशन (कॉन्क्लेव 2.0) में 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया, जिससे 48 हजार युवाओं को रोजगार मिला। अब यह अपने में सफलता के साथ इस दिशा में तीसरा कॉन्क्लेव सम्पन्न हुआ है।

यहां यह भी बताया गया है कि प्रदेश में 1 गीगावाट क्षमता वाले एआई डेटा सेंटर की परियोजना साकार होगी। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग, ई-गवर्नेंस,





ऑनलाइन शिक्षा और ई-कॉमर्स का पूरा ढांचा डेटा सेंटरों पर निर्भर है। भारत में डिजिटल सेवाओं की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए डेटा सेंटर उद्योग आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल माना जा रहा है। यदि मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में समय रहते मजबूत आधार तैयार करता है, तो वह राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

इसी तरह से आज मोबाइल फोन से लेकर रक्षा उपकरण, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन और अंतरिक्ष तकनीक तक हर क्षेत्र की आधारशिला सेमीकंडक्टर हैं। इसी प्रकार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर वे संस्थान हैं, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियां अनुसंधान, इंजीनियरिंग, डिज़ाइन, सॉफ्टवेयर विकास और वैश्विक परिचालन संचालित करती हैं।

यदि मध्यप्रदेश इन दोनों क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराता है, तो प्रदेश में रोजगार के साथ उच्च कौशल वाले पेशेवरों का नया वर्ग भी तैयार होगा। इससे राज्य की आय, नवाचार क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी वृद्धि होगी। वहीं, इंदौर सुपर कॉरिडोर, भोपाल आईटी पार्क के विस्तार तथा कोलार रोड पर प्रस्तावित नए आईटी पार्क इस बात का संकेत हैं कि सरकार निवेश को लेकर गंभीर है, इसलिए उसके लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा भी तैयार कर रही है।

ऐसे में कहना यह भी है कि मध्यप्रदेश की यह पहलें उस समय सामने आई हैं, जब केंद्र सरकार डिजिटल इंडिया, इंडिया एआई मिशन, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, मेक इन इंडिया, पीएलआई (क्क्रश्स्त्रह्वष्ह्लद्बश्ठ स्ढ्ढठ्ठद्मद्गस्त्र ढ्ढठ्ठष्द्गठ्ठह्लद्ब1द्ग) योजनाओं तथा स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से तकनीकी विनिर्माण और डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। यदि राज्य सरकार इन राष्ट्रीय पहलों के साथ अपने औद्योगिक विकास मॉडल का प्रभावी समन्वय करने में सफल रहती है, तो यह तय है कि राज्?य को अतिरिक्त निवेश, तकनीकी सहयोग और वैश्विक कंपनियों की भागीदारी का व्यापक लाभ मिलेगा।

कुल मिलाकर कहें तो एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 यह संकेत देता है कि मध्यप्रदेश अब भविष्य की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर अपनी विकास रणनीति तैयार कर रहा है। कृषि, विनिर्माण और तकनीक इन तीनों क्षेत्रों का संतुलित विकास प्रदेश को नई आर्थिक शक्ति प्रदान कर सकता है।यदि राज्य इन सभी मोर्चों पर समान गति से आगे बढ़ता है, तो आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश न सिर्फ भारत के लिए बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप के साथ युरोप के प्रमुख हाई-टेक निवेश और नवाचार केंद्रों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर पाने में सफल होगा। हम उम्मीद करें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस दिशा में जो लगातार प्रयास कर रहे हैं, उनके ये सभी प्रयास पूर्णता को प्राप्त करें।

## आज का कार्टून





## राशिफल

**मेष**
आज आपके लिए मेहनत का फल मिलने का दिन है। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

**वृष**
भाग्य आपके साथ चलेगा। नौकरी में प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में नए अवसर और नई साझेदारी लाभ दिला सकती है।

**मिथुन**
आज आमदनी के नए रास्ते खुल सकते हैं, लेकिन खर्चों पर भी नजर रखना जरूरी होगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क**
धन और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। कानूनी मामला चल रहा है तो सतर्कता से आगे बढ़ें। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**सिंह**
धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रेम संबंधों में नया मोड़ आ सकता है और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी।

**कन्या**
आज सोच-समझकर लिया गया हर फैसला आपके पक्ष में जाएगा। शिक्षा और करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**तुला**
लंबे समय से रुके हुए काम आज पूरे होने की संभावना है। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक**
आपका अनुभव आपको सफलता की ओर ले जाएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के नए अवसर मिलेंगे। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**धनु**
आज व्यापार और निवेश दोनों में लाभ मिलने के अच्छे संकेत हैं। नई योजनाएं भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती हैं। परिवार के साथ तालमेल बनाए रखें और जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**मकर**
आज मेहनत रंग भी लाएगी। व्यापार के रुके हुए काम पूरे होंगे। परिवार के साथ खुशियां बांटने का मौका मिलेगा और किसी जरूरतमंद की मदद करके मन को संतोष मिलेगा।

**कुंभ**
आज सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के योग हैं। कार्यक्षेत्र में मनचाहा काम मिलने से उत्साह बना रहेगा। ससुराल पक्ष से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मीन**
आज का दिन खुशियों और नए अवसरों से भरा रहेगा। आपकी मीठी वाणी लोगों को प्रभावित करेगी। परिवार में विवाह से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंग्रेजी शराब बरामद, पिकअप चालक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी पुलिस ने बुधवार देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। मद्यनिषेध विभाग पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में पुलिस ने एक पिकअप वाहन से कुल 1034 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि फोरलेन पर वाहन चेकिंग के दौरान उक्त पिकअप को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर वाहन में छुपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप मिली।पुलिस ने मौके से पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान राजू कुमार, पिता - कारू यादव, साकिन - सुजा, थाना - मुफस्सिल, जिला - बेगूसराय के रूप में हुई है।प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शराब की यह खेप झारखंड से पटना ले जाई जा रही थी। पुलिस ने शराब और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मोकामा में आरपीएफ का जन जागरूकता अभियान

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और रेल संपत्ति की हिफाजत को लेकर आरपीएफ मोकामा ने बुधवार को औंटा हाल्ट के पास जन जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में आरपीएफ जवानों ने हाल्ट के आस-पास के ग्रामीणों, दुकानदारों और युवाओं को रेल नियमों के प्रति जागरूक किया।निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव ने ग्रामीणों से अपील की कि बिना किसी ठोस कारण के चैन पुलिंग



न करें, रेलवे ट्रैक पर अनावश्यक रूप से न घूमें और ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी खतरनाक हरकतों से बचें। उन्होंने बताया कि ये सभी कृत्य न सिर्फ कानूनन अपराध हैं, बल्कि इससे बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि चैन पुलिंग करने से ट्रेनों का परिचालन बाधित होता है और कई यात्रियों को परेशानी होती है, वहीं ट्रैक पर घूमना जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 के बारे में भी जानकारी दी गई।अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी आरपीएफ की इस पहल का स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर आरपीएफ बल के जवान मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकली भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद स्थित छोटी ठाकुरबाड़ी से गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई।रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की मनोहारी झांकी के दर्शन के लिए सुबह से ही ठाकुरबाड़ी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पूजा-अर्चना के बाद रथ को खींचकर यात्रा की शुरूआत की गई।यह





रथ यात्रा छोटी ठाकुरबाड़ी से निकलकर मोलदियार टोला, सकरवार टोला होते हुए बाजार चौक पहुंची और पूरे नगर का भ्रमण किया।इस दौरान पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। हर तरफ जय जगन्नाथ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु रथ खींचने के लिए आतुर दिखे और जगह-जगह लोगों ने रथ पर फूल-माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से सहयोग करते दिखे।

### दनियावां की नए सीओ स्नेहा सत्यम ने पदभार ग्रहण किया

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां की नई अंचलाधिकारी स्नेहा सत्यम ने सोमवार को अंचल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।सीओ के योगदान से ग्रामीणों को भूमि राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद जगी है।पदभार संभालने के बाद पटना के एक बैठक में भाग लेने चली गयी।

### शराब के साथ 2 महिलाओं सहित 3 गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शहीद गेट रोड में गुरुवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24.6 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो महिला और एक पुरुष तस्कर को गिरफ्तार किया है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर ट्रेन से शराब लेकर मोकामा आ रहे हैं। सूचना के आधार पर शहीद गेट रोड के पास घेराबंदी कर जांच की गई।जांच के दौरान तीनों को पकड़ा गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बेगूसराय निवासी मो. ओवैस, संजू देवी और मोकामा निवासी कारी देवी के रूप में हुई है। तीनों ट्रेन से मोकामा स्टेशन उतरे थे और शराब लेकर जा रहे थे।पुलिस ने उनके पास से कुल 24.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। तीनों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 'आधुनिक करियर के लिए कौशल में बदलाव' विषय पर व्याख्यान आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में विश्व कौशल दिवस के अवसर पर 'आधुनिक करियर के लिए कौशल में बदलाव' विषय पर महाविद्यालय की असोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. खुशबू ने व्याख्यान दिया। व्याख्यान में बदलते परिवेश में करियर के लिए



किन किन कौशल की आवश्यकता होगी, इस विषय पर विस्तार से बताया गया। साथ ही साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में भी बताया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा राय ने कैडेट्स को विषय से संबंधित व्याख्यान दिया और उनको जीवन में तथा एनसीसी में और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की कुलानुशासक डॉ. विधु बाला संस्कृत विभाग ने छात्राओं को सदैव अनुशासन बनाए रखने के लिए कहा और कैडेट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर सभी कैडेट्स एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को सौंपा गया आवेदन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय में व्यवस्थित बस स्टैंड निर्माण की मांग तेज हो गई है। बिहार प्रदेश भाजपा कार्यालय में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा को इस संबंध में मसौढ़ी के कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवेदन सौंपा है। मौके पर संजय केसरी, विजय यादव, समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। आवेदन में कहा गया है कि मसौढ़ी नगर में अभी बसों का परिचालन सड़क पर ही होता है। बसों के रुकने और यात्रियों के चढ़ने-उतरने के कारण मुख्य सड़क पर हर समय भीड़ लगी रहती है। इससे



यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है।स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने कहा कि सड़क पर ही बस स्टैंड होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। मांग की गई है कि मसौढ़ी नगर में जमीन चिन्हित कर एक आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए, ताकि यातायात सुगम हो सके और आम लोगों को राहत मिले। मंत्री नीतीश मिश्रा ने आवेदन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रकों को रोककर लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रकों को रोककर लूटपाट करने वाले दो युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि ट्रकों को हथियार के बल पर लूटपाट का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी सूचना गुरुवार को मिलते ही थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर थाना क्षेत्र के सबनिमा बाजार के निकट से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक युवक को विधि निरुद्ध भी किया गया है। पुलिस द्वारा इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवकों में सबनिमा निवासी निशांत प्रियदर्शी और गौरव गगन शामिल हैं। सभी का आपराधिक इतिहास खंगालते हुए विभिन्न सुसंगत धाराओं के अधीन मामला दर्ज कर आज न्यायिक अभिरक्षा में बाढ़ भेज दिया गया है।

# नदौल पैक्स चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच हुई वोटिंग, 15 उम्मीदवार मैदान में





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत के लिए नदौल पैक्स का चुनाव गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुआ,वहीं इस मौके पर मतदान केंद्र पर मजिस्ट्रेट के तौर पर अंचलाधिकारी मसौढ़ी ऋषिकेश, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती के साथ कई थानों के पुलिस की मुस्तैदी रही। बहरहाल शाम छह के बाद देर शाम तक प्रखंड कार्यालय में बने मतगणना स्थल पर कांउटींग चली। गौरतलब है की चुनाव को लेकर दो मतदान केंद्र बनाए गए जहाँ 1428 मतदाता इस चुनाव के वोटिंग का हिस्सा बने, कुल 9 पदों के लिए हुए चुनाव में 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है और यह चुनाव अध्यक्ष पद के लिए नहीं बल्कि प्रबंधन कार्यकारी सदस्यों के लिए हो रहा है, अध्यक्ष पद और एक सदस्य का पहले ही निविरोध चुनाव हो चुका है। ऐसें में प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव को लेकर भी काफी गहमागहमी का माहौल है,क्योंकि कार्यकारिणी के चुनाव में कई लोग इसे हल्के में लेते हैं लेकिन यही कार्यकारिणी सदस्यों के कारण पिछली बार अध्यक्ष पद जीतने के बावजूद पैक्स कमेटी नहीं बन पाई।गौरतलब है कि नदौल पैक्स में मतदान पहले 20 अप्रैल को होना था। लेकिन मतदान से 5 दिन पहले 15 अप्रैल को मतदाता सूची में विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। करीब 5 महीने बाद एक बार फिर वोटींग हुई है। कार्यकारिणी के 9 पदों के लिए कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। श्रेणीवार उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति के 3 उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग 4 उम्मीदवार, अति पिछड़ा वर्ग 3 उम्मीदवार ,सामान्य वर्ग: 5 उम्मीदवार है। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। पैक्स सदस्यों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## बारा पैक्स चुनाव: अध्यक्ष उम्मीदवारों के बिच चुनाव चिह्न आवंटित

### त्रिकोणीय मुकाबला, 24 जुलाई को वोटिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स के चुनाव की तारीख नजदीक आते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। बारा पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए 24 जुलाई को मतदान होगा। गुरुवार को उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बारा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार मैदान में हैं।जिसमें सहजानंद शर्मा, ग्राम गोखुला को किताब,कौशल कुमार, ग्राम नगौली को मोतियों का माला एवं नंदू प्रसाद यादव, ग्राम खरौना को ब्लैक बोर्ड चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। चिन्ह मिलने के बाद तीनों उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। गांव-गांव जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। निवार्ची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ऋषिकेश ने बताया कि बारा पैक्स में कुल 4085 मतदाता हैं। चुनाव के लिए 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस बार बारा पैक्स चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। तीनों प्रत्याशी अपने-अपने दावे और वादे के साथ मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं। 24 जुलाई को होने वाले मतदान में मतदाता ही तय करेंगे कि पैक्स की कमान किसके हाथ जाएगी।

## एएन कॉलेज में जीविका दीदियां संभालेंगी कैंटीन की कमान, सस्ते दर पर मिलेगा खाना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज के कैंटीन की जिम्मेदारी अब जीविका दीदी संभालेंगी। कॉलेज की ओर से जीविका समूह को कैंटीन का कमान का सौंपा गया है। फिलहाल कैंटीन को जीविका के जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जा रहा है। करीब दो हजार वर्ग फीट के कैंटीन में अब विद्यार्थियों को सस्ते दर पर आहार मिलेगा। कैंटीन में 60 रुपये में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कॉलेज स्टाफ को थाली मिलेगी। इसके साथ ही कैंटीन की मेन्यू में बिहार की लोकल व्यंजनों को भी रखा जायेगा। कॉलेज की प्राचार्या ने प्रोफेसर रत्ना अमृत ने बताया कि जीविका दीदीयों को कैंटीन के कमान सौंपने मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सस्ते दर पर खाना उपलब्ध कराने के साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के डिमांड के अनुसार कैंटीन के मेन्यू में विभिन्न व्यंजनों को जोड़ा जायेगा। कैंटीन के संचालन के लिये जीविका समूह की ओर से 25 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इसके साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि और हाईजीन मेंटेन रखने के तौर तरीके समझाने के लिये भी समूह की ओर से ट्रेनिंग दी गयी है। विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ ही कॉलेज स्टाफ को इस पहल से खाने के लिये कॉलेज कैंपस से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कैंटीन में खाने के अलावा विद्यार्थी खाना और नाश्ता का ऑर्डर बुक कर सकेंगे। कैंटीन खोलने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। जैसे ही जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जायेगा कैंटीन शुरू कर दिया जायेगा।

## संजय आनन्द विकलांग अस्पताल में 194वें निःशुल्क पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहाड़ी स्थित संजय आनन्द विकलांग अस्पताल में 194वें निःशुल्क पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर तथा दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू थीं। अपने संबोधन में



मेयर सीता साहू ने अस्पताल द्वारा वर्षों से दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं निःस्वार्थ सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पटना नगर निगम शहर को दिव्यांगजन-अनुकूल एवं विकलांगता-मुक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। अस्पताल के चेयरमैन डी.बी. गुप्ता ने अस्पताल को पिछले 27 वर्षों से निःस्वार्थ एवं निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. झा के योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. झा इस अस्पताल की आत्मा हैं। उन्होंने डॉ. झा को हाल ही में महावीर वात्सल्य अस्पताल का चेयरमैन नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन अस्पताल के सचिव विमल जैन ने किया। शिविर समाजसेवा की भावना से विभिन्न परिवारों एवं संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया गया। यह शिविर स्वर्गीय वैद्यनाथ साहु की स्मृति में उनके सुपुत्र शिशिर कुमार, वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी एवं समस्त परिवारय स्वर्गीय विनोद कृष्ण कनौडिया की जन्म जयंती तथा स्वर्गीय अजय एवं सत्य कनौडिया की स्मृति में शम्भु अग्रवाल द्वारकाकुंज परिवारय स्वर्गीय भुवनेश्वर प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में अनीता अग्रवाल एवं कृष्ण अग्रवाल तथा राधा रानी ग्रुप की समाजसेवी बहनों के सहयोग से प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु खेसरी देवी ने भावुक होकर कहा कि इस अस्पताल में आने पर ऐसा अनुभव होता है मानो चारों धामों के दर्शन हो गए हों। कार्यक्रम में अस्पताल के ट्रस्टीगण संजय डोरोलिया, वीना गुप्ता, अमर कसेरा, विजय अग्रवाल, रेखा कसेरा एवं विवेक माथुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अनेक दिव्यांगजनों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, करेक्टिव शल्य चिकित्सा की सुविधा तथा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उपस्थित लोगों ने अस्पताल की सेवा भावना एवं मानवता के प्रति समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद पहल बताया।

## मशरूम उत्पादन बनेगा रोजगार का सशक्त माध्यम : प्रो. तपन कुमार शांडिल्य

### मिल्की मशरूम उत्पादन एवं वैज्ञानिक स्पॉन निर्माण पर एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संपन्न





**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'मिल्की मशरूम उत्पादन एवं वैज्ञानिक स्पॉन निर्माण' विषय पर आयोजित एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि मशरूम उत्पादन युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कौशल-आधारित ऐसे प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. विनय भूषण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शुद्ध कल्चर, ग्रेन स्पॉन उत्पादन, सब्सट्रेट की तैयारी, मशरूम उत्पादन, फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण, पैकेजिंग एवं विपणन की वैज्ञानिक तकनीकों का सैद्धांतिक एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. रवि प्रभाकर, डॉ. सुषोभन पलाधी, डॉ. सोनू कुमार चौधरी एवं डॉ. मुकुंद कुमार ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैज्ञानिक स्पॉन निर्माण एवं मशरूम उत्पादन युवाओं और किसानों के लिए आय एवं उद्यमिता का प्रभावी माध्यम बन सकता है ।

## हथियार की डीलिंग करने आया सप्लायर गिरफ्तार, देसी पिस्टल बरामद

### 10 दिन पहले भी आया था हथियार बेचने

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के पंसारी गांव के पास से पुलिस ने एक हथियार सप्लायर को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हाथीनगर सिगोडी थाना क्षेत्र का रहने वाला कृष्ण यादव पिता स्व।शिवपाल यादव पंसारी गांव में हथियार की खरीद-बिक्री के लिए आया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में उसके कमर से एक देसी पिस्टल बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 10 दिन पहले भी वह इसी इलाके में हथियार लेकर आया था, लेकिन उस समय पुलिस को भनक लगते ही वह भाग निकला था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार कृष्ण यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। वह सिगोडी थाना कांड संख्या 52/25 के तहत हत्या के प्रयास मामले मे आरोपी रहा है।

## आईसीएआर का 98वां स्थापना दिवस : कृषि अनुसंधान परिसर में 'कृषि में सूखा प्रबंधन' विषय पर कृषक-वैज्ञानिक संवाद का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 98वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में 16 जुलाई, 2026 को 'कृषि में सूखाड़ प्रबंधन' विषय पर कृषक-



वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), बिहार सरकार के निदेशक डॉ. पी. के. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली विद्यार्थियों के लिए भारतीय कृषि की वर्तमान स्थिति तथा देश के कृषि विकास में आईसीएआर के अमूल्य योगदान पर जागरूकता सत्र के साथ हुआ, जिसके उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तकनीकी सत्र में वैज्ञानिकों ने एल नीनो एवं उसके मौसम तथा कृषि पर प्रभाव, वर्षा जल संचयन तथा सूखाड़ के प्रभावी प्रबंधन हेतु कृषि संबंधी उपायों पर व्याख्यान दिए। कृषक-वैज्ञानिक संवाद के दौरान किसानों ने खेतों में आने वाली विभिन्न समस्याओं को वैज्ञानिकों के समक्ष रखा। वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही देशी तकनीकी ज्ञान की सफल पहल का भी उल्लेख किया। डॉ. पी. के. मिश्रा ने आईसीएआर की 97 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बधाई देते हुए देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसके अतुलनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने बिहार में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने तथा किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं किसानों को कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में उनके सामूहिक योगदान के लिए बधाई दी।

## पालीगंज व्यवहार न्यायालय में न्यायिक कार्यों के लिए थानों का पुनर्वितरण, प्रधान जिला जज ने जारी किया आदेश

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय के नए भवन में न्यायिक कार्यों को अधिक सुचारू, व्यवस्थित एवं त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पटना ने आदेश जारी कर पालीगंज अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए न्यायिक अधिकारियों के बीच थानों का नए सिरे से पुनर्वितरण किया है। यह व्यवस्था 14 जुलाई 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। एसीजेएम-1 रवि पांडे को पांच थाना क्षेत्रों की जिम्मेदारीजारी आदेश के अनुसार, सिविल जज (सीनियर डिवीजन)-क सह एसीजेएम-1 रवि पांडे को बिक्रम, पालीगंज, खिरीमोड़, पिपरपुरा ओपी तथा इमामगंज ओपी से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई का दायित्व सौंपा गया है। इन थाना क्षेत्रों में दर्ज होने वाले नए मामलों के साथ-साथ लंबित मुकदमों की सुनवाई अब एसीजेएम-1 की अदालत में होगी। वहीं, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (कोर्ट संख्या-1) नदीम अहमद को दुल्हिन बाजार, रानीतालाब एवं सिगौड़ी थाना क्षेत्रों से जुड़े सभी आपराधिक मामलों की सुनवाई की जिम्मेदारी दी गई है। इन तीनों थाना क्षेत्रों के मामलों की न्यायिक प्रक्रिया अब उनके न्यायालय के अधीन संचालित होगी।

## पुनपुन में 15 दिन से जला ट्रांसफार्मर, गुस्साए किसानों ने प्रखंड प्रमुख का किया घेराव

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग की लापरवाही से नाराज पुनपुन प्रखंड के साहेबनगर गांव के किसानों ने गुरुवार को प्रखंड प्रमुख गुड़िया कुमारी का गांव में ही घेराव कर नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि गांव में खेती के लिए लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर बीते एक पखवारे से जला पड़ा है। शिकायत के बावजूद इसे नहीं बदला गया है। इससे धान की रोपनी और बिचड़ा बचाना मुश्किल हो गया है। प्रखंड प्रमुख गुड़िया कुमारी ने आरोप लगाया कि सहायक अभियंता चंद्रमणी कुमार निराला से कई बार अनुरोध किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब फोन भी नहीं उठाया जा रहा।

## खरभैया में 100 केवी ट्रांसफॉर्मर जलने से अंधेरा, पेयजल संकट भी गहराया

### इस सप्ताह तक नया ट्रांसफॉर्मर लगेगा : जेई



**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के खरभैया गांव में 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल जाने से पिछले कई दिनों से ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। साथ ही गांव में नल-जल योजना की आपूर्ति भी ठप हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद 25 केवी के एक ट्रांसफॉर्मर से आधे गांव का लोड चलाया जा रहा है। इससे वह भी ओवरलोड होकर जलने के कगार पर है। धान रोपनी का समय होने के कारण किसानों को सिंचाई में भी परेशानी हो रही है। इस संबंध में जेई क्राउन विकास कुमार ने बताया कि खरभैया के ग्रामीण उपभोक्ताओं और धान रोपनी के समय को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस सप्ताह तक गांव में नया 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा दिया जाएगा। वहीं गांव के सामाजिक कार्यकर्ता संत कुमार मुन्ना, अमरजीत कुमार व अभिरंजन ने बताया कि बिजली नहीं रहने से सिर्फ घरों में ही नहीं बल्कि नल-जल योजना से होने वाली पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। इससे पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर राहत देने की मांग की है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 करोड़ 87 लाख के गबन मामले में 5 ट्रक जब्त

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 करोड़ 87 लाख रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में 5 ट्रकों को जब्त किया है।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा, हाथीदह शाखा के प्रबंधक द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रबंधक के अनुसार बेगूसराय स्थित एक एजेंसी के खाते पर लखीसराय निवासी गोपाल सिंह के नाम से 6 ट्रक खरीदने के लिए 2 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि लोन के रूप में दी गई थी।कुछ दिनों तक किस्त जमा नहीं होने पर बैंक ने जब पड़ताल की तो बताया गया कि गाड़ियों की डिलीवरी अभी नहीं हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि 5 गाड़ियों को निकाल कर नंबर बदलकर सड़क पर चलाया जा रहा था।कार्रवाई करते हुए हाथीदह थाना पुलिस ने 2 ट्रकों को जब्त किया है, जबकि 3 ट्रक गुमला थाना में कोयला लदा हुआ पहले से जब्त है।

## मक्का की उपज करने वाले किसानों को मिला बड़ा बाजार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फसल तैयार होने के बाद सबसे बड़ी चिंता होती है कि उपज सही दाम पर और बिना परेशानी के बिक जाए। यदि खरीद की व्यवस्था मजबूत हो तो किसानों का समय भी बचता है और उनकी मेहनत का बेहतर फायदा भी मिलता है। इसी दिशा में आर्या.एजी ने रीगाल के साथ मिलकर बिहार में मक्का खरीद नेटवर्क को और मजबूत किया है। सीमांचल, बिहार में इस सीजन के दौरान आर्या.एजी की फील्ड टीम ने 3 करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की मक्का खरीद पूरी की। इसके लिए आर्या एग्री वैल्यू रिसोर्स सेंटर्स (एवीआरसी), सीवीआरपीज, फील्ड टीमों और 20 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने मिलकर किसानों को सीधे रीगाल से जोड़ने का काम किया। टीम ने किसानों को मक्का सुखाने का सही तरीका बताया, नमी की जाँच कराई, गुणवत्ता की जाँच में मदद की और डिस्पैच तक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी। इससे किसानों को खरीदारों की जरूरतें समझने में आसानी हुई और एफपीओ भी संगठित खरीद प्रक्रिया का हिस्सा बन सके। आर्या.एजी के चीफ बिजनेस ऑफिसर रितेश रमन ने कहा, बिहार का मक्का उत्पादन देश की ग्रेन वैल्यू चेन में तेजी से अहम बन रहा है। एफपीओ और छोटे किसानों को भरोसेमंद खरीदारों से जोड़कर उन्हें बेहतर बाजार और ज्यादा मूल्य दिलाया जा सकता है। रीगाल रिसोर्सेज के प्रोक्योरमेंट हेड विवेक लिल्हा ने कहा, आर्या.एजी के साथ साझेदारी से खरीद प्रक्रिया ज्यादा व्यवस्थित हुई। गुणवत्ता जाँच, डिस्पैच प्लानिंग और एफपीओ के साथ बेहतर तालमेल से हमें अपनी जरूरत के मुताबिक बेहतर गुणवत्ता वाला मक्का मिल सका।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में नहीं रुक रहा देसी शराब का कारोबार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के बावजूद जिले में देशी शराब का कारोबार नहीं रुक रहा है। दियारा इलाकों और नदियों के किनारे धड़ल्ले से महुआ की शराब बनाई जा रही है। उत्पाद विभाग की पुलिस पूरी तरह विफल नजर आ रहा है. पान की दुकान से लेकर, चाय दुकान और अन्य जगहों पर धड़ल्ले से शराब की बिक्री होती है. खास कर राघोपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्रों में देशी शराब का कारोबार काफी चरम पर है.वहां से तैयार की गयी शराब की मांग जिले के आसपास के इलाको में काफी है. कारोबारी पुलिस को बड़ी आसानी से चकमा देकर पटना के आसपास के इलाकों में देशी शराब पहुंचा रहे है. हालांकि उत्पाद विभाग की टीम द्वारा राघोपुर दियारा क्षेत्रों में छापेमारी कर देशी शराब की कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है. इसके बावजूद भी देशी शराब का कारोबार नहीं रुक रहा है. धंधेबाज पुलिस को बड़ी आसानी से चकमा देकर अपना कारोबार कर रहे है. देशी शराब के सेवन से सेहत पर काफी असर पड़ता है. लगातार देसी शराब पीने से लिवर कैंसर एवं पेट में कई अन्य भयंकर बीमारी पैदा होती है. बताया जाता है कि इस दारू का ग्राहक खास तौर पर मजदूर वर्ग के लोग होते हैं. इन्हें यह बड़ी आसानी और सस्ती में मिल जाता है. ये लोग दिन भर की मजदूरी के बाद नशा करने के लिए देशी शराब पीते है.

### डीएम, एसपी ने किया सोमेश्वर मंदिर विकास के कार्यों का निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा श्री सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, अरेराज के पर्यटकीय विकास के लिए कराये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुराना अंचल कार्यालय के पास बन रहे पर्यटक भवन, पोखरा का सौन्दीकरण एवं तिलाई नदी पर दो पैदल पुल का निर्माण एवं केडिया धर्मशाला तथा चहारदिवारी निर्माण का स्थल निरीक्षण किया गया। वहां पर बताया गया कि पुराना अंचल



कार्यालय के पास निर्माणाधीन धर्मशाला के भू-तल के छत का सेन्ट्रिंग का कार्य प्रारंभ है। कार्य अभिकर्ता को संवेदक द्वारा ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही उसी भूखण्ड में अवस्थित पोखरा सौन्दीकरण हेतु दो साईड से पाईलिंग का काम प्रारंभ हुआ है। संवेदक अभियंता को निदेशित किया गया है कि सौंदीकरण का कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगें। वहां पर पुराना पर्यटन होटल का निरीक्षण किया गया। कार्य अभिकर्ता के द्वारा बताया गया कि पुराना पर्यटक होटल का सौंदर्यीकरण अगले चार माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।जिलाधिकारी के द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता की जांच समय-समय पर करने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, अरेराज एंव कार्यपालक पदाधिकारी, अरेराज को निदेशित किया गया।

### खान-पान स्टॉलों के आवंटन से रेल राजस्व में वृद्धि

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों को बेहतर खान-पान सुविधाएँ उपलब्ध कराने में वृद्धि के उद्देश्य से सोनपुर मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर खान-पान स्टॉलों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस पहल से मंडल को कुल पांच लाख इक्कहत्तर हजार रुपये) का रेल राजस्व प्राप्त होगा। ई-निविदा के अंतर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर खान-पान स्टॉलों का आवंटन किया गया है-अक्षयवटराय नगर स्टेशन,नयागाँव स्टेशन,महनार रोड स्टेशन,चकमकरंद स्टेशन, पारूधास स्टेशन,पसराहा स्टेशन, नारायणपुर स्टेशन एवं कुढ़नी स्टेशन। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के नेतृत्व में सोनपुर मंडल गैर-किराया राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए रेलवे परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है। सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार एवं रेलवे की आय में वृद्धि के लिए इस प्रकार की योजनाओं को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

### अटल बिहारी सिंह महाविद्यालय ने 47 वां स्थापना दिवस मनाया

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवध बिहारी सिंह महाविद्यालय लालगंज वैशाली का 47 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने किया.इस अवसर पर वक्ताओं ने महाविद्यालय के स्थापना काल से आज तक कुशलता पूर्वक संचालन का जिक्र करते हुए महाविद्यालय के निरंतर विकास की कामना की.साथ ही आज ही के दिन यानि 15 जुलाई को निखिल कुमार सिंह पूर्व राज्यपाल नागालैंड एवं केरल का जन्म दिवस समारोह का आयोजन कॉलेज परिवार ने केक काटकर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया. जन्म दिवस पर उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा दीघार्यु की कामना की गई. समारोह में प्रो हरिकिशोर सिंह, प्रो राघवेंद्र कुमार सिंह,प्रो अरुण कुमार,पलालन प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह,सुरेन्द्र नारायण सिंह सुनील कुमार सिंह,मनोज कुमार उपाध्याय,विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह,धनंजय मिश्रा,प्रेम प्रकाश तथा कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेत्तर एवं छात्र छात्राएं भी शामिल रहें.

### एबीवीपी का पैदल मार्च, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमालपुर कॉलेज इकाई के नेतृत्व में गुरुवार को मुंगेर विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर छात्रों ने पैदल मार्च निकाला। जमालपुर कॉलेज से शुरू हुआ यह मार्च विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा, जहां छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा।पैदल मार्च का नेतृत्व जमालपुर कॉलेज अध्यक्ष राज चौधरी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे।प्रदेश मीडिया संयोजक



सत्यम निराला ने कहा कि विश्वविद्यालय में लागू ओएमआर आधारित परीक्षा प्रणाली छात्रों के हित में नहीं है। इसे तत्काल समाप्त कर पारंपरिक एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने मांग की कि पारंपरिक परीक्षा और ओएमआर आधारित परीक्षा प्रणाली पर होने वाले कुल खर्च का भी सार्वजनिक विवरण जारी किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।प्रदेश जनजाति छात्र संयोजक ने कहा की निजी एजेंसी के पेमेंट गेटवे के माध्यम से छात्रों से परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 800 से 1000 रुपये तक की वसूली की जा रही है। परिषद ने इस अतिरिक्त शुल्क पर तत्काल रोक लगाते हुए सरकारी बैंक के पेमेंट गेटवे का उपयोग करने की मांग की।प्रदेश प्रतियोगिता छात्र संयोजक ने कहा कि इंटर्नशिप को लेकर विश्वविद्यालय में नियमावली में लगातार बदलाव से छात्र भ्रमित हो रहे हैं। उन्होंने सभी नियमों को स्पष्ट करने, जांच समिति एवं इंटर्नशिप कार्यक्रम की रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा लंबित सत्रों को नियमित करने की मांग की।

# एकमा क्षेत्र को मिलीं दो डिग्री कॉलेजों की सौगात

**विधायक मनोरंजन सिंह धूमल सिंह व अन्य अतिथि, 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन, नए सत्र 2026-30 में पठन-पाठन शुरू**







**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में बुधवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से डिजिटल माध्यम के जरिए एकमा के परसागढ़ सहित प्रदेश के 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का एक साथ उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही सभी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए पठन-पाठन का विधिवत शुभारंभ भी हो गया। इस अवसर पर एकमा विधानसभा क्षेत्र के परसागढ़ एवं लहलादपुर में एक-एक, यानी कुल दो राजकीय डिग्री महाविद्यालयों सहित महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के नौ नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संबंधित महाविद्यालय परिसरों में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। नए डिग्री महाविद्यालयों के शुरू होने से हजारों छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। एकमा विधानसभा क्षेत्र के आरएन हाई स्कूल सह उच्च माध्यमिक विद्यालय, परसागढ़ परिसर स्थित नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में जिला पंचायती राज पदाधिकारी शशि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, अंचलाधिकारी रवि शेखर, बीपीआरओ सूरज कुमार, एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव, एकमा प्रमुख पति बच्चा सिंह, परसा दक्षिणी पंचायत की मुखिया काजल तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्र नाथ सिंह, भाजपा जिला लघु उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश कुमार सिंह, एकमा विधानसभा संयोजक बलवंत सिंह, नमामि गंगे प्रकोष्ठ के चंद्रशेखर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, बंटी ओझा, विपुल कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड जदयू अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, बिपिन सिंह, विकास सिंह, जितेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला जी, विकास मिश्रा, अविनाश चंद्र उपाध्याय, महामंत्री चितरंजन सिंह, राजीव सिंह (पप्पू), पवन कुमार, प्रदीप सिंह एवं बीरेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजकीय डिग्री महाविद्यालय, पटेढ़ी बेलसर का किया उद्घाटन



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली जिले के लिए बुधवार का दिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी ने राज्य के नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजकीय डिग्री महाविद्यालय, पटेढ़ी बेलसर, वैशाली का विधिवत उद्घाटन किया। इस इस मौके पर डीएम वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, पटेढ़ी बेलसर परिसर में भव्य एवं गरिमामय उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद वीणा देवी, विधायक, वैशाली सिद्धार्थ पटेल, जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता अंकुर त्रिपाठी , उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समावेशी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के संचालन से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने निकट ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे उच्च शिक्षा का दायरा विस्तृत होगा तथा युवाओं के बेहतर एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण को नई दिशा मिलेगी।

## एलपीजी आपूर्ति की सतत निगरानी, जिले में औसत बैकलॉग घटकर 3.3 दिन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली, वर्षा सिंह के निर्देश पर जिले में घरेलू एलपीजी की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण किया जा रहा है।जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, वैशाली जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनसे कुल 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। जिले में 14 जुलाई 2026 तक गैस एजेंसियों के पास कुल 14,852 एलपीजी सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध था। पिछले छह दिनों में जिले में प्रतिदिन औसतन 12,624 गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है। वर्तमान में कुल औसत बैकलॉग घटकर 3.3 दिन रह गया है। जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों को लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं समयबद्ध होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 45 दिनों के बाद ही अगली बुकिंग की अनुमति दी जा रही है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।एलपीजी से संबंधित जमाखोरी एवं कालाबाजारी के मामलों में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं, जिनमें हाजीपुर अनुमंडल में दो तथा महनार अनुमंडल में एक प्राथमिकी शामिल है। जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उपभोक्ता एलपीजी से संबंधित शिकायत अथवा सुझाव के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06224-260233 एवं 260234 पर संपर्क कर सकते हैं।जिला प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट पर सिलेंडर प्राप्ति की तिथि, प्राप्त सिलेंडरों की संख्या, वितरण की तिथि एवं उपलब्ध स्टॉक की अद्यतन जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।



## प्रेम प्रसंग में युवक के अपहरण की आशंका

**दो साल पुराने प्रेम संबंध के बीच अचानक गायब हुआ किशोर।**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर आदर्श थाना क्षेत्र के खलासी मोहल्ला निवासी शिवम कुमार (16)के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रेम प्रसंग से जुड़े इस मामले में स्वजन ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है। श्रीकृष्ण सेतु पर किशोर का चप्पल मिलने के बाद परिवार की चिंता और बढ़ गई है। पुलिस अब गंगा नदी में गोताखोरों की मदद से तलाश करा रही है। स्वजन के अनुसार शिवम का थाना क्षेत्र की ही एक युवती से पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध था। दोस्तों ने बताया कि बुधवार सुबह ट्यूशन के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद शाम करीब सात बजे शिवम घर से निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।

## मनोरमा देवी सिकरिया ए.एन.एम ट्रेनिंग स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोरमा देवी सिकरिया ए.एन.एम ट्रेनिंग स्कूल में ए.एन.एम की छात्राओं के नये सत्र की शुरूआत की गई। इस अवसर पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता यमुना सीकरीया, भाजपा नेत्री डॉक्टर हेना चंद्रा, फामेर्सी प्रिंसिपल प्रीति कुमारी दुबे, ए.एन.एम प्रिंसिपल शांति गलेडीश एवं अनिल प्रसाद ने संयुक्त रूपों से दीप प्रज्वलित कर किया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। यमुना सीकरीया ने कहा मोतिहारी शहर का एकमात्र नर्सिंग कॉलेज है। जिसको बिहार सरकार के अलावा भारत सरकार भारतीय उपचार्य परिषद से भी पिछले 15 वर्षों से मान्यता प्राप्त है। यहां की डिग्रियां पूरे भारत के साथ-साथ विदेश में भी मान्य है मोदी सरकार के द्वारा लगातार स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। हर जिले में 500 वेड के हॉस्पिटल का निर्माण हो रहा है।बिहार सरकार में लगातार नर्सो की बहाली हो रही है। डॉक्टर हेना चंद्र ने कहा स्वास्थ्य विभाग ऐसा क्षेत्र है। जिससे हर व्यक्ति किसी न किसी रूप से जुड़ा होता है। उन्होंने प्रशिक्षित ए.एन.एम को स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी बताएं। जिनकी भूमिका समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में बहुत महत्वपूर्ण है।

## दो लाख की विदेशी शराब और 50 हजार के गांजा के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी वाले बिहार में शराब का की तस्करी कोई नई बात नहीं रह गई है लेकिन शराब का कारोबार घर से ही संचालित हो रहा है।सबसे खास बात यह है कि अब पति पत्नी मिलकर श राब का ठेका घर से ही चला रहे है।ऐसा ही कुछ मामला वैशाली थाना क्षेत्र से सामने आया है जहाँ पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है।इस बारे में लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि ऑपरेशन नीलकंठ के तहत एसपी शुभांक मिश्रा के निर्देश पर वैशाली थाना और जिला एसटीएफ ने थाना क्षेत्र के बेलका गांव स्थित लालबाबू सिंह के घर मे छापेमारी की जहां से लगभग दो लाख की कीमत का विदेशी शराब और 50 हजार से अधिक की कीमत का गांजा और 1 लाख 65 हजार कैश भी बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि पति पत्नी दोनो मिलकर मादक पदार्थ और शराब का कारोबार कर रहे थे लिहाजा पति पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।एसडीपीओ ने कहा कि लालबाबू पर पहले से ही शराब तस्करी का केस दर्ज है और पहले भी इस मामले में जेल जा चुका है।बहरहाल घर घर शराब की डिलीवरी तो आम बात हो गई है लेकिन अब घर घर शराब का कारोबार शुरू हो गया है जो पुलिस प्रशासन के लिए चिंता की बात है ऐसे में अगर समय रहते नशे के इस काले कारोबार पर लगाम नहीं लगाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब शराबबंदी कानून सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह जाएगा।



## मानसून को लेकर नगर परिषद हाजीपुर अलर्ट, जलजमाव वाले क्षेत्रों का कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**डीएम के निर्देश पर जलनिकासी, पंपिंग व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की कार्रवाई तेज**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून एवं संभावित जलजमाव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद हाजीपुर द्वारा शहर के जलजमाव संभावित क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ताजबाज पोखर, छनमन पोखर, नईपर गेट, आर.एन. कॉलेज पोखर सहित अन्य संवेदनशील स्थलों का जायजा लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने ताजबाज पोखर, छनमन पोखर तथा नईपर गेट के समीप जलनिकासी को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित एजेंसी के माध्यम से 100 एचपी क्षमता के बड़े डीजल एवं इलेक्ट्रिक पंप अविलंब स्थापित कराने का निर्देश दिया। वहीं शहर के विभिन्न वार्डों की गलियों में जलजमाव की समस्या से त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 3 एचपी क्षमता के छोटे पंपों की मरम्मत एवं स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी संबंधित अभियंताओं एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में स्थित खुले एवं क्षतिग्रस्त नालों पर स्लैब लगाने तथा खतरा-चिह्न (बैरिकेडिंग) लगाने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए, ताकि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा जन-धन की हानि से बचा जा सके। डीएम वर्षा सिंह ने कहा कि मानसून के दौरान आम नागरिकों को जलजमाव की समस्या से राहत प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी संबंधित विभागों एवं नगर निकायों को आवश्यक संसाधनों के साथ पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। जलनिकासी व्यवस्था, पंपिंग सिस्टम एवं सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति का त्वरित एवं प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

## चाकूबाजी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत


**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी कला पूर्वी गांव में 14 जुलाई को हुए चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय अकलू दास के 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। मृतक के भाई राहुल कुमार ने बताया कि जितेंद्र कुमार काम से लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पास पांच युवक नशा कर रहे थे। आरोप है कि युवकों ने जितेंद्र को रोककर ₹5 हजार की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर सभी ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों को देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल जितेंद्र को तत्काल हाजीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान बुधवार रात करीब 8 बजे उनकी मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब 4 बजे शव गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। आक्रोशित ग्रामीण आरोपियों के घर की ओर बढ़ गए, लेकिन सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी परिवार सहित घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें दिग्घी कला पूर्वी निवासी शिवनाथ पासवान का पुत्र अमरेश कुमार उर्फ भूटा शामिल है।



## बेटी के अपहरण मामले की रंजिश में अधेड़ की गोली मारकर हत्या, गांव में तनाव

**दो माह पहले दर्ज हुआ था अपहरण का केस ● परिजनों ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सफियासराय थाना क्षेत्र के डकरा सतखजुरिया गांव स्थित एक ईंट-भट्ठा परिसर में शुक्रवार की देर रात 50 वर्षीय सुबोध यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक ईंट-भट्ठे पर नाइट गार्ड के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है तथा दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्वजनों का आरोप है कि हत्या के पीछे दो माह पूर्व उनकी नाबालिग पुत्री के अपहरण का मामला है। इस संबंध में सफियासराय थाना में देवन यादव एवं अंकित यादव सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। स्वजनों का यह भी कहना है कि केस वापस लेने के लिए सुबोध यादव को लगातार धमकियां दी जा रही थीं। आरोप है कि पुलिस ने समय रहते आरोपितों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसका नतीजा उनकी हत्या के रूप में सामने आया।बताया गया कि बुधवार रात्रि सुबोध यादव ईंट-भट्ठा परिसर में सो रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। भट्ठा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना के कुछ अहम फुटेज मिलने की बात भी सामने आई है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। इधर शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक एनएच-80 जाम कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया गया।पुलिस अधीक्षक इमरान मसूद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## जिला अंतर्गत सभी मुख्य पथों के किनारे अतिक्रमण को हटाया जाएगा

**सड़क दुर्घटना नहीं हो, इसका पुख्ता इंतजाम करने का दिया गया निर्देश**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन हर हाल में किया जाएगा। इसको लेकर सभी मुख्य सड़कों के किनारे अतिक्रमण को हटाने को प्राथमिकता दिया जाए।बैठक में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात,नगर आयुक्त आशीष कुमार, साधारण मंडल पदाधिकारी अरुण कुमार जिला परिवहन पदाधिकारी डीएसपी हेडक्वार्टर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित एनएचएआई, एनएच के प्रोजेक्ट अभियंता, आरसीडी एवं पथऊ के कार्यपालक अभियंता एवं सभी ईएसआई तथा संबंधित थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे। समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि एनएच डिविजन कोटवा के द्वारा मुख्य पथ के किनारे स्थाई एवं अस्थाई स्थान को चिन्हित किया गया है एवं इसी से संबंधित 600 लोगों को नोटिस दिया गया है। एनएच डिविजन मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि इस डिवीजन में 500 लोगों को नोटिस गया है। वहीं चकिया डिविजन के द्वारा बताया गया कि चाकिया केसरिया पथ से संबंधित 28 एवं मधुबन आंचल से संबंधित 27 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया है। पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में एनएच डिविजन कोटवा के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि पिपरा कोठी ओवरफ्लाई के नीचे ट्रैफिक चेक पोस्ट बना दी गई है, अब वहां ट्रैफिक पुलिस/ फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिलाधिकारी के द्वारा सभी ईएसआई (एनफोर्समेंट सब इंस्पेक्टर) को निर्देश दिया गया कि अवैध पार्किंग के विरुद्ध नियमित कार्रवाई करें। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की पूर्व की बैठक में जो आदेश दिए गए थे उसका कितना अनुपालन हुआ है। इससे संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराये। सवडिवीजन मोतिहारी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिया गया कि मोतिहारी के छतौनी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू संचालन के लिए सर्विस रोड का निर्माण शीघ्र कारण प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि मोतिहारी से रक्सौल जाने के क्रम में लेफ्ट साइड बाएं तरफ की सर्विस रोड बना दिया गया है तीन से चार दिनों के अंदर उसके आसपास से मिट्टी को हटा दिया जाएगा साथ ही न के पूर्व दिशा के सर्विस लैंड को भी शीघ्र ही सही कर दिया जाएगा जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि वहां आसपास जो भी गड्ढे हैं सभी को तुरंत भरवा कर पथ को मोटरेबल बनाएं अगर दुर्घटना हुई तो जिला प्रशासन प्राथमिक की दर्ज कराकर कार्रवाई करेगा जिलाधिकारी लोगों को कोई सुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी के द्वारा सुगौली में अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया उन्होंने कहा कि रोड पर सब्जी बाजार नहीं लगे इसको लेकर नगर पंचायत सुगौली से बात करें और उसको दूसरे जगह शिफ्ट कराएं। बंजरिया थाना के पास सड़क के किनारे बड़ी संख्या में पकड़ी गई गाड़ियों के लगे रहने का मामला भी सामने आया जिस पर बताया गया कि बंजरिया का नया थाना भवन बन गया है और शीघ्र ही गाड़ियों को शिफ्ट किया जाएगा।



# दाउदनगर में बनेंगे नए राशन कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । बीडीओ मो.जफर इमाम ने प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत सचिवों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं विकास मित्रों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ सतीश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नया राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से 14 जुलाई से नए राशन कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन दिया जा रहा है। 13 अगस्त तक नया राशन कार्ड बनाया जाना है। दाउदनगर प्रखंड में 4280 नया राशन कार्ड 13 अगस्त तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आवश्यक दिशा -निर्देश देते



हुए बीडीओ ने कहा कि इसके लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। बीडीओ ने कहा कि जो लोग भी ऑफलाइन आवेदन जमा करना चाहते हैं उनका आवेदन विकास मित्र संग्रह करके ग्रामीण क्षेत्र का पंचायत सरकार भवन या पंचायत भवन में पंचायत में डाटा इट्री ऑपरेटर व कार्यपालक सहायक एवं नगर पर्षद में कार्यपालक सहायक से इंट्री कराएं। विकास मित्र घूम घूम कर लोगों को इसके लिए जागरूक करें और उनका आवेदन भी संग्रह करें। बीडीओ ने कहा कि कोई भी पत्र परिवार जानकारी के अभाव में राशन कार्ड से वंचित नहीं रहे। बैठक में संभावित बाढ़ व जल जमाव की स्थिति से निपटने की तैयारी की भी समीक्षा की गई। कहा गया कि बिहार मौसम केंद्र द्वारा 20 व 21 जुलाई को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश कर्मियों को देते हुए कहा गया कि इस दौरान कोई भी छुट्टी नहीं मिलेगी। सतर्कता बरतने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

# एडीएम एवं एसडीओ ने किया जल निकासी समस्या का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । औरंगाबाद के एडीएम (आपदा) उपेंद्र पंडित एवं दाउदनगर एसडीओ अमित राजन ने भखरुआं मोड़ पर उत्पन्न नाली जाम और जल निकासी की समस्या का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ मो जफर इमाम, सीओ सतीश कुमार सिंह,नगर पर्षद के ईओ ऋषिकेश अवस्थी, राजस्व अधिकारी रोहित कुमार, टाउन स्वच्छता पदाधिकारी अमन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने बाजार रोड एवं एन एच 139 पर नाली जाम की समस्या का जायजा लिया। नाली की साफ- सफाई करने एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कहा गया कि बरसात के मौसम को देखते हुए यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाना चाहिए, ताकि वर्षा के दौरान जल जमाव हो और आम लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। एसडीओ ने स्वयं घूम घूम कर ढके हुए नाली कभी निरीक्षण किया स्थानीय दुकानदारों से अपील किया गया कि वे अपने दुकानों का कूड़ा- कचरा डस्टबिन में ही डालें। नाली में और जहां-तहां कूड़ा- कचरा नहीं डालें। एसडीओ ने बताया कि बिहार मौसम विभाग द्वारा 20 और 21 जुलाई के लिए जारी रेड अलर्ट के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। भखरुआं मोड़ पर बरसात के पूर्व साफ सफाई कराना प्रशासन की प्राथमिकता सूची में है। साथ ही रेड अलर्ट के मद्देनजर भी यह प्रयास किया जा रहा है कि नाली की पूरी तरह से साफ सफाई कराई जाए, ताकि जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हो।

## एक नजर

### प्राचार्य सम्मेलन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा के प्राचार्य समेत चार शिक्षक सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) पटना संभाग के प्राचार्य सम्मेलन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा को सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सहित चार शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर को पटना संभाग में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए संभागीय स्तर का प्रथम पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान केवीएस पटना संभाग के उपायुक्त डॉ. अजय कुमार मिश्र ने प्रदान किया। विषयवार उत्कृष्ट परिणाम के लिए डॉ. किरण पांडेय (अर्थशास्त्र), आनंद कुमार सिंह (भौतिकी), राजेश कुमार (गणित) और बिल्टन (शारीरिक शिक्षा) को भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त डॉ. मिश्र ने कहा कि विद्यालय की टीम भावना, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी।

### भारी बारिश की आशंका के बीच नगर निगम अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। संभावित भारी बारिश को देखते हुए नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने नगर निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक कर सफाई व्यवस्था, शिकायत निवारण और मानसून की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण करने और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने नागरिक शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए समय-सीमा तय करने तथा जन शिकायत निवारण प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही अगले दो-तीन दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी डी-वाटरिंग और पंपिंग मशीनों की जांच कर उन्हें पूरी तरह कार्यशील रखने को कहा।

### नर्सिंग होम संचालक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। थाना क्षेत्र के कछियामा रोड स्थित लहरा डाक के समीप गुरुवार को रुपये के लेनदेन के विवाद में एक निजी नर्सिंग होम के संचालक को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल संचालक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूजा निजी नर्सिंग होम के संचालक पर अज्ञात बदमाशों ने गोली चलाई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा पहुंचाया। सूचना मिलने पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला रुपये के लेनदेन के विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### नवादा-पावापुरी रेल परियोजना पर किसानों का विरोध जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। नवादा-पावापुरी नई रेल लाइन परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर गुरुवार को पावापुरी स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर सभागार में किसानों और प्रशासन के बीच बैठक हुई। हालांकि लंबी चर्चा के बावजूद कोई सहमति नहीं बन सकी और बैठक बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई। बैठक में इसुआ, प्यारेपुर, दशरथपुर, पुरी, नसीरपुर, सतौआ, मरकट्टा और पावा मौजा के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने उपजाऊ कृषि भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा कि खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य आधार है और भूमि अधिग्रहण से सैकड़ों परिवार प्रभावित होंगे। किसानों के प्रतिनिधि अनुग्रह प्रसाद सिंह ने पूर्व में कराए गए सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा वर्तमान एलाइनमेंट का आधार स्पष्ट करने की मांग की। कुछ किसानों ने रेल लाइन को बिहारशरीफ तक विस्तारित करने का सुझाव भी दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा, भू-अर्जन पदाधिकारी साकेत कुमार, सहायक अभियंता कैलाश चौधरी और अंचलाधिकारी सन्नी कुमार ने परियोजना के संभावित लाभ बताते हुए किसानों से सकारात्मक पहलुओं पर विचार करने की अपील की। इस दौरान परियोजना के समर्थन और विरोध को लेकर कुछ देर नोकझोंक भी हुई, जिसे अधिकारियों ने शांत कराया। अंततः किसी सहमति के अभाव में बैठक समाप्त कर दी गई।

# मुंगेश्वर यादव की प्रतिमा का अनावरण, उत्तर कोयल नहर शुरू करने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के कासमा-मथुरापुर रोड स्थित ग्राम खैरी इटवा टोला नारायणपुर के भारत पेट्रोल पंप परिसर में गुरुवार को स्वर्गीय मुंगेश्वर यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सह प्रतिमा अनावरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरकारी अधिवक्ता बिरजा प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लालजी यादव, अरथूआ इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी प्रो. चंद्रशेखर राय, अधिवक्ता अखिलेश यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष



एवं संजय सिंह यादव कॉलेज के निदेशक प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, बघौरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अनुज सिंह तथा सरपंच प्रतिनिधि सुमन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित, पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। वक्ताओं ने स्वर्गीय मुंगेश्वर यादव को किसानों का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि उनका जीवन किसानों की सेवा और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए समर्पित रहा। उनका सपना था कि उत्तर कोयल नहर का पानी हर किसान के खेत तक पहुंचे, ताकि खेती आसान हो और किसानों की आय बढ़े। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग की कि उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को शीघ्र शुरू कर लाल पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाए। वक्ताओं ने कहा कि यही स्वर्गीय मुंगेश्वर यादव के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का मार्ग भी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन मगध सम्राट बिरहा गायक अखिलेश लाल यादव ने किया। इस मौके पर इस मौके पर पूर्व सरपंच बघौरा पंचायत सह व्याख्याता अनिल यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र कुमार ,प्रोफेसर जगदीश यादव, समाजसेवी सह बिजनेसमैन शंकर दयाल यादव, भीम यादव अंकित कृष्णौत, पूर्व मुखिया नरेश यादव अधिवक्ता गौतम प्रसाद, संजय कुमार सैनिक, शिक्षक राकेश कुमार, मो सादाब के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जदयू कार्यालय में नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जनता दल (यूनाइटेड) जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों प्रो. प्रमिला प्रजापति, मेजर इकबाल हैदर खान एवं डॉ. सतीश कुशवाहा का भव्य अभिनंदन किया गया। जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नव मनोनीत पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं जदयू के शीर्ष नेता नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। बैठक



में संगठनात्मक मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया गया कि जिले के प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। साथ ही आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक जदयू कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने तथा जिले के पुराने और वरिष्ठ जदयू साथियों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क एवं संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने और संगठन विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में हरि कृपाल सिन्हा , संजय साहू, राजीव रंजन, दिनेश यादव, प्रो. बिन्नी प्रसाद, बिंदु कुमारी, मोहन चंद्रवंशी, निजाम खान, तने पठान, वरुण वर्मा, ज्योति पासवान, जीवनलाल चंद्रवंशी, ललन कुशवाहा, मोहम्मद फखरुद्दीन, अली अहमद, जम्मू, अनवर भट्ट, अर्जुन चांद, देशप्रेमी, मंजूर आलम, मनोज कुमार, पप्पू राजा भट्ट, विनोद चौहान, संदीप कुमार, चुन्नू, विक्की कुमारी, फैज आफरीन, शमीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में जदयू नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर हसपुरा में सघन वाहन जांच अभियान, नियम तोड़ने वालों से वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हसपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान हसपुरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप, दक्षिण मोहल्ला, पचरुखिया, सिहाड़ी, पीरु बाजार सहित कई स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती कर वाहनों



की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। साथ ही हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस तरह का अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। एक साथ कई स्थानों पर चलाए गए अभियान से नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों, विशेषकर नाबालिगों में हड़कंप की स्थिति रही।

# हसपुरा में अग्नि सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। अनुमंडल अग्निशमालय दाउदनगर के अंतर्गत देवकुण्ड थाना के कर्मियों द्वारा गुरुवार को चार स्थानों पर मॉक ड्रील को लेकर जागरूक किया गया। हसपुरा प्रखंड के मलहारा वार्ड संख्या सात, वार्ड छह, डिंडीर के निलकोठी वार्ड 10 तथा नवादा वार्ड 13 में जन प्रतिनिधियों व उपकार पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के साथ मॉकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। पंपलेट का वितरण भी किया गया। मॉकड्रिल कराकर पुनः देवकुण्ड थाना वापस लौट गए। अग्निक रुचि कुमारी सिंह, अग्निक चालक राजेश कुमार ने यह जानकारी दी।



## इको क्लब के छात्रों ने विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण




**अंबा (औरंगाबाद)**। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ अपने-अपने घरों के आसपास भी पौधे लगाए। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय में इको क्लब के माध्यम से नियमित रूप से पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां संचालित की जाती हैं तथा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भी पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में पौधारोपण से स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु, तापमान संतुलन, प्रदूषण में कमी और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, अनुशासन, श्रम, सहयोग एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## वारंट के आधार पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए गोरडीहा गांव निवासी पिता-पुत्र अर्जुन साव एवं उनके पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को गोरडीहा गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें थाना लाकर आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की गई। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। इसी के आलोक में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में गया कोर्ट में प्रस्तुत किया गया

# 480 किलो महुआ फूल के साथ टेम्पो जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 480 किलोग्राम महुआ फूल से लदे एक टेम्पू को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि एस आई उमेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार की सुबह 4 बजे रफीगंज रेलवे ओवरब्रिज के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने टेम्पू बीआर 01 पीडी 2684 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक भागने लगा, लेकिन पुलिस बल ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया।

गिरफ्तार चालक की पहचान अशोक कुमार (20 वर्ष), पिता चन्द्रदेव यादव, निवासी पाण्डे पोखर, थाना कोंच, जिला गया के रूप में हुई है।

पुलिस ने टेम्पू की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 12 बोरे महुआ फूल बरामद हुए। प्रत्येक बोरे में 40 किलोग्राम महुआ फूल था, कुल 480 किलोग्राम महुआ फूल जब्त किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने पुलिस को बताया कि महुआ फूल अवैध शराब बनाने वालों को बेचता है तथा स्वयं भी शराब निर्माण का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया तथा महुआ फूल और टेम्पू को जब्त कर थाना लाया।

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**अल्पकालिन नीलामी सूचना सं0–02/वितीय वर्ष 2026–27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत 50 आसन्न वाले अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास के पुराने भवन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रखंड–बारूण एवं देव के परिसर में अवस्थित पुराने संरचना को तोड़ने के पश्चात मलवा हटाने का कार्य के लिए नीलामी आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखनीय है, कि उक्त परिसर में 100 आसन्न वाले अनु0जाति एंव अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास एवं प्रखंड–बारूण एवं देव में डायग्नोस्टिक भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। नीलामी की न्यूनतम राशि एवं अन्य विवरणी नीचे अंकित तालिका के अनुरूप होगी। नीलामी की बोली दिनांक–29.07.2026 को 02:00 बजे अपराहन में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतू इच्छुक/फॉर्म उक्त तिथि एवं समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।


| क्र0 सं0 | निलामी की विवरणी | निलामी की न्यूनतम राशि (रूपये में ) | जमानत की राशि (राशि रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Demolishing of Existing Abononed Building of ST/SC Boys Hostel Aurangabad Bihar for the year 2026-27 | 125500.00 | 12550.00 | 15 दिन |
| 2 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Barun, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 18400.00 | 1840.00 | 15 दिन |
| 3 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Deo, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 12300.00 | 1230.00 | 15 दिन |

1 विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा विस्तृत जानकारी के लिए (state.bihar.gov.in/prdbihar) पर देखा जा सकता है।

PR- 007836 ( B C D ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद।



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

**पशुओं में भीषण गर्मी एवं लू लगने के लक्षण एवं उपचार**

गर्मी के मौसम में जब बाहरी वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो वैसी स्थिति में पशु को उच्च तापमान पर ज्यादा देर तक रखने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगने का डर अधिक होता है जिसे हीट स्ट्रोक अथवा सन स्ट्रोक कहते हैं।

**पशुओं में लू लगने के लक्षण**

- तीव्र ज्वर की स्थिति
- मुँह खोलकर जोर–जोर से सांस लेना अर्थात हांफना एवं मुँह से लार गिरना।
- क्रियाशीलता कम हो जाना एवं बेचैनी की स्थिति।
- भूख में कमी एवं पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना अथवा बंद हो जाना।
- धड़कन तेज होना।
- कभी–कभी अफरा की शिकायत होना आदि।

**पशुओं में लू से बचाव के उपाय**

- पशुओं को धूप एवं लू से बचाव हेतु पशुओ को हवादार पशुगृह अथवा छायादार वृक्ष के नीचे रखें जहाँ सूर्य की सीधी किरणें पशुओं पर न पड़े।
- पशुगृह को ठंढ़ा रखने हेतु दीवारों के उपर जूट की टाट लटका कर उसपर थोड़ी–थोड़ी देर पर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बाहर से आने वाली हवा में ठंढक बनी रहे।
- पंखे अथवा कूलर का यथासंभव उपयोग करें। पशुओं में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है। साथ ही भोजन में अरूची हो जाती है। इन्हें ध्यान में रखकर दिन में कम से कम चार बार साफ, स्वच्छ एवं ठंढा जल उपलब्ध कराना चाहिये। साथ ही संतुलित आहार के साथ–साथ उचित मात्रा में खनिज मिश्रण देना चाहिये। पशुओं खासकर भैंस को दिन में दो–तीन बार नहलाना चाहिए। आहार में संतुलन हेतु एजोला घास का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर एवं जौ की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। पशुओं को चराई के लिए सुबह जल्दी/शाम में देर से भेजना चाहिए।

**पशुओं में लू लगने के उपचार**

- सर्वप्रथम शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पशु को ठंडे स्थान पर रखना चाहिए।
- पशु को पानी से भरे गढ्ढे में रखना चाहिए अथवा पूरे शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करना चाहिए। सम्भव हो तो बर्फ या अल्कोहल पशुओं के शरीर पर रगड़ना चाहिए।
- ठंडे पानी में तैयार किया हुआ चीनी, भुने हुए जौ का आटा व थोड़ा नमक का घोल बराबर पिलाते रहना चाहिए।
- पशु को पुदीना व प्याज का अर्क बनाकर देना चाहिए।
- शरीर के तापमान को कम करने वाली औषधी का प्रयोग करना चाहिए।
- शरीर में पानी एवं लवणों की कमी को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट थेरेपी करना चाहिए।
- विषम परिस्थिति में नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करना चाहिए।

PR No.- 008040 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान जगन्नाथ से की गई सुख व समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को हजारीबाग के ऐतिहासिक सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ मंदिर पहुंचे और वैदिक रीति-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने जिले में सुख-समृद्धि, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं नागरिकों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसपी ने मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह एवं सीसीआर डीएसपी को निर्देश दिया कि रथ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। मुख्य मार्गों, मंदिर परिसर तथा संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, बैरिकेडिंग को प्रभावी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मंदिर प्रबंधन समिति ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस अधीक्षक की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर प्रबंधन के कारण श्रद्धालु निर्भय होकर भगवान के दर्शन कर रहे हैं।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु

- सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव और अमित यादव हुए शामिल
- पदमा राज घराने के उदय भान सिंह ने प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए झाड़ू लगा कर यात्रा का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर, बैजनाथ नगर सियरकोनी में गुरुवार को आयोजित भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के अनुपम संगम का साक्षी बना। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली रथयात्रा में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

रथयात्रा की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए पदमा राज घराने के उदय भान सिंह ने भगवान जगन्नाथ के रथ के आगे श्रद्धापूर्वक झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ, हरे कृष्ण-हरे राम और जय श्रीराम के जयघोष के बीच महाप्रभु के रथ को खींचते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। जीटी रोड पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। सांसद मनीष जायसवाल ने श्रद्धालुओं के साथ रथ की रस्सी खींची और कई किलोमीटर तक पैदल चलकर गढ़काली स्थित मौसीबाड़ी पहुंचे। वहां उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच अपने हाथों से लंगर का प्रसाद वितरित किया तथा स्वयं भी महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चौपारण में लगातार चौथे वर्ष आयोजित हो रही रथयात्रा अब एक ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक आयोजन का रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर उमड़ी आस्था की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि समाज में धार्मिक चेतना और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हरे कृष्ण, हरे राम, जय श्रीराम और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। भगवान जगन्नाथ सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल का आशीर्वाद प्रदान करें।' रथयात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने भी श्रद्धालुओं के साथ रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों विधायकों ने इस आयोजन को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक बताते हुए आयोजकों एवं श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से चौपारण की यह रथयात्रा एक बार फिर क्षेत्र के सबसे भव्य धार्मिक आयोजनों में शामिल हो गई।

## मिनी ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के रांची-लातेहार मुख्य मार्ग पर शिवटोली के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। डाल्टनगंज से रांची जा रहे एक अनियंत्रित मिनी ट्रक की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को चंदवा अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में

**रफ्तार**

एक की पहचान खलारी निवासी टिंकू भुइयां के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि एनएच-39 पर फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान चंदवा क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता : शिप्रा

### एसडीएम ने विशेष विकास शिविर का किया निरीक्षण, 353 लाभार्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोइलवर।** प्रखंड के गीधा सामुदायिक भवन में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी आरा शिप्रा विजय कुमार चैधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। महादलित बस्तियों में आयोजित ऐसे विशेष विकास शिविरों का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाकर सभी आवश्यक सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध कराना है। प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल का जायजा लिया। इस दरम्यान उन्होंने 'नई आशा' द्वारा संचालित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र' में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. द्वारा प्रदत सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने उपस्थित युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकताब ढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा, जब समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। शिविर में आधार कार्ड (38), जन्म प्रमाण पत्र (58) सामाजिक सुरक्षा पेंशन (08), जॉब काड (08), स्वास्थ्य शिविर, लेबर कार्ड (38), राशन काड(18), आयुष्मान कार्ड (09) एवं बैंक खाता (02) के आवेदन आये। इस तरह स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न योजनाओं के 353 लाभार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर एनईपी के निदेशक लोक प्रकाश, बीडीओ बीर बहादुर पाठक, आपूर्ति पदाधिकारी मनीषा सिंह एवं कल्याण पदाधिकारी आकाश कुमार ने भी शिविर की मॉनिटरिंग की। सामाजिक संस्था 'नई आशा' के सदस्य एवं उसके इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों की इस शिविर में सक्रिय भूमिका रही।

## राजधानी एक्सप्रेस से 26 केजी गांजा बरामद

**समस्तीपुर (नबिटा संवाददाता)।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में छापा मारकर एक यात्री को 26 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 20504 राजधानी एक्सप्रेस के एच-1 कोच में कल देर रात छापेमारी की और वहां से सीट संख्या 10 पर सफर कर रहे यात्री अरमान आलम के पास से लाल रंग के ट्रॉली तथा एक पिठू बैग में रखें कुल 26 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भोजपुर जिले के गड़हनी ओपी थाना क्षेत्र के मटियारा, वार्ड संख्या-7 निवासी अरमान आलम के रूप में की गई।

## बेतरतीब परिचालन से सड़कें हो गई संकीर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बेहतर आवागमन के लिए शासन ने सड़कों की हालत तो सुधारी है परंतु बेतरतीब ढंग से सड़कों पर फैल रहे अतिक्रमण और वाहनों की बेढंगी पार्किंग से सड़कें संकीर्ण हो रही हैं। जिला मुख्यालय के प्रमुख सड़कों पर प्रतिदिन बिगड़े यातायात से लोग परेशान हो रहे हैं परंतु बेखबर जिम्मेदार सड़कों को अस्थाई अतिक्रमण से मुक्त कराने कोई कारगर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। शहर के कई प्रमुख सड़कों का दायरा दुकानों के लगातार बढ़ते अतिक्रमण और वाहनों की मनमानी पार्किंग से कम हो गया है। जिससे सुबह-शाम जब लोगों की आवागमन बढ़ती है तो कई बार जाम लगने की समस्या बनती है। छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी सड़क पर पर्याप्त जगह मिलना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो होती है लेकिन सड़कों पर काबिज अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों को प्रतिदिन मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश चौक से धर्मशाला चौक व महाराजगंज रोड में बदहाल स्थिति रहती है। सुबह और शाम के वक्त तो हालत यह रहती है कि बेढ़ंगे यातायात से राहगीरों को भी सुरक्षित निकलना मुश्किल हो जाता है। कई दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है। दुकानों के सामने ही दोपहिया, चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रहती है। जिससे यहां हमेशा ही यातायात बिगड़ा रहता है। शाम होने के साथ ही यातायात की अराजक स्थिति हो जाती है। जिससे कई बार यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते में काफी परेशानी होती है। बता दें कि नगर परिषद के द्बारा रमेश चौक व बद्री मार्केट में पार्किंग स्थल बनाया गया है। दोपहिया वाहन के पार्किंग के लिए पांच रुपये एवं चारपहिया वाहन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित की गई है। पार्किंग स्थल इतनी बड़ी नहीं है जहां ज्यादातर वाहनों को खड़े किए जा सके। बराटपुर के विजय सिंह, पुकार सिंह सहित कहते हैं कि सड़क पर अवैध पार्किंग से प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। नगर परिषद को बड़ा पार्किंग स्थल बनाने की आवश्यकता है ताकि वाहनों को आसानी से पार्क किया जा सके। वहीं पैदल आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। समस्या से निजात दिलाने को ले स्थानीय प्रशासन से लंबे समय से मांग हो रही है लेकिन लोगों को राहत देने में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## समय सीमा समाप्ति पर भी जवइनिया का कटाव निरोधी कार्य 50 प्रतिशत अधूरा

- कटाव से पहले नहीं पूरा हुआ बचाव, गंगा किनारे अधूरा पड़ा 52.56 करोड़ का प्रोजेक्ट
- गंगा का जलस्तर बढ़ने व वर्षा से बढ़ी मुश्किल, जवइनिया का सुरक्षा कार्य अधूरा
- कटाव का खतरा सिर पर, बोल्डर पिचिंग में देरी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शाहपुर।** जवइनिया व आसपास के आधा दर्जन गांवों के अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार द्वारा गंगानदी के तट पर कराया जा रहा कटाव निरोधी बोल्डर पिचिंग का समय सीमा समाप्त होने बाद भी अधूरा रह गया है। कार्य को पूरा करने के लिए संवेदक को मिलती गई तारीख पर तारीख। हालांकि विभाग द्वारा अब तो गंगानदी के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके कारण कटाव निरोधी कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा अधिकारियों के लगातार श्रमिकों के बढ़ाने के निर्देश पर अमल नही किया गया। जिसके कारण कटाव निरोधी कार्य अब भी करीब 40 प्रतिशत कार्य बाकी रह गया है। पिछले वर्ष 22 जुलाई से कटाव शुरू हो गई थी। अब आशंका जताई जा रही हैं कि गंगानदी के जलस्तर बढ़ने से कटाव भी शुरू हो सकता है। ऐसे में जो कार्य हुआ है उसका भी बच पाना मुश्किल होगा। जवइनिया गांव के ग्रामीण सुनील पांडे व अरबिंद पांडे के अनुसार जलस्तर बढ़ने के कारण कुछ पार्कोपाइन धंस कर टूट गया है। दमोदरपुर गांव के पपु राय की माने तो संवेदक ने जिस प्रकार से मनमानी किया है उससे स्पष्ट होता है कि सभी मिले हुए हैं। किसी भी अधिकारी या अभियंता की बातों को संवेदक ने नही माना। बावजूद इसके उसपर कोई करवाई नही हुई। गांवों को बचाने के जल संसाधन विभाग द्वारा करीब 52 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से जवइनिया गांव के समीप गंगानदी के किनारे पर 1200 मीटर में बोल्डर पिचिंग कार्य कराया जा है। इस कटाव निरोधी कार्य के समापन 15 जुलाई तक पूरी कर लेनी है लेकिन अबतक 30 प्रतिशत के करीब कार्य अधूरा रह गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकारियों के शिथिलता एवं संवेदक की लापरवाही के कारण यह सीमा के अंदर नहीं हो पाया अब जलस्तर बढ़ने लगा है और बारिश भी हो रही है ऐसे में निर्माण कार्य का पूरा होना मुश्किल लग रहा है हालांकि कार्य में लगे अभियंताओं के अनुसार अब तक 62 प्रतिशत के करीब काम हो चुका है और डाउन लेवल में काम पूरा हो गया है। ऊपरी लेवल में काम करना बाकी है। अगर गंगा का जलस्तर में वृद्धि होता है तो भी ऊपर लेवल पर काम चलता रहेगा और कार्य पूरा हो सकता है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता कन्हैया सिंह ने बताया कि संवेदक को 31 जुलाई तक का समय दिया गया है। अगर वर्षा नहीं हुई तो निर्धारित समय में काम पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन यदि वर्षा होती है तो निर्माण कार्य मे अवरुद्ध हो सकता है।

## घर से निकला युवक नहीं लौटा

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सोनवर्षा गांव निवासी सुरेन्द्र शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार चार दिन के बाद भी घर नहीं लौटा जिससे घर में कोहराम मचा हुआ है। जिसे लेकर पौथु थाना में पिता ने लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाया है। बताया जाता है कि दीपक कुमार घर 13 जुलाई की सुबह घर से प्रति दिन की निकला था। जब दोपहर तक घर नहीं आया तो माता - पिता खोजने लगे।लेकिन आसपास सहित परिजन तक कहीं नहीं पता चला। ऐसे में बताया जा रहा की कुछ मंद बुद्धी का है।

## देवकुंड स्थित अग्निकुंड से 24 घंटे निकलती है अग्नि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** करीब पांच सौ वर्ष पहले से देवकुंडधाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में आग जल रही है। अग्निकुंड से 24 घंटे अग्नि निकलते रहती है। अग्निकुंड के राख को भभूत के रूप में श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। कुंड की चर्चा पद्मपुराण, आनंद रामायण, वायु पुराण समेत कई धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है, जिसके अनुसार ब्रह्मपुत्र महर्षि भृगु के आत्मज च्यवन ऋषि यहां तपस्या करने पहुंचे थे। बता दें कि यह कुंड भृगु को उत्पन्न करने वाला है। कुंड को मठ के प्रथम महंत बाबा बालपुरी जी द्बारा त्रियुगी नारायण से समाहित अग्नि से प्रज्जवलित की गई थी। अबतक अनेक प्राकृतिक आपदाओं से जूझने के बावजूद इस कुंड से अभी तक अग्नि प्रज्जवलित होती रहती है। कुंड के पास ही बाबा का खाट, खड़ांव सबल प्रमाण हैं। 26 जून 1988 को त्रयोदशी (सोमवार) के दिन जीर्णोद्धार के समय कुंड के पास ही च्यवन ऋषि, बाबा बालपुरी व महंथ केदारनाथपुरी की प्रतिमा स्थापित की गई। पुराण के अनुसार देवकुंड में ही च्यवन ऋषि का आश्रम माना गया है। आनंद रामायण के अनुसार उसी समय भगवान राम कर्मनाशा नदी पार करके च्यवन ऋषि का दर्शन करने देवकुंड पहुंचे थे। दर्शन से पहले वे प्राचीन सरोवर में स्नान किया था। उसके बाद शिवलिंग की स्थापना की जहां आज पूरे वर्ष जलाभिषेक करने को भीड़ लगी रहती है। वहीं भगवान विश्वकर्मा ने दूधेश्वरनाथ मंदिर का निर्माण कराया। कहा जाता है कि देवकुंड में कई देवी देवताओं के वास थे। इसलिए देव व कुंड के कारण इसका नाम देवकुंड पड़ा। च्यवन ऋषि के आश्रम के कारण इसका पूरा नाम'च्यावनाश्रम देवकुंड'पड़ गया। इसलिए यह प्राचीन, धार्मिक, सांस्कृतिक व पौराणिक स्थल के लिए प्रसिद्ध हो गया। कहा जाता है कि शिवलिग पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यह जगह अत्यंत प्रख्यात है परंतु सरकार की आंखों से ओझल। यहां से आशीर्वाद लेकर कई नेता विधायक व मंत्री बने परंतु इस स्थल का विकास नहीं हो सका। बिहार के शिव-स्थलों की जारी सूची में देवकुंडधाम का नाम जरूर रहता है। इतना होने के बावजूद भी देवकुंड को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित नहीं किया गया है।

## नालंदा विवि की उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होंगे बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय को नालंदा विश्वविद्यालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली एक विशेष और उच्च स्तरीय राउंडटेबल चर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आगामी 26 जुलाई को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित होगी।



इस उच्च स्तरीय बैठक में देश के चुनिंदा शीर्ष अकादमिक नीति-निर्माता और 'इंडियन एसोसिएशन ऑफ सोशल साइंस इंस्टीट्यूशंस' की कार्यकारी परिषद के सदस्य शामिल हो रहे हैं। यह बैठक आगामी 26 से 28 अक्टूबर, 2026 तक राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परिसर में होने वाले विशाल अंतर्राष्ट्रीय आईएएसएसआई सम्मेलन के एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित की जा रही है।

इस आमंत्रण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय विकास और नीति निर्धारण को गति देने में उन्नत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रो. राय ने कहा, ''सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में देश के बेहतरीन मस्तिष्कों को एक साथ लाने वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर अपने विचार प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह राउंडटेबल भारत में अनुसंधान की भविष्य की दिशा पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए एक अत्यंत आवश्यक मंच प्रदान करती है। प्रो राय ने कहा कि इन सत्रों के दौरान हमारा मुख्य ध्यान इस बात पर केंद्रित रहेगा कि हम शिक्षक और प्रशासक के रूप में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के स्तर को कैसे और अधिक उत्कृष्ट बना सकते हैं, ताकि यह कड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के साथ-साथ हमारी समकालीन सामाजिक समस्याओं का सीधा और व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत कर सके।

आगामी सम्मेलन के ऐतिहासिक महत्व पर बल देते हुए प्रो. राय ने कहा, 'नालंदा भारत की ज्ञान प्रणालियों का सभ्यतागत उद्गम स्थल रहा है। इस विमर्श का हिस्सा बनना एक गहरा सम्मान भी है और एक रणनीतिक आवश्यकता भी। जब हम एजेंडा तय करने के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं, तो हमारा सामूहिक ध्यान सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में भारत के वैचारिक नेतृत्व को पुनर्जीवित करने तथा 21वीं सदी की आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाने पर रहेगा।

कुलपति प्रो. राय को मिले इस प्रतिष्ठित आमंत्रण पर पूरे बीआरएबीयू अकादमिक समुदाय के साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज डॉ राजीव कुमार, सिंडिकेट सदश्य डॉ टुनटुन जी, डॉ ललितेश नारायण प्रसाद,डॉ के के कौशिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं सलैया पंचायत के वार्ड नं 2 के ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के वार्ड नं-दो के ग्रामीण इन दिनों मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है परंतु पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला परंतु फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। बता दे कि इस गांव में 120 से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि सात सौ मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नहीं है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचों बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो गांव की गलियां जलमग्न हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों को होती है।

## नये सीओ का स्वागत

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा अंचल कार्यालय में नये सीओ सुनील कुमार को प्रखंड उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी व मुखिया संघ अध्यक्ष गोपाल सिंह ने शॉल व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख विजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार, प्रगति कुमार, दयाल साव प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार समाजसेवी संजीत कुमार, अभिमन्यु कुमार उपस्थित रहे। सीओ सुनील कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन

## एनआई एक्ट से संबंधित वादों के होंगे सुलह-समझौते



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव सह अवर न्यायाधीश करुनानिधि प्रसाद आर्य की अध्यक्षता में जिला एवं अनुमंडल न्यायालय, के सभी न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले स्पेशल लोक अदालत के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस स्पेशल लोक अदालत में मुख्य रूप से एनआई एक्ट से संबंधित अधिक से अधिक वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, करुणानिधि प्रसाद आर्य द्वारा सभी न्यायिक पदाधिकारियों को बताया गया कि वे अपने-अपने न्यायालय में लंबित एनआई एक्ट के वादों की सूची तैयार कर पक्षकारों को स्पेशल लोक अदालत की जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सके। और वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविता कुमारी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विवेक कुमार वर्मा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पंचम श्रेणी रंजन कुमार साथ ही साथ प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के सभी न्यायिक दंडाधिकारी सहित लोक अदालत के सहायक सौरव कुमार उपस्थित थे।

## नौला पिकेट प्रभारी अखिलेश कुमार निलंबित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गाड़ा गांव में नौला पिकेट प्रभारी अखिलेश कुमार के द्वारा एक महिला और उसके पति के साथ दुर्व्यवहार करने का वीडियो 11 जुलाई को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा था। वीडियो में साफ तौर पर गाली गलौज व महिला के साथ धक्का मुक्की करते हुए दिखाई दे थे जिस पर सोशल मीडिया पर आम लोगों के द्वारा पुलिस पर कई तरह की टिप्पणियां की गई थी और लोगों ने कहा कि अब पुलिस पर से भरोसा उठने लगा है। वीडियो की सत्यता की जांच के लिए बेगुसराय पुलिस अधीक्षक के द्वारा सदर 2 के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच पड़ताल कराया गया। जांच में उन्हें दोषी भी पाया गया। जिस पर बेगुसराय पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को नौला पिकेट प्रभारी अखिलेश कुमार को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित करते हुए पुलिस केंद्र बेगुसराय बुला लिया है।

## बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से महेशवाड़ा पंचायत में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन लोगों को अलग-अलग तरीकों से विद्युत ऊर्जा का अवैध उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में तीनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत नावकोठी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नावकोठी पावर स्टेशन के कनीय विद्युत अभियंता (जेई) विमल कुमार साहा ने बताया कि महेशवाड़ा पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी राज कमल मीटर को बायपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इससे विभाग को 35,079 रुपये के राजस्व की क्षति हुई है। इसी वार्ड के दिलीप कुमार झा भी अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पकड़े गए, जिससे विभाग को 16,044 रुपये का नुकसान हुआ। वहीं वार्ड संख्या 2 के जालो यादव मीटर के सर्विस तार से छेड़छाड़ कर अपनी पशुशाला में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इस मामले में विभाग को 19,112 रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।जेई ने बताया कि तीनों मामलों में नावकोठी थाना में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में जेई विमल कुमार साहा के अलावा कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, तकनीकी सहायक संजय कुमार, मानव बल धीरज कुमार, चंदन कुमार, अमित कुमार सहनी एवं राजेश कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

### बिजली चोरी करते, चार पर मामला दज

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव में बुधवार को बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता बेगुसराय ग्रामीण विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें बभनगामा गांव वार्ड संख्या 6 निवासी स्व रामचरण पासवान के पुत्र भगवान पासवान वार्ड संख्या 5 निवासी स्व दीनानाथ झा के पुत्र राधाकृष्ण झा एवं रामदास पासवान के पुत्र बिरजू पासवान ये तीनों टोका फसाकर लाइन चोरी कर रहे थे जिससे क्रमानुसार 10692, 18223 और 10692 रुपए की कंपनी को नुकसान हुई है। वहीं वार्ड संख्या 6 निवासी स्व बिनो सिंह के पुत्र रामजी सिंह मीटर से बायपास कर बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए जिससे कंपनी को 12858 रुपए की नुकसान हुई है। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सुरभी कुमारी, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बेगुसराय ग्रामीण अमित कुमार, मानव बल गौरव कुमार शामिल थे।

## राजकीय डिग्री कॉलेज का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** डंडारी प्रखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांक परिसर में नव स्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज का बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और स्थानीय गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डीसीएलआर राजीव कुमार, बीडीओ राजेश कुमार, सीओ अनिल कुमार, बीएओ सह बीईओ परितोष कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशिकांत पांडेय, वर्सर सह प्राध्यापक उमाशंकर साह, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांक की प्राचार्या प्रेमा कुमारी, प्रो. उपेन्द्र साह, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष मो. अहसन, मुखिया अमरजीत सहनी, आदित्यनाथ वर्मा, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, भूमि दाता एवं अवकाश प्राप्त बीपीएससी प्रशाखा पदाधिकारी देवनन्दन मंडल, जयप्रकाश मंडल, भाजपा जिला प्रवक्ता सुमित कुमार सिंह गुड्डू, भाजपा महामंत्री लल्लू सिंह, बीआरसी कोऑर्डिनेटर आलोक आनंद, लेखापाल मनोज कुमार, वरीय लिपिक विमल भारती तथा तेतरी के एचएम वीरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विशिष्ट शिक्षक परमानंद कुमार एवं अशरफ खान ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान अतिथियों का चादर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब स्थानीय छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सकेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशिकांत पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार की सात निश्चय योजना के तहत स्थापित इस कॉलेज का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के युवाओं को उनके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कला संकाय के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में नामांकन प्रारंभ किया गया है तथा नियमित शैक्षणिक गतिविधियों की भी शुरुआत हो चुकी है। कॉलेज के शुभारंभ से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लोगों ने इसे क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार के इस प्रयास की सराहना की।

## सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुबार को बाल विकास परियोजना ग्रामीण अंतर्गत उच्च राजकीय माध्यमिक विद्यालय परना में महिला एवं बाल विकास निगम बिहार के तत्वावधान मे सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला एवं बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ संजीत कुमार, काउंसलर स्वीटी कुमारी तथा मिली कुमारी ने प्रतिभागियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, साइबर अपराध से बचाव, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर-1930 तथा नशा मुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया।

## चंदा घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में शहर के कैंटीन चौक पर अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा घोटाले के विरोध में गुरुवार को केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कंाग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करती रही है तथा भगवान राम पर वोट लेने के लिए धार्मिक भावनाओं को चुनावी मुद्दा बनाया और देश की जनता से बड़े-बड़े वादे किए। जिलाध्यक्ष गरीब दास ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के कारण मंदिर निर्माण हेतु दान दिया था। यदि उस दान के उपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगते हैं, तो केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह पारदर्शिता सुनिश्चित करे और निष्पक्ष जांच कराकर देश के सामने सच्चाई रखे। कार्यक्रम में बेगूसराय नगर ब्रजेश कुमार प्रिंस, बेगूसराय ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, तेघड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, मंसूरचक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अमीनुद्दीन, चेरियाबरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह, नावकोठी प्रखंड अध्यक्ष निशा शर्मा, मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुंवर, वीरपुर प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, बलिया प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, डंडारी प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रजनीकांत पाठक, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गायत्री देवी सुबोध सिंह, रामानंद सिंह, कांग्रेस नेता आलोक कुमार, संजय झा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह, निशांत सिंह, विवेक कुमार, अंकित कुमार, कनेक्ट सेंटर के राहुल कुमार, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्ण आजाद, जिला सचिव नीतीश कुमार, महासचिव प्रिंस कुमार, महाविद्यालय अध्यक्ष अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, लचक कुमार सहित जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का बीडीओ ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत राजौर रामभद्रपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का बृहस्पतिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आलोक कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं तथा शेष कार्यों का बारीकी से जायजा लिया निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने संबंधित लोगों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि भवन से जुड़े सभी शेष कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा की जाए, ताकि पंचायत सरकार भवन का उपयोग जल्द से जल्द आम लोगों की सुविधाओं के



लिए शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इस अवसर पर राजौर रामभद्रपुर पंचायत के मुखिया रामचंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण को पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इसके चालू होने से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर कम लगाना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान पंचायत सरकार भवन की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की गई। बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को भवन को शीघ्र पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया इस मौके पर पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण एवं संबंधित विभाग के कर्मी भी उपस्थित रहे।

## 70 हजार की कथित अवैध वसूली के आरोप में लठेया ओपी प्रभारी निलंबित

**पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लठेया ओपी प्रभारी धर्मबीर यादव को एक ट्रैक्टर मालिक से 70 हजार रुपये की कथित अवैध वसूली के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। एसपी ने कहा कि विभागीय जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार और अवैध वसूली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला योजना कार्यालय)

Phone No:-06186-222096, Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in

—: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :—

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री अभय कुमार सिन्हा, माननीय सांसद, लोकसभा, औरंगाबाद द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों/पुस्तकालयों में छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन तथा उनके बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकों की क्रय एवं आपूर्ति हेतु अनुशंसा की गई है। तदालोक में पुस्तकों के क्रय एवं आपूर्ति के निमित प्रतिष्ठित प्रकाशकों/ निविदादाताओं/अपूर्तिकर्त्ताओं से Double Bid System में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक **30.07.2026 को 03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जाएगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनों एक बड़े मुहरबंद लिफाफों में स्वीकार की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **30.07.2026 को 03:30** बजे अप0 में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता तथा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते है। आमंत्रित करने हेतु निविदा की विस्तृत विशिष्टियाँ जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर पुस्तकों से संबंधित सूची प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 007937 (Planning) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**


## पीएम आज शिवनारायणपुर स्टेशन को करेंगे राष्ट्र को समर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



जिसमें भागलपुर जिला अंतर्गत मालदा रेल मंडल का शिवनारायणपुर स्टेशन शामिल है। लगभग 1,570 करोड़ की लागत से विकसित इन स्टेशनों को आधुनिक, यात्री-अनुकूल परिवहन केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ क्षेत्रीय विरासत एवं सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। यह पुनर्विकास 'विरासत भी, विकास भी' की भावना को साकार करता है। पूर्व रेलवे में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कुल 64 रेलवे स्टेशन चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 06 स्टेशन पहले ही प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किए जा चुके हैं। कल शुक्रवार को मालदा मंडल के शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण होने के साथ यह पूर्व रेलवे का सातवाँ अमृत भारत स्टेशन होगा, जिसे प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर शिवनारायणपुर स्टेशन पर भागलपुर के सांसद अजय मंडल, पीरपैंती क्षेत्र के विधायक मुरारी पासवान एवं कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश उपस्थित रहेंगे। शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 17.94 करोड़ की स्वीकृत लागत से किया गया है। इस पुनर्विकास के माध्यम से स्टेशन को आधुनिक, सुगम एवं आकर्षक यात्री परिसर के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को विशेष रूप से उकेरा गया है। भागलपुर जिले के लिए एक महत्वपूर्ण रेल प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करने वाला शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'भारत की सिल्क सिटी' के नाम से प्रसिद्ध भागलपुर अपनी प्राचीन रेशम बुनाई परंपरा तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्वविख्यात है। इस पुनर्विकसित स्टेशन से यात्रियों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार तक पहुँच और अधिक सुगम बनेगी। आधुनिक वास्तुकला, उन्नत यात्री सुविधाओं तथा मधुबनी कला से सुसज्जित आंतरिक सज्जा के माध्यम से यह स्टेशन आधुनिकता और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान का उत्कृष्ट संगम प्रस्तुत करता है। स्टेशन के पुनर्विकास में क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को विशेष महत्व दिया गया है। इसमें भव्य प्रवेश पोर्टिको, विस्तृत ग्लेज़िंग एवं प्रीमियम एसीपी क्लैडिंग से युक्त आधुनिक अग्रभाग (फ़साड), आकर्षक हरित परिदृश्य, पैदल यात्रियों के लिए सुविधाजनक आवागमन क्षेत्र तथा बेहतर सुगम्यता विकसित की गई है।

## जदयू जिलाध्यक्ष ने पथ निर्माण मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र के गुरुवार को भागलपुर आगमन पर जनता दल (यूनाइटेड) के भागलपुर जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने अंग-वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने पथ निर्माण मंत्री को एक मांग-पत्र सौंपते हुए भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड की महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर उनका पक्कीकरण एवं आवश्यक मरम्मत कराने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके तथा समुचित विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र के नेतृत्व में बिहार में सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहा है। राज्य सरकार के प्रयासों से भागलपुर जिले सहित पूरे बिहार में सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।


बिहार सरकार

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय**

**निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)**

**निविदा संख्या– NIT No. 03/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–10.07.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–22.07.2026 से दिनांक–05.08.2026 के 3:00 बजे अप0 (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– 22.07.2026 को समय 3:00 बजे अप0 (स्थान–कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक–05.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–07.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी** –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत एन0एच0–19 के किनारे शाहपुर बांध धर्मेन्द्र मेहता के घर से धीरा मांझी होते हुए NH-19 हसौली मोड तक आर0सी0सी0 नाली एवं पथ निर्माण कार्य। | 22029500 | 440600 | 10000 | As Per EPROC2 | 6 माह |

नोट:– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

PR- 007971 ( B & C ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् औरंगाबाद**


## कहलगांव में धूमधाम से निकाली गई भव्य रथ यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कहलगांव (भागलपुर)।** आस्था, अटूट परंपरा और मानवता के पावन संदेश के साथ गुरुवार की संध्या कहलगांव शहर में प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। अपने भक्तों को दर्शन देने और उनका कल्याण करने के लिए महाप्रभु जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर मंदिर से बाहर निकले। श्री जगन्नाथ स्वामी धर्मशाला से शुरू हुई इस शोभा यात्रा के दौरान पूरा कहलगांव 'जय जगन्नाथ' और 'हरे कृष्णा' के शंखनाद से भक्तिमय हो उठा।



**ढोल-नगाड़े और शंख ध्वनि के बीच नगर भ्रमण**

गुरुवार की शाम जैसे ही महाप्रभु का रथ आगे बढ़ा, पूरा माहौल उत्सव के रंग में सराबोर हो गया। ढोल-नगाड़े, झांझ-मंजीरे और शंख की मंगल ध्वनि के बीच प्रभु का रथ नगर भ्रमण पर निकला। आस्था की डोर से बंधे हजारों श्रद्धालु रथ की रस्सियों को खींचने के लिए आतुर दिखे। मान्यता है कि रथ खींचने मात्र से ही मनुष्य के कई जन्मों के पाप कट जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रथ यात्रा के इस पावन अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई-बहन के साथ मौसी के घर जाते हैं। इस यात्रा की समाप्ति के बाद, भगवान अगले आठ दिनों तक अपनी मौसी के घर पर ही प्रवास करेंगे।, जहाँ उनकी विशेष सेवा-पूजा की जाएगी।

**वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ अनुष्ठान**

रथ यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मंदिर के मुख्य पुजारी हिमांशु मिश्र के सानिध्य में पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाप्रभु की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भव्य महाआरती हुई और भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर रथारूढ़ कराया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय भक्तों और आयोजन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर संजीव जायसवाल, श्याम चौधरी, अनिल गुप्ता, श्रवण चौधरी, देवकीनंदन शर्मा, प्रेम जायसवाल, विनय साह, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार आदि मौजूद थे।

# किसानों को सिंचाई के लिए समय पर मिले पानी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जल संसाधन विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न सिंचाई एवं नहर पुनर्स्थापन योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद तथा सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, टेकारी के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कुल 31 योजनाओं की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति, कार्य की प्रगति, वित्तीय व्यय तथा शेष कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि कुल 31 योजनाओं में से 18 योजनाओं का कार्य पूर्ण अथवा अंतिम चरण में है जबकि एक योजना में कार्य प्रगति पर है तथा 12 योजनाओं में विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इनमें कई योजनाओं में योजना कोड निर्गत नहीं होने, पूर्व में अन्य योजनाओं के माध्यम से कार्य संपादित होने, आउटलेट निर्माण शेष रहने अथवा वर्षा एवं नहरों में जल प्रवाह के कारण कार्य प्रभावित होने जैसी परिस्थितियां सामने आईं। बैठक में यह भी बताया गया कि योजनाओं के माध्यम से नहर, राजवाहा, वितरणी, ग्रामीण नाला, गाद सफाई, जंगल सफाई, आउटलेट निर्माण एवं मरम्मत जैसे कार्य कराए जा रहे हैं जिससे किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना उद्देश्य है। कई योजनाओं में भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मापी एवं भुगतान की प्रक्रिया जारी है। वहीं कुछ योजनाओं में अनुमानित लागत 10 लाख रूपये से अधिक होने के कारण योजना कोड निर्गत होने की प्रक्रिया प्रचलित है। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में कार्य प्रगति पर है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए जिन योजनाओं में तकनीकी अथवा प्रशासनिक कारणों से कार्य लंबित है, उनका शीघ्र समाधान करते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही वर्षा अथवा नहरों में जल प्रवाह के कारण प्रभावित योजनाओं पर परिस्थितियां अनुकूल होते ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने प्रत्येक कार्यपालक अभियंता को साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। बैठक में निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, डीपीओ मनरेगा एवं संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# बीपीआरओ की नेमप्लेट लगी कार से शराब जब्त, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना की पुलिस ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) की बोर्ड लगी एक स्कॉर्पियो से शराब बरामद की है। मामला थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जबकि चालक समेत दो लोग मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद सरकारी बोर्ड का दुरुपयोग कर वाहन चलाने का मामला भी चर्चा का विषय बन गया है। वहीं थाने से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी आराम से चौकी पर बैठकर खाना खाते दिख रहा है। थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार की रात सूचना मिली थी कि बिहार सरकार लिखी एक स्कॉर्पियो में शराब और उससे जुड़े लोग सवार हैं। सूचना के आधार पर जगदीशपुर गांव के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही स्कॉर्पियो में सवार लोग भागने लगे। इस दौरान टीम ने जोकहरी गांव निवासी सूरजभान पासवान को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखा गया 500 एमएल का एक कैन बीयर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने शराब और स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना लाया। पूछताछ में गिरफ्तार सूरजभान ने बताया कि वाहन जोकहरी गांव निवासी भावेश चौबे चला रहा था। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था जो पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने सूरजभान, फरार चालक भावेश चौबे और स्कॉर्पियो के मालिक के खिलाफ बिहार राज्य संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जब्त की गई स्कॉर्पियो के आगे 'बीपीआरओ बारून' का बोर्ड और पीछे 'बिहार सरकार' लिखा हुआ मिला। इस संबंध में पूछे जाने पर बारुन प्रखंड के बीपीआरओ विनोद कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि उक्त स्कॉर्पियो से उनका कोई संबंध नहीं है। वह किसी स्कॉर्पियो का उपयोग नहीं करते और वर्तमान में निजी कार से आवागमन करते हैं। अगर कोई व्यक्ति उनके पदनाम का बोर्ड लगाकर अवैध रूप से वाहन का इस्तेमाल कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से जांच रही है। जांच का मुख्य बिंदु यह है कि स्कॉर्पियो पर 'बीपीआरओ' और 'बिहार प्रशासन' जैसे शब्द किसने लिखवाए और क्या इसके पीछे कोई संगठित शराब तस्करी गिरोह सक्रिय है। वाहन मालिक और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 18 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 11.30 लीटर देसी एवं 500 एमएल विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1055 वाहनों की जांच की गई जिसमें 47000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 29 वारंट एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांवों में अभियान चलाकर पीएम सूर्य घर योजना का किया जायेगा क्रियान्वयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लक्ष्य प्राप्ति तथा योजनांतर्गत उत्पन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों को योजनांतर्गत लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा लाभुकों को समयबद्ध लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के लिए 6,578 लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित है जिसके लिए 7,236 किलोवाट क्षमता का लक्ष्य तय किया गया है। जिले की 55 पंचायतों से अब तक 8,505 कंसेंट अपलोड किए जा चुके हैं। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 100 मानवबल प्रतिनियोजित किए गए हैं तथा नवंबर 2026 तक लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन 49 संस्थापन किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में 'एक सूर्य ग्राम-एक राजस्व ग्राम' अभियान की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले के 10 प्रखंडों में 10 राजस्व ग्राम चिन्हित किए गए हैं, जहां संबंधित पंचायतों में कुल 3,263 पात्र घरेलू विद्युत उपभोक्ता हैं तथा वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन चयनित गांवों में 13,382 आवास हैं। इन गांवों में अभियान चलाकर अधिकाधिक लाभुकों को योजना से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार प्रस्तावित मॉडल सोलर विलेज के अंतर्गत औरंगाबाद, बारून, देव, मदनपुर, नवीनगर, कुटुम्बा, दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा एवं रफीगंज प्रखंडों के 11 गांवों का चयन किया गया है, जहां कुल 1,966 घरेलू विद्युत उपभोक्ता चिन्हित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने इन गांवों में अभियान चलाकर योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि अब तक जिले में 1,012 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 762 लाभुकों द्वारा विक्रेता का चयन किया जा चुका है। प्राप्त आवेदनों में से 1,002 आवेदनों की तकनीकी व्यवहार्यता स्वीकृत की जा चुकी है। निरीक्षण के उपरांत 174 मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा अब तक 184 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का सफलतापूर्वक संस्थापन किया जा चुका है। बैठक में सब्सिडी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 170 मामलों में सब्सिडी की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिनमें 164 मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा 162 लाभुकों के बैंक खातों में सब्सिडी राशि का भुगतान किया जा चुका है। बैंकवार ऋण आवेदनों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न बैंकों में कुल 436 ऋण आवेदन विभिन्न चरणों में लंबित अथवा प्रक्रियाधीन हैं। इनमें 55 आवेदन प्रारंभिक अवस्था में, 13 मामलों में आंशिक ऋण राशि का वितरण, 27 मामलों की प्रक्रिया पूर्ण, 72 मामलों में ऋण राशि का वितरण, 31 आवेदन स्वीकृत, 32 मामलों में निर्धारित अवधि समाप्त, 1 आवेदन निरस्त, 202 आवेदन अस्वीकृत तथा 3 आवेदन स्वीकृति के उपरांत निरस्त की श्रेणी में हैं। जिलाधिकारी ने सभी बैंक प्रबंधकों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभुकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया।

# 20 और 21 जुलाई के लिए जारी रेड अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन सतर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने आवंटित प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बिहार मौसम विभाग द्वारा 20 एवं 21 जुलाई के लिए जारी रेड अलर्ट के मद्देनजर सभी संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान संभावित आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में राहत शिविरों के संचालन हेतु पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। राहत शिविरों के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही जलजमाव की समस्या से बचाव हेतु नालियों की साफ-सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गोताखोरों, आपदा मित्रों तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य संसाधनों की उपलब्धता एवं तत्परता की भी समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखंड में कंट्रोल रूम कार्यरत हो इसका भी निर्देश दिया गया।

# अपराधियों के खिलाफ बरतें सख्ती : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने गुरुवार को दाउदनगर थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध के मामलों का त्वरित निष्पादन, कांडों का उद्भेदन करने, अपराधियों के खिलाफ सख्ती बरतने के साथ मालखाना के सामानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पहुंचने पर सबसे पहले उन्हें जिला पुलिस बल की टीम द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समीक्षा के दौरान एसडीपीओ अशोक कुमार दास और पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष विकास कुमार समेत और अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। थाना भवन, सिरिस्ता कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, थानागार्ड, हाजत, बैरक और वहां संधारित की जाने वाली विभिन्न पंजियों की जांच भी की गई। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित एसडीपीओ, पुलिस इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता के साथ गंभीर कांडों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित कांडों में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, वारंट व कुर्की के ससमय तामिला तथा गंभीर शीर्ष अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में पूर्ण शराबबंदी का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने, अवैध खनन एवं परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने तथा थाना परिसर की साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित कॉज लिस्ट के अनुसार समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान उपस्थित परिवादियों की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया। साथ ही संबंधित विभागों एवं लोक प्राधिकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदनों का परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष, तथ्याधारित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सुनवाई के दौरान विभिन्न लोकहित एवं व्यक्तिगत शिकायतों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। डीएम ने संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित प्रशासनिक राहत उपलब्ध हो तथा लोक शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जनसामान्य का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

# दुकान से नकदी समेत कीमती सामानों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने हर किसी के दिल में खौफ पैदा कर दिया है। चोर न सिर्फ घरों में घुस कर लोगों की कड़ी मेहनत से जोड़ी हुई नगदी और सामग्री पर हाथ साफ कर रहे हैं बल्कि दुकानों में भी अपने मंसूबों को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते हैं। बुधवार रात एक दुकान से 15 हजार नकद और कीमती सामान की चोरी हुई है। स्थानीय लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। घटना अंबा बाजार के सतबहिनी मंदिर के पास की है। पीड़ित दुकानदार महादेव प्रसाद ने बताया कि गुरुवार सुबह रोज की तरह अपनी दुकान खोलने पहुंचा। दुकान का गल्ला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर कैश और अन्य सामान गायब थे। दुकान के मेन गेट के बगल में थोड़ी सी खाली जगह है। आशंका है कि चोरों ने उसी रास्ते किसी छोटे बच्चे को अंदर भेजा, जिसने भीतर से गल्ला तोड़कर नकदी और सामान बाहर पहुंचा दिया। सूचना मिलने पर अंबा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि अभी लिखित आवेदन नहीं मिला है लेकिन पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि सतबहिनी मंदिर के पास देर रात तक चहल-पहल रहती है। मंदिर की सुरक्षा में जिला पुलिस बल के चार जवान तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद भी मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। अंबा और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और नाराजगी दोनों है। लोगों का कहना है कि अब भीड़भाड़ वाले बाजार भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। करीब दो महीने पहले मुख्य चौक स्थित पूर्व प्रमुख के घर में चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया था। इसके बाद भी पुलिस अभी तक उस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। एक सप्ताह पहले सिंघपुर गांव में चोरों ने एक ही रात चार घरों को निशाना बनाया था। उन घटनाओं की जांच पूरी भी नहीं हो पाई थी कि अंबा बाजार में फिर चोरी हो गई। जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। हाल ही में देव थाना क्षेत्र के बिशनपुर और नगर थाना क्षेत्र के रतनुआ में भी चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

# पुलिस से हाथापाई के आरोप में वाहन मालिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के एनएच-139 स्थित एरका चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस से हाथापाई के आरोप में एक वाहन मालिक को गिरफ्तार किया गया। घटना गुरुवार की अहले सुबह की है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात एएसआई चंदन पासवान को हल्की चोटें आईं। पुलिस के अनुसार हरिहरगंज की ओर से आ रहे एक मालवाहक वाहन की जांच के दौरान वाहन मालिक मनोज मेहता मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का विरोध करने लगा। आरोप है कि उसने एएसआई के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि एएसआई के स्वलिखित आवेदन पर सरकारी कार्य में बाधा, पुलिसकर्मी से मारपीट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं, गिरफ्तार मनोज मेहता के भतीजे विकास कुमार ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

# वज्रपात से महिला की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियावां गांव में गुरुवार की दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान अजय शिकारी की पत्नी संगीता देवी के रूप में की गई है। इस आकस्मिक घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का सन्नाटा पसरा हुआ है और पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार संगीता देवी गुरुवार की दोपहर अपने घर से थोड़ी दूर स्थित खेत में मूंग तोड़ने के लिए गई थीं। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से संगीता देवी नामक महिला की मौत हो गई।

# सब्जी व्यवसायी को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपराधियों ने एक सब्जी व्यवसायी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। घायल की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के बंगाली बिगहा गांव निवासी गोविंद सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह कोइलवां बाजार से सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोइलवां-चनहट मार्ग पर बलखंडी नाथ मंदिर के समीप पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यवसायी को इलाज के लिए हसपुरा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बारिश नहीं होने से धान की रोपनी प्रभावित, किसान चिंतित

**मदनपुर(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इस वर्ष मौसम की दगाबाजी और बेरुखी से जनजीवन प्रभावित है। चिलचिलाती धूप और असहनीय गर्मी से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं किसान चिंतित हैं कि उनकी खतों में धान का फसल कैसे होगा। इस प्रखंड में अब तक एक प्रतिशत भी धान रोपाई नहीं हुई है जबकि आषाढ़ माह में आधा से अधिक धान की रोपाई हो जाना चाहिए था। इस वर्ष बीज की बुनाई बहुत कम किसान किए हैं क्योंकि पानी का अभाव है। बोरिंग मशीन से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। किसान राजेन्द्र ठाकुर, अवधेश पासवान, परमानन्द सिंह, रामजन्म महतो ने बताया कि धान फसल का पैदावार नहीं हुआ तो आदमी को खाने-पीने की समस्या के साथ पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध नहीं हो पायेगा।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT | DY | DEMS | DAYS | DHMS | DNYS
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA | BTMS | BEMS | BAYS | BAcu. | MBAS
MASTER DEGREE COURSE: MD | MD | MD
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्यूप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# टीबी मुक्त भारत अभियान : धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई कड़ी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान निक्षय नामांकन, एक्स-रे जांच, नाट टेस्टिंग, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर तथा निक्षय पोषण योजना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं होने पर जिला पदाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही निक्षय पोषण योजना के लाभार्थियों के भुगतान में शिथिलता बरतने के कारण नबीनगर, गोह, रफीगंज, दाउदनगर एवं सदर प्रखंड के सीनियर टीबी सुपरवाइजर का मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया। समीक्षा में बताया गया कि जिले में 6,43,143 लोगों के निक्षय नामांकन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2,65,733 (41 प्रतिशत) लोगों का नामांकन किया गया है। इस क्रम में हसपुरा (54 प्रतिशत), देव (48 प्रतिशत) एवं दाउदनगर (47 प्रतिशत) का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा, जबकि रफीगंज (34 प्रतिशत) सबसे पीछे रहा। एक्स-रे जांच की समीक्षा में पाया गया कि निक्षय नामांकित 2,65,733 व्यक्तियों में से मात्र 15,478 (6 प्रतिशत) का ही एक्स-रे किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों में एक्स-रे जांच बढ़ाने तथा संभावित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नाट टेस्टिंग में जिले की उपलब्धि संतोषजनक रही। 900 के लक्ष्य के विरुद्ध 872 (97 प्रतिशत) परीक्षण किए गए। इस दौरान रफीगंज (121 प्रतिशत), मदनपुर (105 प्रतिशत), नवीनगर (108 प्रतिशत), दाउदनगर (108 प्रतिशत) तथा डीटीसी औरंगाबाद (101 प्रतिशत) ने लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज की। वहीं गोह (75 प्रतिशत) एवं हसपुरा (67 प्रतिशत) को प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। डिफरेंशिएटेड टीबी केयर की समीक्षा में कुल 1,957 टीबी मरीजों में से 1,304 मरीजों को आवश्यक सेवाएं प्रदान की गई, जबकि 653 मरीजों का बैकलॉग पाया गया। सर्वाधिक बैकलॉग डीटीसी औरंगाबाद (351), रफीगंज (109) तथा दाउदनगर (95) में दर्ज किया गया। इसी प्रकार निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की समीक्षा में वर्ष 2025 से अब तक 3,390 पात्र मरीजों में से केवल 1,502 को लाभ उपलब्ध कराया गया जबकि 1,888 मरीजों का भुगतान लंबित पाया गया। सर्वाधिक लंबित मामले डीटीसी औरंगाबाद (798), दाउदनगर (472) तथा रफीगंज (267) में पाए गए। जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर पात्र मरीजों को समय पर पोषण सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉरपोरेट कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269